CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 06°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 4 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 19 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 2,073 अंक उछला पेज 2



युकी भांबरी एटीपी युगल टॉप -20 में शामिल खेल टाइम्स



इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है 'ओरछा' सम्पादकीय



टैरिफ मामला: अमेरिका-चीन के बीच घिर रहा भारत पेज 12

## धामी सरकार ने किया उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार जुलाई 2026 से मदरसा बोर्ड खत्म करने जा रही है। नई व्यवस्था में उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन कर दिया गया है।

विशेष सचिव डा. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले विधानसभा सत्र में मदरसा बोर्ड खत्म करने की घोषणा करते हुए इस वर्ष जुलाई से सभी अल्पसंख्यक संस्थाओं को उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अंब्रेला के नीचे लाने और उनकी मान्यता उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से किए जाने की बात कही -शेष पृष्ठ दो पर



हमारी सरकार ने राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन का फैसला लिया है, हमारी सरकार ने मदरसा बोर्ड खत्म करने का निर्णय लिया था। अब ये प्राधिकरण तय करेगा कि अल्पसंख्यक बच्चों को कैसी शिक्षा दी जाएगी। ये प्राधिकरण सिलेबस तय करेगा। सभी अल्पसंख्यक संस्थाएं उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से मान्यता लेंगी...

**-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

■ **मदरसा बोर्ड खत्म होने के बाद प्राधिकरण तय करेगा सिलेबस**

## लोकसभा में राहुल के बयान पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

### आसन की ओर कागज फेंकने के मामले में कांग्रेस के आठ सदस्य बजट सत्र से निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को कांग्रेस सदस्य मणिक्कम टैगोर सहित आठ सदस्यों को पीठासीन की अवहेलना करने और आसन की ओर कागज फेंकने के आरोप में बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निर्लंबित कर दिया गया।

इन सदस्यों में श्री टैगोर के अलावा अमरिन्दर सिंह 'राजा वडिंग', गुरदीप सिंह औजला, हिवी ईडेन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत बरोले, एस वेंकटेश और सी. किरन कुमार रेड्डी शामिल हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कथित रूप से बोलने का अवसर न देने के मुद्दे पर कांग्रेस के सदस्यों ने मंगलवार को भी हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के दौरान इन सदस्यों ने आसन के समक्ष पहुंच कर नारेबाजी की और कुछ कागज उछाले। अपराह्न तीन बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई तो पीठासीन दिलीप सैकिया ने कांग्रेस के इन सदस्यों के नाम का उल्लेख किया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने इन सदस्यों को शेष अवधि के लिए निर्लंबित करने का प्रस्ताव किया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।



### देश के हितों के साथ समझौता कर रहे हैं मोदी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि पैसा देकर उनकी जो छवि बनाई गई थी वह टूट रही है इसलिए श्री मोदी ने डर कर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते तथा अन्य मामले में देश के हितों के साथ समझौता कर लिया है।

श्री गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में प्रियंका गांधी और अन्य कांग्रेस सांसदों के साथ मकर द्वार पर पार्टी के आठ सांसदों के लोकसभा से निलंबन और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन करने के बाद कहा कि विपक्ष के नेता को संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है और यह इसलिए हो रहा है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने भारत के हितों के साथ समझौता कर देश को बेच दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युमनाम खेमचंद बनेंगे मणिपुर के मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** मणिपुर में आगामी 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन खत्म होना वाला था। इससे पहले ही एनडीए में सरकार बनाने को लेकर कवायद तेज हो गई थी। इस बीच भाजपा विधायक दल की बैठक में मंगलवार को युमनाम खेमचंद को विधायक दल का नेता चुना गया। इसी के साथ युमनाम खेमचंद के मणिपुर के नए मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने पार्टी के नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुग को मणिपुर में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सेंट्रल आब्जर्वर नियुक्त किया था। भाजपा के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया है कि कुकी-जो समुदाय को संतुष्ट करने के लिए 10 कुकी विधायकों में से एक को डिप्टी सीएम का पद दिया जा सकता है। युमनाम खेमचंद मणिपुर भाजपा के अनुभवी नेताओं में शामिल हैं। 62 वर्षीय युमनाम मौजूदा समय में मणिपुर की राजधानी इंफाल की सिंगजामेई सीट से विधायक हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे से यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में कई जगहों पर घना कोहरा छाए रहने से बड़े स्तर पर यातायात प्रभावित हुआ और ट्रेनों एवं उड़ानों में देरी हुई। दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को उड़ान के समय और जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करने की सलाह दी। हवाई अड्डे ने बताया कि कोहरे की स्थिति के कारण सीएटी-3 स्थितियों में बदलाव के कारण देरी हो सकती है। खास बात यह है कि सीएटी-3 प्रणाली बहुत कम या लगभग शून्य दृश्यता में भी विमानों को उतरने की अनुमति देता है।

### मप्र-यूपी व राजस्थान में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम एकबार फिर बदला है। इसका कारण 2 वेस्टर्न डिस्टर्बेंस हैं। मध्य प्रदेश के 20 जिलों में बारिश का अलर्ट है। राजस्थान के 17 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट है। इसके साथ ही तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा। बिहार के 5 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट है। हिमाचल में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और अन्य जगहों पर बारिश हुई।

## मेटा-व्हाट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें: सुप्रीम कोर्ट

### लक्षित विज्ञापन के लिए यूजर डेटा साझा करने पर कोर्ट का कड़ा रुख, दी चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप और उसकी मूल कंपनी मेटा पर लक्षित विज्ञापन के लिए यूजर डेटा साझा करने को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के कारोबारी हितों के लिए भारतीय नागरिकों के निजता के अधिकार से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने मंगलवार को अंतरिम आदेश पारित करते हुए कहा कि वह भारतीय उपयोगकर्ताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाले किसी भी डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देगी। न्यायालय ने साफ शब्दों में कहा कि भारत में काम कर रहे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के लिए संविधान का पालन अनिवार्य और गैर-परक्राम्य है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि हम डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देंगे। हम भारतीय नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होने देंगे। अगर आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दीजिए। पीठ ने व्हाट्सएप की निजता नीति की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह नीति जानबूझकर इस तरह बनाई गई प्रतीत होती है, जिससे विशेषकर समाज के कमजोर वर्गों को भ्रमित -शेष पृष्ठ दो पर



■ **किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के कारोबारी हितों के लिए निजता के अधिकार से कोई समझौता नहीं किया जा सकता**

### सुप्रीम कोर्ट ने शादी डॉट कॉम से जुड़े आपराधिक मामले को हाईकोर्ट को वापस भेजा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शादी डॉट कॉम के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अनुपम मित्तल की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें वैवाहिक प्लेटफॉर्म के एक उपयोगकर्ता ने बिना सत्यापित प्रमाणपत्रों के प्रोफाइल बनाकर एक महिला को धोखा दिया।

मित्तल ने इस मामले में आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की खंडपीठ ने इस बात पर ध्यान दिया कि मित्तल के खिलाफ कार्यवाही पहले ही स्थगित की गई थी और पीठ के समक्ष मामला अंतिम विचार के लिए लाया गया था। मित्तल की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी ने दलील दी कि शादी डॉट कॉम केवल एक मैचमेकिंग मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है, संभावित व्यक्तियों के बीच प्रारंभिक संपर्क को सुगम बनाता है। इससे आगे इसकी कोई अन्य भूमिका नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि मित्तल को गलत तरीके से आरोपी बनाया गया है, जबकि कंपनी ने जांच एजेंसी के साथ लगातार सहयोग किया है।

## मुंबई में बड़ा विमान हादसा टला, एयर इंडिया व इंडिगो विमानों के पंख टकराए

मुंबई, वार्ता

**मुंबई एयरपोर्ट** पर मंगलवार को बड़ा विमान हादसा टल गया, जब यात्रियों से भरे दो विमानों के बीच जमीन पर टक्कर हो गई। घटना रनवे और टैक्सीवे क्षेत्र में हुई, जहां एक विमान खड़ा था और दूसरा लैंडिंग के बाद आगे बढ़ रहा था। राहत की बात यह रही कि इस टक्कर में कोई यात्री घायल नहीं हुआ और सभी सुरक्षित हैं।

सूत्रों के अनुसार एयर इंडिया की फ्लाइट IX2732 मुंबई से कोयंबटूर जाने के लिए टैक्सीवे पर खड़ी थी। उसी समय इंडिगो की फ्लाइट 6ई 791 हैदराबाद से मुंबई पहुंचने के बाद टैक्सी कर रही थी। इसी दौरान आगे बढ़ते इंडिगो विमान का पंख खड़े एयर इंडिया विमान के पंख से टकरा गया। टक्कर जमीन पर हुई, उड़ान के दौरान नहीं। एयर इंडिया के प्रवक्ता के मुताबिक घटना 3 फरवरी को टेक-ऑफ से पहले इंतजार के दौरान हुई। दोनों विमानों के विंगटिप्स यानी पंख आपस में टकराए। इससे एयर इंडिया के विमान के पंख के किनारे वाले हिस्से को नुकसान पहुंचा। टक्कर हल्की थी, लेकिन सुरक्षा नियमों के तहत इसे गंभीरता से लिया गया है। घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट स्टाफ और सुरक्षा टीम सक्रिय हो गई। प्रभावित विमान को तुरंत ग्राउंडेड कर दिया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से विमान से उतार लिया गया। एयर इंडिया ने यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था शुरू की। दोनों विमानों को तकनीकी जांच के लिए सेवा से बाहर रखा गया है। एयरलाइन की ओर से बताया गया कि घटना की सूचना एविएशन रेगुलेटर को दे दी गई है। तकनीकी टीम दोनों विमानों की विस्तृत जांच कर रही है। किसी यात्री या क्रू मेंबर के घायल होने की खबर नहीं है। आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट आने के बाद तय होगी। एयरपोर्ट संचालन कुछ समय प्रभावित रहा, लेकिन बाद में सामान्य कर दिया गया। इंडिगो एयरलाइंस ने भी हादसे की पुष्टि की है। प्रवक्ता ने कहा कि 3 फरवरी 2026 को हैदराबाद से मुंबई जाने वाली हमारी फ्लाइट 6E 791 के एक एयरक्राफ्ट का विंगटिप, लैंडिंग के बाद टैक्सी करते समय, दूसरी एयरलाइन के एक एयरक्रॉफ्ट से टकरा गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं और पार्किंग के बाद उतर गए।

## उत्तराखंड में रोडवेज बस खाई में गिरी, तीन की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर/ चकराता।** मंगलवार को उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। नेरवा से पौंटा साहिब जा रही हिमाचल रोडवेज की एक बस कालसी क्षेत्र के मीनस मार्ग पर क्वानू के पास अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

इस दर्दनाक हादसे में यासमीन बेगम पत्नी नेक मोहम्मद निवासी क्यारला नेरवा, रिचा पत्नी वीरेंद्र, निवासी बिजमल शिमला व धन बहादुर निवासी क्यारला, नेरवा हिमाचल प्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 33 यात्री घायल हुए हैं। जिसे पुलिस ने ग्राफिक एरा हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। वहीं अन्य घायल यात्रियों को आसपास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब एक छोटे वाहन को बचाने या ओवरटेक करने के प्रयास में बस चालक दिनेश कुमार पुत्र मोहन सिंह निवासी पोपाट शिमला ने नियंत्रण खो दिया। बस सड़क से नीचे लुढ़कते हुए सीधे गहरी खाई में जा समाई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कालसी दीपक धारीवाल और एसडीआरएफ की टीमें तत्काल राहत एवं बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंचीं। वहीं इस हादसे के बाद जिला प्रशासन में भी हलचल मच गई और आनन-फानन में एडीएम केके मिश्रा टीम के साथ घायलों का हाल-चाल पूछने के लिए अस्पताल में पहुंच गए। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के बाद नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। बताया गया है कि बस में कुल 36 यात्री सवार थे।



■ **उत्तराखंड-हिमाचल सीमा पर हुआ बस हादसा, 33 यात्री हुए घायल, एक गंभीर**

## ममता बनर्जी ने दिखाया कांग्रेस को ठेंगा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना से इन्कार कर दिया है।

ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बाकी सभी सियासी दल टीएमसी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। ममता बनर्जी के इस फैसले को कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, भाजपा के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने मिलकर इंडिया ब्लॉक बनाया है। इनमें कांग्रेस के साथ ही टीएमसी भी शामिल है। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने कांग्रेस को सीधे तौर पर सियासी ठेंगा दिखा दिया है। बीते जनवरी महीने में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी (पश्चिम बंगाल) के चेयरमैन बीके हरिप्रसाद ने कहा था कि स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। उन्होंने बताया था कि पार्टी हाईकमान जल्द ही पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेतृत्व के साथ बैठक करेगा ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति को फाइनल किया जा सके। माना जा रहा था कि कांग्रेस को टीएमसी के साथ गठबंधन की उम्मीद थी।



■ **कहा: किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी टीएमसी**

## अगस्ता वेस्टलैंड सेना के लिए फिर हेलीकॉप्टर करेगी सप्लाई

**नई दिल्ली।** इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड क्लीन चिट मिलने के पांच साल बाद फिर भारत के रक्षा क्षेत्र में एंट्री करने जा रही है।

यह वही कंपनी है, जिसका नाम बहुचर्चित वीवीआईपी हेलीकॉप्टर कांड से जुड़ा था। इसने करीब एक दशक तक भारतीय राजनीति को झकझोर दिया था। अगस्ता की पैतृक कंपनी लियोनार्डो के साथ अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की डील को अंतिम रूप दिया जा चुका है। अडाणी ग्रुप के अनुसार इसकी औपचारिक घोषणा मंगलवार को होगी। लियोनार्डो कभी फिनमैकेनिका के नाम से जानी जाती थी। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला 3,600 करोड़ का एक वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला है।

■ **भारतीय अफसरों को 360 करोड़ रिश्वत देने का था आरोप**

## भारत ने टैरिफ में कटौती पूरी तरह से हासिल की: लिंडसे

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी सीनेटर** लिंडसे ग्राहम ने सोमवार को कहा कि भारत ने भारत-अमेरिका के नए व्यापार समझौते के तहत घोषित आयात शुल्क में कटौती पूरी तरह से हासिल की है। उन्होंने इस कटौती को यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस से तेल खरीद को लेकर भारत द्वारा किए गए पुनर्संतुलन से जोड़ा।

यूक्रेन युद्ध 24 फरवरी, 2026 को अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश करेगा। श्री ग्राहम ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रणनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर आर्थिक दबाव काम करता दिख रहा है। उन्होंने भारत के साथ हालिया व्यापार समझौते की ओर इशारा किया, जिसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आपसी आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प, बहुत बढ़िया। मुझे लगता है कि इस युद्ध को खत्म करने के बारे में आपका संदेश - पुतिन के उन ग्राहकों से जो उनकी युद्ध मशीन को मदद देने का काम कर रहे थे उन्हें सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। सीनेटर ग्राहम ने दावा किया कि भारत के आचरण ने आयात शुल्क में कटौती को पूरी तरह जायज ठहराया है।



■ **अमेरिकी सीनेटर ने कटौती को यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस से तेल खरीद को लेकर भारत द्वारा किए गए पुनर्संतुलन से जोड़ा**

### भारत-अमेरिका समझौते से रुपये में जबरदस्त तेजी

**मुंबई।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से मंगलवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये में 121 पैसे की जबरदस्त तेजी देखने को मिली। पिछले कारोबारी दिवस पर 91.4950 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा मंगलवार को 119.50 पैसे की बढ़त के साथ 90.30 रुपये प्रति डॉलर पर खुली और 90.23 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। खबर लिखे जाते समय रुपया 121 पैसे की मजबूती के साथ 90.2850 रुपये प्रति डॉलर पर था।

## संक्षिप्त समाचार

### बुल्डोजर एक्शन पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद उत्तर प्रदेश में बुलडोजर के जरिए तोड़फोड़ जारी रहने की घटना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। घरों और इमारतों को गिराने की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कोर्ट ऐसे कई मामलों का गवाह है, जहां अपराध होने के तुरंत बाद किसी रहने की जगह पर कब्जा करने वाले लोगों को तोड़ने का नोटिस जारी किया जाता है, उसके बाद कानूनी जरूरतों को पूरा करने का दिखावा करके उसे तोड़ दिया जाता है। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डबल बेंच ने फैमुद्दीन और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

### ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोट्र दस को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई 10 फरवरी तक के लिए टाल दी है। ईडी ने अपनी याचिका में पश्चिम बंगाल सरकार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार और अन्य अधिकारियों पर कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पीएसी) के ऑफिस में एजेंसी की तलाशी अभियान में बाधा डालने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विपुल एम-पंचोली की पीठ ने मंगलवार को ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर किए गए काउंटर-शपथ पत्र का जवाब देने के लिए समय मांगने पर सुनवाई को 10 फरवरी तक के लिए टाल दिया।

### अर्थव्यवस्था से समझौता कर बीजेपी ने कितना कमीशन लिया: अखिलेश

# अमेरिकी बाजार खोलना किसानों से धोखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर किसानों के हितों से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि भारत के बाजार को अमेरिकी कृषि उत्पादों और खाद्यान्नों के लिए खोलना देश की खेती-किसानी पर निर्भर लगभग 70 प्रतिशत आबादी के साथ सीधा धोखा है। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की बात करने वाली भाजपा जनता को बताए कि देश की अर्थव्यवस्था से समझौता कर उन्होंने कितना कमीशन लिया है। इस फैसले से केवल किसान ही



**केवल किसान ही नहीं, निम्न मध्यवर्ग और मध्यम वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित होगा, कृषि उत्पादों में मुनाफाखोरी बढ़ेगी तथा बिचौलियों की नई जमात पैदा होगी: सपा**

नहीं, बल्कि निम्न मध्यवर्ग और मध्यम वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित होगा, क्योंकि इससे खाद्यान्न और कृषि उत्पादों में मुनाफाखोरी बढ़ेगी तथा बिचौलियों की नई जमात पैदा होगी, जिससे रोजमर्रा की चीजें और महंगी होंगी। उन्होंने आशंका जताई कि विदेशी कंपनियों के प्रवेश से धीरे-धीरे किसानों की आय घटेगी और वे मजबूर होकर अपनी जमीन बड़े पूंजीपतियों व कारपोरेट घरानों को बेचने पर विवश होंगे। यह उसी किसान-विरोधी सोच की उपज है जिसने भू-अधिग्रहण जैसे कानून लाए और खाद के लिए किसानों को लाइन में लगाकर अपमानित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले बीज कंपनियों से, फिर पेस्टीसाइड कंपनियों से, साइलो निर्माण, फसल बीमा, न्यूनतम कीमत तय करने और फसल खरीद-फरोख्त तक हर स्तर पर कमीशनखोरी की जाएगी।

### फॉर्म-7 के जरिए 'एक करोड़ से ज्यादा वोट काटने' की साजिश में भाजपा : सपा

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर प्रक्रिया के तहत फॉर्म-7 को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी फर्जी प्रिटेड फॉर्म के जरिए फर्जी शिकायत के आधार पर बड़े पैमाने पर पीडीए, खासकर मुस्लिम मतदाताओं के नाम कटवाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा-वार पेन ड्राइव में एक्सेल शीट के माध्यम से सूची भेजी गई हैं और करीब एक करोड़ 99 हजार 710 वोट हटाने की साजशि चल रही है। मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में वोट सबसे बड़ा हथियार होता है, इसलिए भारत निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि फॉर्म-7 को लेकर पूरे प्रदेश से शिकायतें मिल रही हैं। इसी वजह से उन्हें लोकसभा छोड़कर लखनऊ आकर मीडिया से बात करनी पड़ी।यदि चुनाव आयोग इसमें असफल रहता है तो भाजपा का झंडा अपनी बिल्डिंग पर लगा ले। अखिलेश यादव ने बड़े संख्या में भरे गए फॉर्म-7 को दिखाते हुए कहा कि इस धांधली को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग को डाउनलोडेड फॉर्म के सत्यापन की व्यवस्था करनी चाहिए। हर कागजी फार्म पर निर्वाचन आयोग के होलोग्राम हो।

## केंद्र भारत-यूएस समझौते की संसद में दें जानकारी

### बसपा प्रमुख मायावती ने किया आग्रह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भारत और अमेरिका के बीच हुए समझौतों के बाद अमेरिका द्वारा 18 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने को लेकर कहा कि इस फैसले का वास्तविक असर जमीन पर लागू होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, पर्याप्त जानकारी के अभाव में जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने आशंका जताई कि इस तरह के कदमों का प्रभाव देश के बहुजन, गरीबों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जानना जरूरी है कि ऐसे अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक



निर्णयों से आम जनता को क्या लाभ या नुकसान होगा। मायावती ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर संसद सत्र के दौरान विस्तृत जानकारी दी जाए, ताकि देशवासियों को सही-सही तथ्य मिल सकें और पारदर्शिता बनी रहे। उनका कहना था कि सरकार द्वारा समय रहते स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करने से भ्रम की स्थिति समाप्त होगी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा संभव हो सकेगी।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में उसके साथ व्यापार समझौता किया है, जिससे देश की स्थिति कमजोर हुई है।

श्री रमेश ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते का पूरा ब्यौरा संसद में रखा जाना चाहिए और इसपर विस्तृत चर्चा करवाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमे. रिकी कृषि मंत्री ने भारत द्वारा कृषि आयात उदारीकरण का दावा किया है। इससे लगता है कि यह समझौता अमेरिका के दबाव में किया गया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान और उसके फील्ड मार्शल असीम मुनीर को खुलकर समर्थन करने का उल्लेख किया।

## पुलिस गोली न चलाए, तो क्या गोली खाए: योगी

### एनकाउंटर पर सवाल वालों को जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी पुलिस पर अपराधियों के खिलाफ पुलिस की मुठभेड़ की कार्रवाई को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। अब इन सवालों का सीएम योगी जवाब दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी में अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति को फिर से स्पष्ट किया है।

सीएम योगी ने कहा कि अपरा. धियों के खिलाफ हमारी जो जीरो टॉलरेंस वाली नीति है, उससे समझौता नहीं किया जाएगा। लोग सवाल उठाते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मारी? तो क्या पुलिस गोली न मारे तो क्या गोली खाए। उन्होंने आगे कहा कि जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने तय किया है कि कानून सबके लिए बराबर हो, यहां



कोई अपना-पराया नहीं है। गलत करने वालों पर वही कठोर कानून लागू होगा, जो माफियाओं पर लागू होता है, हमारा प्रयास रहा है कि जो भी कार्रवाई हो कानून के दायरे में रहकर हो, लेकिन अगर अपराधी कानून से भयभीत नहीं है, तो उसे उसी की भाषा में समझाना जरूरी हो जाता है, जो भाषा उसे समझ जाती है। सीएम योगी ने कहा कि अगर अपराधी के पास गोली चलाने की स्वतंत्रता है,तो पुलिस के पास भी पिस्तौल है, उसे यह पिस्तौल इसलिए दिया गया है कि वह अपरा. धियों का डटकर मुकाबला करे। अपराधी जिस भी भाषा में समझता है, उसे उसी भाषा में जबाव दे सके।

## यूपी के दस जिलों में गिरे ओले 26 जिलों में बारिश का अलर्ट

शााह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मंगलवार तड़के कानपुर, औरैया, जालौन समेत करीब 10 जिलों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई।

उन्नाव, चित्रकूट और इटावा में करीब आधे घंटे तक ओलावृष्टि हुई, जिससे सड़कों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। बेमौसम बारिश और ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं और किसानों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। अचानक बदले मौसम के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लोग घरों में दुबके रहे, जबकि जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोगों को छाता और रेनकोट का सहारा लेना पड़ा। वहीं, लखनऊ, अलीगढ़, मैनपुरी, बुलंदशहर समेत लगभग



**बदला मौसम, कई जिलों में दृश्यता शून्य**

20 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। बर्फीली हवाओं के कारण ठंड एक बार फिर बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान गिरकर 6.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कई इलाकों में दृश्यता शून्य के करीब दर्ज की गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि प्रदेश के 26 जिलों में बारिश और 29 जिलों में भीषण घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। ऐसे में रात और सुबह की ठंड अभी और परेशान करेगी।

### भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता दोनों के हक में: वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को दोनों देशों के हक में बताते हुए कहा है कि दोनों देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन सहयोग करने की स्थिति में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच सोमवार को हुई टेलीफोन वार्ता के बाद श्री वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए लाभकारी है। इस समझौते से दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को व्यापक लाभ होगा।ष्उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। वैष्णव ने कहा कि दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं जिनसे विश्व को लाभ होगा।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

सेंसेक्स 85871.73 | निफ्टी 25727.55



सोना रु. 191945 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 264559 प्रति किलो



## अमेरिका से व्यापार समझौते से झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स उछला

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 2,072. 67 अंक (2.54 प्रतिशत) चढ़कर 83,739.13 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स 3,656.74 अंक की तेजी में 85,323.20 अंक पर खुला और कुछ ही देर में 4,205 अंक चढ़कर 85,871.73 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 639.15 अंक यानी 2.55 प्रतिशत चढ़कर 25,727.55 अंक पर बंद हुआ। सुबह के समय यह ऊपर 26,341.20 अंक तक चढ़ा



था। दोनों सूचकांकों का यह तीन सप्ताह का उच्चतम स्तर है। चौतरफा लिवाली के बीच सभी सूचकांकों में अच्छी मजबूती देखी गई। मझौली कंपनियों वाले निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 2.80 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 2.82 प्रतिशत की तेजी रही। रुपये में रहे उछाल से भी शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई। भारतीय मुद्रा फिलहाल 121.75 पैसे चढ़कर 90.2775 रुपये प्रति डॉलर पर है। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, वित्त, रियलटी, स्वास्थ्य और रसायन समेत सभी सेक्टरों के सूचकांकों में बड़ी तेजी देखी गई। भ्समझौते के साथ अच्छे तिमाही परिणाम आने से अडानी पोर्ट्स का शेयर नौ प्रतिशत से ज्यादा उछल गया। बजाज फाइनेंस में साढ़े छह प्रतिशत और इंडिगो में साढ़े पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। पावरग्रिड, सनफार्मा और बजाज फिनसर्व में चार से पांच प्रतिशत के बीच तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिद्रा, टीसीएस, भारती एयरटेल, इंफोसिस और एशियन पेंट्स में एक से दो प्रतिशत के बीच तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में गिरावट रही।

### गिरावट के बाद सोना और चांदी ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के दाम में पिछले 5 दिनों से रिकॉर्ड गिरावट के बाद मंगलवार को उछाल देखा गयाा है। दोपहर बाद करीब 4 बजे मार्च डिलीवरी वाली चांदी 28,298 रुपये बढ़कर 2,64,559 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई। इससे पहले शाम तीन बजे चांदी की कीमत 29,621 रुपये बढ़कर 2,65,882 रुपये प्रति किलो पर थी। दूसरी ओर अप्रैल डिलीवरी वाले सोने का भाव 7,954 रुपये तक चढ़कर 1,51,945 रुपये 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। यहां 22 कैरेट की कीमत 1.42 लाख के पार निकल गई है, चांदी ने 3 लाख प्रति किलो का बड़ा आंकड़ा छू लिया है। यहां 22 कैरेट सोने का भाव 1,42,700 प्रति 10 ग्राम और चांदी 300000 प्रति किलो बिकी।

## चावल, चीनी और दालें रहीं महंगी, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालें और चीनी भी महंगी हुई जबकि गेहूं के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर रहे। वहीं, खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,859 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा भी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 21 रुपये और उड़द दाल 10 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल सात रुपये और चना दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 16 रिंगिट टूटकर 4,213 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 2.48 प्रतिशत की तेजी में 54.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। पाम ऑयल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 18 रुपये बढ़े। मूंगफली तेल में 16 रुपये और वनस्पति में 13 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सरसों तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। चीनी की कीमत भी सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई।

दाल.दलहन: दाल चना 7808.23 रुपये, मसूर काली 8128.18 रुपये, मूंग दाल 10128.18 रुपये, उड़द दाल 10563.94 रुपये, तुअर दाल 10922.82 रुपये प्रति क्विंटल । अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटल ऋ गेहूं दड़ा 2859.30 रुपये और चावल 3850.71 रुपये प्रति क्विंटल । आटा द्धगेहूंऋ 3309. 74 रुपये प्रति क्विंटल । चीनी.गुड़ : चीनी एस 4294.38 रुपये और गुड़ 4998.85 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17640.61 रुपये, मूंगफली तेल 18072.53 रुपये, सूरजमुखी तेल 16292.58 रुपये, सोया तेल 13948.40 रुपये, पाम ऑयल 12618.52 रुपये और वनस्पति 14544.95 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धामी सरकार...**

थी। डा. पराग ने बताया कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार उक्त बोर्ड में प्रोफेसर विद्वान को मनोनीत किया गया है जोकि अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम निर्धारित करेगी। इसमें सभी अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षाविदों को शामिल किया गया है। डा. पराग ने बताया कि इसमें डा.सुरजीत सिंह गांधी को अध्यक्ष, प्रोफेसर राकेश जैन, डा. सैयद अली हमीद, प्रो. पेमा तेनजिन , डा. एल्बा मेड्रिले, प्रोफेसर रो. बिना अमन,प्रो. गुरमीत सिंह को सदस्य बनाया गया है। साथ ही समाज सेवी राज. ेंद्र बिष्ट और सेवानिवृत अधिकारी चंद्रशेखर भट्ट भी सदस्य होंगे। निदेशक महाविद्यालय शिक्षा, निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण भी सदस्य सूची में रहेंगे।

**मेटा-व्हाट्सएप...**

किया जा सके। न्यायालय ने कहा कि एक बुजुर्ग महिला, सड़क किनारे सामान बेचने वाला व्यक्ति, केवल तमिल जैसी किसी क्षेत्रीय भाषा को समझने वाला नागरिक या ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्ति से इस तरह की जटिल शर्तों के निहितार्थ को समझने की अपेक्षा नहीं की जा सकती। सूचित सहमति के महत्व पर जोर देते हुए न्यायालय ने कहा कि नागरिकों के निजता अधिकारों में किसी भी प्रकार की कटौती अस्वीकार्य है। पीठ ने व्हाट्सएप की डेटा साझा करने की प्रक्रिया की तुलना चोरी करने के एक सभ्य तरीके से करते हुए मामले की गंभीरता का उल्लेख किया। सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश के खिलाफ व्हाट्सएप की अपील पर सुनवाई कर रहा था। पीठ ने संकेत दिया कि वह इस अपील पर तभी विचार करेगी, जब व्हाट्सएप स्पष्ट और बिना शर्त यह लिखित आश्वासन देगा कि वह विज्ञापन या किसी अन्य व्यावसायिक उद्देश्य से यूजर्स का डेटा मेटा के साथ साझा नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने दो. हराया, किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के व्यापारिक हितों के लिए नागरिकों की निजता से समझौता नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने इस मामले में 10 फरवरी को अगले आदेश पारित करने की बात कही है।

## यूपी में 4,000 मदरसों को कथित विदेशी फंडिंग की जांच अंतिम चरण में

शााह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में करीब 4,000 मदरसों को कथित तौर पर विदेशी फंडिंग मिलने के मामले की जांच अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। अधिकारियों के मुताबिक जांच एजेंसियां रिपोर्ट को अंतिम रूप दे रही हैं, जिसे जल्द ही राज्य सरकार को सौंपा जाएगा।

दूसरी तरफ जांच के आगे बढ़ने के साथ ही मुस्लिम धर्मगुरुओं ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा है कि अवैध फंडिंग की जांच सभी शैक्षणिक संस्थानों में समान रूप से होनी चाहिए, न कि सिर्फ मदरसों तक सीमित रहे। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में एक से अधिक जांच चल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच टीम द्धएसआईटी ऋ जिसकी अगुवाई एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड के पुलिस महानिरीक्षक

**सभी संस्थानों की जांच होनी चाहिए: धर्मगुरु**

कर रहे हैं, जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले नौ जनवरी को यूपी अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय ने सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को पत्र भेजकर जांच से संबंधित दिशा-निर्देश दिए थे। पत्र में कहा गया था कि मामले की जांच यूपी एटीएस कर रही है और सभी मदरसों के बैंक खातों, लेन-देन और फंडिग क्घ्ोतों का सत्यापन कर दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए थे। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया था कि कई स्थानों पर बड़े-बड़े मदरसे बनाए गए हैं, जिनके आय क्घ्ोत और वित्तीय विवरण स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे मदरसों के विदेशी फंडिंग से जुड़े होने की आशंका जताई गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि वे अपने-अपने जिलों में संचालित मदरसों को मिलने वाली सभी प्रकार की फंडिग का ब्योरा उपलब्ध कराएं। इस बीच धर्मगुरुओं ने जांच के दायरे को लेकर आपत्ति जताई है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि मदरसों और स्कूलों के लिए समान कानून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश मदरसे दान के सहारे चलते हैं, जहां लोग शिक्षकों के वेतन और छात्रों के भोजन के लिए छोटी-छोटी रकम देते हैं। कई मदरसे मुफ्त शिक्षा देकर देश की साक्षरता दर बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं, हालांकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि का कोई स्थान नहीं है। वहीं, संगठन के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि विदेशी या अवैध फंडिंग की जांच पूरी तरह जायज है, लेकिन यह सिर्फ मदरसों तक सीमित न रहकर अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक भी होनी चाहिए।

## टैरिफ में कटौती से सहारनपुर काष्ठ उद्योग में जश्न, जताया आभार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने के निर्णय को यहां के काष्ठ कला उद्योग के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

फैसले के बाद सहारनपुर के काष्ठ कला कारोबारियों और कारीगरों ने दीपावली जैसा उत्सव मनाते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। करीब सात से आठ हजार करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार वाले सहारनपुर के विश्वविख्यात काष्ठ हस्तशिल्प उद्योग पर पिछले आठ-नौ महीनों से संकट के बादल मंडरा रहे थे। अमेरिका द्वारा टैरिफ 50 प्रतिशत किए जाने के बाद निर्यात बुरी तरह प्रभावित हुआ और कई निर्यातक आर्थिक दबाव में आ गए। उद्यमियों का कहना है कि अमे. रिका भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों का सबसे बड़ा खरीदार है और उसकी मांग में गिरावट का सीधा असर स्थानीय उद्योग पर पड़ा। सहारनपुर की प्रमुख निर्यातक फर्मों के प्रतिनिधियों ने कहा कि टैरिफ में कटौती से कारोबार को नई गति मिलेगी और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा की स्थिति मजबूत होगी। उनका मानना है कि अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों में सुधार से यूरोपीय बाजार में भी दबाव कम होगा। कारीगरों ने इसे उद्योग के पुनर्जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में निर्यात फिर से रफ्तार पकड़ेगा और रोजगार मिलेगा।

# दवाई लेकर घर जा रही किशोरी की मौत

## गाय को बचाने के चक्कर में पलटी ई-रिक्शा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना से किसी चिकित्सक के यहां से दवाईयां लेकर अपनी मां के साथ ई-रिक्शा में बैठकर अपने घर पर लौट रही एक किशोरी की आवारा गाय को बचाने के चक्कर में पलटी ई-रिक्शा से गिरकर दर्दनाक मौत हो गयी जबकि ई-रिक्शा के चालक और उसकी मां घायल हो गयी। इस दौरान लंबा जाम लगा तो सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने मृतका किशोरी के शव को सीएचसी बुढ़ाना में भिजवाकर पीएम के लिए मुजफ्फरनगर भेजना चाहा लेकिन अस्पताल में पहुंचे परिजनों ने किशोरी का पोस्टमार्टम कराने से साफ इंकार कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी इकबाल राणा की पत्नि रुखसाना मंगलवार की दोपहर अपनी लगभग 14 वर्षीया बीमार पुत्री बागेजहां उर्फ छोटी को गांव जौला के ही शौकीन अहमद के ई-रिक्शा में लेकर बुढ़ाना किसी चिकित्सक के यहां पर दवाई लेने गयी हुई थी। जब वह दवाई लेकर ई-रिक्शा में बैठकर घर लौट रही थी तो कांधला रोड पर गढ़ी सखावतपुर के पास स्थित मेपल्स एकेडमी के पास अचानक से चलते ई-रिक्शा के आगे खेत से निकलकर एक नील गाय आ गयी। जिसको बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें तीनों सवार घायल हो गये। आते जाते लोगों ने घटना की सूचना कुछ ही दूरी पर स्थित गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी तो बुढाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पहुंचाकर मौके पर जमी भीड़ को हटाया। उधर मामूली रुप से घायल ई-रिक्शा चालक ने बुढाना पुलिस को घटना के बारे में बताकर घायल महिला के परिजनों को घटना की सूचना फोन पर दी तो परिजन रोते बिलखते सीएचसी पहुंचे। जहां पर पुलिस ने सभी को सांत्वना देकर चुप किया। उधर चिकित्सकों ने 14 वर्षीया बागेजहां को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन परिजनों ने किशोरी का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है।

# प्राथमिक विद्यालय परिसर में बीएलओ ने खाया जहर

## स्थानीय अस्पताल से मेरठ रैफर, जेब से मिले पत्र पर तीन लोगों पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप

■ **जिलाधिकारी, एसडीएम और पुलिस ने जाना शिक्षामित्र का हाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसआईआर प्रक्रिया में लगाए गए बीएलओ द्वारा घातक कदम उठाए जाने के मामले आए दिन देखने व सुनने को मिल रहे है। कई जनपदों में तो बीएलओ मौत की नींद भी सो चुके है और यह भी कई जनपदों में सुनने को मिल चुका है कि कामकाज के बौझ से परेशान कुछ बीएलओ इस्तिफा भी दे चुके है इसी के चलते एक ताजा मामला जनपद मुजफ्फरनगर के थाना शाहपुर में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

शाहपुर के गांव किनौनी में बीएलओ ने भी जहर का सेवन कर लिया जिससे उनकी हालत गंभीर बनी हुई है यहां भी हालात कुछ भी रही हो, लेकिन बीएलओ द्वारा उठाए गए इस कदम से विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। जहर के सेवन से जनपद मुजफ्फरनगर से मेरठ भर्ती हुए बीएलओ की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है जिसको लेकर परिवार में दुख की लहर दौडी हुई है। यह भी चर्चा है कि बीएलओ की जेब से एक पत्र मिला है जिसमें उन्होने कुछ लोगों पर मानसिक उत्पीडन का आरोप लगाया है।

वैसे तो सरकार के कितने भी कानून आए हो, लेकिन संबंधित विभाग ने उन्हे बखूबी निभाया और जो भी प्रक्रिया हुई उसको पूर्ण किया गया, लेकिन एसआईआर लागु होने के बाद बीएलओ मानसिक रूप से परेशान दिखाई पड़े। ऐसा आए दिन समाचार पत्रों में भी देखने को मिला। कहीं बीएलओ ने नौकरी से इस्तिफा दिया तो कई बीएलओ ने मौत को गले लगाया। इसके पीछे क्या कारण रहा यह भी पुलिस प्रशासन के संज्ञान में है। एक मामला शाहपुर क्षेत्र के गावं किनौनी में देखने को मिला जहां प्राथमिक विद्यालय परिसर में बीएलओ द्वारा जहर खाने का मामला सामने आया है। शिक्षा मित्र अनुजवीर बीएलओ के रूप में कार्यरत है। बताया जाता है कि ड्यूटी के दौरान उनकी हालत अचानक ही बिगड गई। इस समय यहां विद्यालय के शिक्षक व अन्य स्टाफ भी मौजूद था। शिक्षा मित्र की अचानक हालत बिगडने पर विद्यालय परिसर में हडकंप मच गया। स्टाफ ने तुरंत ही उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। इस समय विद्यालय का स्टाफ व ग्रामीण भी मौजूद थे, लेकिन शिक्षा मित्र की हालत बिगडती गई जहां डॉक्टरो ने उन्हे मेरठ ले जाने की सलाह दी। शिक्षा मित्र को भर्ती हुए कई घंटे बीत चुके है, लेकिन अभी उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों में चर्चा है कि शिक्षामित्र की जेब से पत्र बरामद हुआ है जिसमें उन्होने कुछ लोगों पर मानसिक उतपीडन का आरोप लगाते हुए इसी से परेशान होकर यह कदम उठाने की बात कही है। इस मामले में तीन लोगों पर आरोप है। बताया जाता है कि शिक्षा मित्र अनुजवीर तीन भाई है और वह शिक्षा मित्र होने के अलावा खेती की देखभाल भी करते है। जैसे ही यह खबर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को लगी तो जिलाधिकारी, एसडीएम और पुलिस ने मेरठ में सम्पर्क कर शिक्षा मित्र का हाल जाना है।



जीआईसी कॉलेज में बोर्ड परीक्षा से पूर्व उत्तर पुस्तिकाओं की गिनती करते अध्यापक।

# पालिका सफाई कर्मचारी संघ ने चुनाव कराने को किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वेतन संकट से जूझ रहे सफाई कर्मचारी संघ के बैनर पर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों ने कहा कि समय पर वेतन का भुगतान न होने से सैकड़ों कर्मचारी और उनके परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे सफाईकर्मचारियों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। वाल्मीकि समाज के नेता राजकुमार बेनीवाल, अजीत कुमार, दीपक बेनीवाल, राजेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, नितिन कुमार और अमित कुमार ने कहा कि संघ का कार्यकाल समाप्त हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा अब तक नए चुनावों की घोषणा नहीं की गई है। इसके चलते कर्मचारियों की को उठाने और प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने वाला कोई संगठित मंच मौजूद नहीं है। अन्य लंबित समस्याओं का समाधान हो सके, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। संवैधानिक दृष्टि से भी गंभीर विषय माना जा रहा है। सफाई कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्राथमिकता के आधार पर उनके रुके हुए वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए तथा सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव शीघ्र आयोजित किए जाएं। उन्होंने बताया कि पूर्व में संघ के माध्यम से वेतन भुगतान, एरियर, अवकाश एवं अन्य सुविधाओं से जुड़े मामलों का समाधान समय पर हो जाया करता था, लेकिन वर्तमान में संघ के निष्क्रिय होने से वेतन संबंधी शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। कर्मचारियों ने बताया कि विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा कई बार नगर पालिका प्रशासन और अधिशासी अधिकारी से संघ चुनाव कराए जाने की।



मुजफ्फरनगर: वेतन दिलाने व चुनाव कराने की मांग करते सफाई कर्मचारी संघ नेता।

# जंगल में वृद्ध महिला से छेड़छाड़, ग्रामीणों ने आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम मथुरा के जंगल में एक शर्मनाक और निंदनीय घटना सामने आई है। जंगल में अकेली जा रही एक वृद्ध महिला के साथ एक युवक द्वारा अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की गई। जैसे ही महिला ने साहस दिखाते हुए शोर मचाया, आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और आरोपी युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया।

ग्रामीणों के हत्थे चढ़ते ही छेड़छाड़ का आरोपी युवक हाथ जोड़कर माफी मांगता नजर आया, लेकिन ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची 112 पीवीआर पुलिस ने युवक से पूछताछ शुरू की और महिला के बयानों पर कार्यवाही शुरू कर दी। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आरोपी को नहीं पकड़ा जाता तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। यह घटना एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां जंगल और सुनसान रास्तों पर महिलाओं का आना-जाना मजबूरी होता है।

# डीएम ने वार्ड 55 व 27 की सड़कों का किया निरीक्षण

## मिली अनियमितता, ठेकेदार का भुगतान रोकने और ब्लैक लिस्ट करने के दिए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने नगरपालिका के वार्ड नं0-55 व 27 खालापार स्थित फक्कर शाह चौक से ए.के. सैनेट्री स्टोर तक 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत निर्माण करायी गयी 247 मीटर सी.सी. सडक का निरीक्षण किया गया।

उक्त 247 मीटर सी.सी. सडक का निर्माण 06 माह पूर्व हुआ था, परन्तु उक्त सडक के बीच में दरार आने के कारण सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा तारकोल से उक्त दरार को भरवाकर सडक की मरम्मत करा दी गयी। जिस कारण जिलाधिकारी ने सम्बन्धित ठेकेदार को मौके पर फटकार लगायी गयी तथा अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर को सम्बन्धित ठेकेदार का भुगतान रोकते हुए उक्त फर्म/ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए ब्लैक लिस्ट करने हेतु आदेशित किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर एवं सहायक अभियन्ता (निर्माण) एवं सम्बन्धित ठेकेदार मै. धीरज पाल सिहं, कोन्ट्रैक्टर मौजूद रहे।





# किशोरी से छेड़खानी में आरोपी को तीन वर्ष की कैद

**मुजफ्फरनगर।** छेड़खानी का आरोप सिद्ध होने पर कोर्ट ने आरोपी को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने किशोरी छेडखानी मामले में आरोपी पर बीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार भोपा थाने में सचिन पुत्र कन्हैया के विरूद्ध किशोरी के साथ छेडखानी का मामला दर्ज कराया गया था। संबंधित थाने की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और जांच पूर्ण कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। यह मामला पोस्को कोर्ट द्वितीय के यहां विचाराधीन था और इस केस की सुनवाइ न्यायाधीश द्विव्या भारगाव ने की।

# तस्मिया स्कूल के वार्षिक समारोह में बांटे गए पुरस्कार

■ **नियमित उपस्थिति के लिए जावेद मज़हर व चांद मियां भी सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** तस्मिया जूनियर हाई स्कूल, का 34वाँ वार्षिक समारोह उत्साहपूर्ण मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर अख्तरुलवासे ने आर्ट एंड क्राफ्ट एवं साइंस प्रदर्शनी के उद्घाटन से किया।

कार्यक्रम का संचालन रेशमा तबस्सुम ने किया। कुरआन की तिलावत से कार्यक्रम का आगाज हुआ। विद्यालय की पत्रिका 'नूर' का विमोचन किया गया। इसके बाद विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट कार्यवाहक प्रधानाचार्य जावेद मज़हर ने पेश की जिसमें शैक्षिक प्रगति, अनुशासन और नैतिक शिक्षा पर प्रकाश डाला गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जिनकी निज़ामत शिक्षिका खुश्नसीब, द्वारा की गई। पुरस्कार वितरण समारोह में टॉपर विद्यार्थियों को एक हज़ार रुपए का चेक, स्मृति-चिह्न व प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यहां पूरे वर्ष नियमित उपस्थिति के लिए जावेद मज़हर एवं चाँद मियाँ को भी एक हज़ार रुपए का चेक और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 5 के छात्र सैफुल्लाह को राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने पर, पूर्व छात्र सैफुल्लाह को राज्य स्तरीय शूटिंग में चयन पर, मोहम्मद सुहैल व मिर्ज़ा अज़मत बेग को एक घंटे में एक हज़ार ईंटें बनाने वाली मशीन का आविष्कार करने पर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर सैयद ऐजाज़ अहमद, मैनेजर, को विद्यालय को स्वच्छ एवं हरित विद्यालय श्रेणी में 3-स्टार रेटिंग मिलने पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अख्तरुलवासे, डॉ. एस. फारूक ने कहा कि आज के समय में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनके साथ-साथ नैतिकता, ईमानदारी और अच्छे व्यवहार को अपनाना भी उतना ही जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सैयद ऐजाज़ अहमद की अथक मेहनत तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, एलुमनी छात्र, गणमान्य लोगों सहित, अभिभावक मौजूद रहे।

# रेलवे पुल पर किशोर कर रहे हैं जानलेवा स्टंट

## दधेडू और मिमलाना गांव के बीच रेलवे फ्रंट बना है रीलबाजी का अड्डा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रील बनाने की यह कैसी सनक, जो छोटी उम्र के साथ समझदार लोग और कहीं-कहीं तो महिलाएं भी अपनी जान जोखिम में डाल रही है? अब तक कई दर्जन मामले ऐसे भी सामने आ चुके है जहां ट्रेन के आगे कूदकर तो किसी ने नहर में छलांग लगाकर अपनी जान गवां दी। रील बनाने वाले स्टंटबाजी से भी बाज नहीं आ रहे है। हाल में कुछ युवकों ने चरथावल क्षेत्र में स्थित रेलवे लाइन को रील बनाने का अड्डा बना लिया है। जिससे आए दिन किशोर और युवक रील बाजी के चक्कर में अपनी जान जोखिम में डाल रहे है। इससे रेलवे सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे है। रील बनाने का यह प्वाइंट दधेडू और मिमलाना गांव के बीच स्थित कोलकाता, अमृतसर रेलवे फ्रंट कोडिडोर लाइन का पुल इन दिनों पूरी चर्चाओं में है। जैसा कि ग्रामीणों में चर्चा है कि यहां लगभग रोजाना दस-बीस किशोर और युवक रेलवे पुल पर चढ़कर खतरनाक स्टंट करते हुए नजर आ सकते है। यह पुल बाइपास मार्ग पर स्थित है जहां तेज गति से ट्रेने लगातार गुजरती है, इसके बावुजूद भी जान जोखिम में डालकर किशोर सोशल मीडिया के लिए रील बना रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद भी रेलवे इस ओर गंभीर नहीं है और न ही सुरक्षाकर्मियों को यहां देखा गया। कोई चेतावनी बोर्ड भी यहां पर नहीं लगाया गया और अब प्रशासन से ग्रामीणों ने स्टंटबाजी रोकने की मांग की है।







# उपमंडी न बनाने पर हाईकोर्ट ने परिषद को लगाई कड़ी फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** यहां उप मण्डी बनाने से इन्कार करने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मण्डी परिषद को कड़ी फटकार लगाई है। बीते वर्ष 1977 में बुढाना में उप मण्डी एवं शाहपुर में मण्डी निर्माण के लिए गजट व अधिसूचना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई थी। इस मामले में नया मोड तब आ गया जब अधिवक्ता उत्थान समिति बुढाना के अध्यक्ष एहतेशाम सिद्दीकी एडवोकेट द्वारा 2 वर्ष पूर्व उच्य न्यायालय इलाहाबाद में योजित जनहित याचिका में परिषद द्वारा बीती 29 जनवरी में मण्डी परिषद द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें कहा गया कि बुढाना में उप मण्डी बनाने के लिए कोई उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिसको देखते हुए 1977 में पास की गई उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना से बुढाना के उपमण्डी निर्माण को गैर अधिसूचित करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी बैठक मार्च के महीने में की जाएगी। जिससे बुढाना में उपमण्डी निर्माण नही करने का रास्ता साफ हो सके। उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश में कहा गया कि मण्डी परिषद द्वारा जो रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है वह बुढाना उपमण्डी को अस्वीकार करने के लिए तै"यार की गई है। न्यायालय द्वारा कहा गया किसी भूमि को शहर से दूर तथा किसी भूमि को घनी आबादी के निकट बताकर अस्वीकार किया गया है। जो कि मण्डी परिषद की मानसिकता को दर्शाता है। मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपने आदेश में यह भी कहा गया कि बुढाना में उपमण्डी निर्माण की अधिसूचना उन्नीस सौ सत्तर में पास की गई थी और तब से ही अस्तित्व में चली आ रही है परन्तु अड़्तालीस वर्ष बीतने के पश्चात भी बुढाना में उपमण्डी बनाने के लिए मण्डी परिषद द्वारा कोई प्रयास नही किया गया है। अब जब इस न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है। जब से बुढाना में उपमण्डी बनाने के लिए ईमानदारी से प्रयास करने के बजाए उसे निरस्त करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश में कहा गया कि मण्डी परिषद के आचरण की सराहना नहीं की जा सकती तथा निर्देश दिया गया कि मण्डी परिषद अपने आचरण की समीक्षा करे। उम्मीद है कि उच्च न्यायालय के इस आदेश के बाद बुढाना में उपमण्डी बनने का रास्ता साफ हो जाए। एहतशाम सिद्दीकी एडवोकेट ने कहा कि बुढाना क्षेत्र को भी विकास की दरकार है तथा इसी को लेकर बुढाना में उपमण्डी बनवाने के लिए संघर्ष जारी है और उपमण्डी बनने तक संघर्ष जारी रहेगा।

# सरवट फाटक पर कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

■ **मंगलवार को फाटक पर लगा जाम, बीचो-बीच अटकी ई-रिक्शा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सरवट फाटक पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है? हालांकि गेट मैन को फाटक बंद करने के लिए कई-कई बार प्रयास करने पडते है, लेकिन इस क्षेत्र की बढ़ती भीड और वाहनों की बढ़ती संख्या और उसके ऊपर जल्दबाजी कभी भी बड़ा हादसे को दावत दे सकती है। इस मार्ग से भोपा रोड, गांधी कॉलौनी और उधर सुभाष नगर, नसीरपुर रोड सहित कई मौहल्ले की भीड़ मदनी चौक से होकर गुजरती है। इस मार्ग पर 24 घंटे वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण काफी-काफी देर तक गेट मैन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार देखने को मिला कि ट्रेन नजदीक आने पर भी फाटक पूर्ण तरीके से बंद नहीं हो पाता, क्योकि आगे निकलने की हौड में वाहन बीच में फसकर रह जाते है। मंगलवार को भी एक ऐसा ही मामला देखने को मिला जहां ट्रेन आने के समय जब गेटमैन ने फाटक बंद करने का प्रयास किया तो बीच में ही ई-रिक्शा अटक गई। इस ट्रेन को नजदीक आता देखकर बहुत लोगों की सांसे अटक गई। कुछ लोग तो दूर-दूर जाकर खडे हो गए। बड़ी मुश्किल से ट्रेन को पास कराया गया। यह कुछ लोगों की समझ और गेटमैन की समझ से हो सका। कुल मिलाकर यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# बंधक लोन चुकाने के बाद भी जेवर न लौटाने का आरोप

## महिलाओं का सर्राफ की दुकान पर जोरदार हंगामा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बंधक लोन की पूरी रकम व ब्याज चुकाने के बावजूद चांदी के जेवर वापस न मिलने से नाराज महिलाओं और पुरुषों ने खतौली के बड़ा बाजार स्थित एक सर्राफ की दुकान पर जमकर हंगामा किया। घंटों चले इस हंगामे से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने लोगों को शांत कराया और सर्राफ व पीड़ितों को कोतवाली बुलाकर मामला शांत कराया।

बताया गया कि क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के दर्जनों जरूरतमंद लोगों ने बड़ा बाजार के सर्राफ पंकज पुत्र पवन के पास अपने चांदी के जेवर गिरवी रखकर ढाई रुपये सैकड़ा की दर से हजारों रुपये का कर्जा लिया था। आरोप है कि मूलधन और ब्याज की पूरी रकम चुका देने के बाद भी सर्राफ द्वारा उनके बंधक जेवर वापस नहीं किए जा रहे थे। इसी को लेकर पीड़ित महिलाएं और पुरुष एकत्र होकर सर्राफ की दुकान पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया।

हंगामे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्थिति को संभाला और आक्रोशित लोगों को शांत कराया। पुलिस सर्राफ और पीड़ितों को कोतवाली ले गई, जहां सर्राफ की ओर से पीड़ितों को उनके रुपये वापस दिलाने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। वहीं सर्राफ पंकज पुत्र पवन का कहना है कि लोगों ने उसके पास जेवर रखकर ब्याज पर रुपये लिए थे, लेकिन वर्षों से ब्याज नहीं दे रहे थे। उसका आरोप है कि कई बार गांव जाकर ब्याज चुकाने के लिए कहा गया, लेकिन लोग टालमटोल करते रहे। दूसरी ओर पीड़ित नावला गांव निवासी बबिता का कहना है कि उसने तीन साल पहले मजबूरी में चांदी के जेवर गिरवी रखकर एक



लाख रुपये लिए थे, जिसके बदले वह लगभग तीन लाख रुपये ब्याज सहित चुका चुकी है, इसके बावजूद सर्राफ जेवर लौटाने से इंकार कर रहा है। शिकारपुर निवासी इंदर ने भी आरोप लगाया कि उसने 40 तोले चांदी के जेवर गिरवी रखे थे और पूरी रकम चुका दी, लेकिन अब तक जेवर वापस नहीं मिले। इसी तरह पुरकाजी निवासी कलूटा ने भी ब्याज चुकाने के बाद जेवर न लौटाने का आरोप लगाया है। घंटों चले हंगामे के चलते बड़ा बाजार में तनाव का माहौल बना रहा और राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# खाली पड़े प्लॉट बने गंदगी का अम्बार, कस्बेवासियों ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** देहात मे स्थित मौहल्ला आलम नगर में खाली पड़े एक प्लॉट में लंबे समय से नालियों का गंदा पानी भरा रहने से आसपास के रिहायशी मकान गंभीर खतरे की जद में आ गए हैं।

हालात यह हैं कि लगातार जलभराव के कारण मकानों की दीवारों में सीलन फैल चुकी है, फर्श उखड़ने लगे हैं और मकानों की नींव कमजोर होकर जमीन में धंसने की आशंका दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्लॉट में पूरे मोहल्ले की नालियों का पानी आकर जमा हो जाता है, लेकिन जलनिकासी की कोई स्थायी व्यवस्था आज तक नहीं की गई। बरसात हो या सामान्य दिन प्लॉट में पानी भरा रहना अब आम बात हो गई है। दुर्गंध, मच्छरों का प्रकोप और गंदगी के कारण लोगों का घरों में रहना भी दूभर हो गया है। पीड़ित मकान स्वामियों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को



लेकर ग्राम प्रधान से कई बार लिखित व मौखिक शिकायत की गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला, धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं, जबकि किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई और प्लॉट में जमा पानी को हटाकर नालियों का सही बहाव सुनिश्चित नहीं किया गया, तो मकानों को भारी नुकसान के साथ-साथ जान-माल की सुरक्षा पर भी संकट खड़ा हो सकता है।पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण कराया जाए, प्लॉट में जमा पानी की निकासी कराई जाए और भविष्य में जलभराव न हो, इसके लिए स्थायी समाधान किया जाए।

# राजवीर प्रजापति ने हजारों विकलांगों वे नेत्रहीनों को दिया नवजीवन : मोहन प्रजापति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट द्वारा ग्रीन फिल्ड पब्लिक स्कूल में विकलांग ट्राई साइकिल वितरित शिविर आयोजित किया गया जिसका शुभारम्भ अति पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने फीता काट कर किया इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉव राजवीर सिंह प्रजापति के परोपकारी जीवन पर एक रागिनी सूट की गई जिसमें गायक गुर्जर विश्वास मेघा ने राजवीर सिंह प्रजापति के मदद कारी जीवन पर रागि. नी कही जिसको हरिद्वार से आई कैमरामैन टीम ने सूट की रागिनी में राजवीर सिंह के गुरु डॉ ब्रिजेश पंवार वे राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति वे केबिनेट मंत्री अनिल कुमार वे जगत बंधु सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुमित प्रजापति देहरादून को रागिनी में प्रेरणा दायक बताया गया इस दौरान अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने कहा कि डॉक्टर राजवीर सिंह प्रजा. पति जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक बड़े समाजसेवी के रूप में गरीब असहाय लोगों की की आंखों का ऑपरेशन कराने वे विकलांगों को ट्राई साइकिल वे अन्य उपकरण वे रक्तदान शिविर के माध्यम से हजारों लोगों की मदद करने का काम किया वो बेमिसाल है इस दौरान 32 दिव्यांग जनों को बैटरी चलित रिक्शा वितरित की गई इस दौरान, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वालिया, अति पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष विजय पाल,बसपा जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश , यशपाल पुंडीर अनुराग पुंडीर अक्षय पुंडीर वरिष्ठ नेता सुमित प्रजापति,जगदीश प्रजापति, सतीश शर्मा, सुंदरलाल प्रजापति, अमित त्यागी, डॉव काका, आशु नवाज, रवि पाल, प्रियांशी,प्रदीप प्रजापति, प्रिंस कुमार गजेंद्र कुमार सुमित कुमार कुमारी सोनिया सलमान अमित त्यागी डॉ जयवीर नौबहर आदि मौजूद रहे

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र सं. 5079/4.5.2019 मे गलती से नाम नव्या दर्ज करा दिया गया। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम नव्या अरोरा है। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अखिल कुमार**
**निवासी गली नं. 15, गांधी कॉलोनी, मु.नगर**
**मो. 9897372227**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र कुलदीप व उसकी पत्नि शालू मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नहीं है और बात बात पर मेरे व परिवार के साथ लडाई झगडा करते हैं। काफी समझाने के बाद भी ये अपनी गलत हरकतो से बाज नहीं आ रहे है। जिसके चलते मैने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं आज के बाद मेरे व परिवार का कुलदीप व उसकी पत्नि शालू से किसी प्रकार का कोई मतलब वास्ता नही रहा है। भविष्य मे इनके किसी भी कृत्य या लेनदेन के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**श्रीमति सविता पत्नि तैलूराम**
**निवासी- ग्राम जसोई,**
**थाना तितावी,**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

# रात भर मुसलमानों ने की खुदा की इबादत

**शब-ए-बरात पर बुढाना में मुस्लिमों ने की कब्रिस्तानों में सफाई**

**बुढ़ाना।** मुस्लिम कैलेण्डर के मुताबिक शाबान माह की 14 तारीख यानि कि 15 शाबान की शब 03 फरवरी यानी मंगलवार को शब ए बरात का त्योहार मनाया गया। इसको लेकर इबादत और तिलावत के इस त्योहार के लिए मस्जिदों और कब्रिस्तानों में खासकर साफ सफाई की गयी।

बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में मंगलवार की देर रात को मनाए गये शब-ए-बरात के त्योहार पर सभी कब्रिस्तानों में भीड़ का जबरदस्त आलम देखा गया वहीं पिछले साल किए गए कर्मों का लेखा जोखा तैयार करने और आने वाले साल की तकदीर तय करने वाली इस रात को शब-ए-बरात कहा जाता है। इस रात को पूरी तरह इबादत में गुजारने की परंपरा होती है।

नमाज, तिलावत ए कुरआन, कब्रिस्तान की जियारत और हैसियत के मुताबिक खैरात करना इस रात के अहम काम है। कस्बे और क्षेत्र में इस त्योहार पर तरह तरह के हलवे बनाकर फातेहा के साथ त्योहार मनाया गया। शब-ए-बरात के मौके पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की मस्जिदों में जलसे का प्रोग्राम भी हुआ। इस रात में मुस्लिम इलाकों में शब-ए-बरात की भरपूर रौनक रही। वहीं लोग अपने पूर्वजों को जो दुनिया से रूखसत हो चुके हैं कि मगफिरत के लिए दुआएं करने के लिए कब्रिस्तान गये और सूर ए फातेहा पढ़ी। यह रात पूरी इबादतों की होती है। मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी का कहना है कि शब ए बारात की रात को लोग मस्जिदों में नमाज अदा करते हैं और जिंदगी में किए गए गुनाहों की माफी मांगते हैं। शब ए बारात की रात को तकदीर बदलने वाली रात के नाम से भी जाना जाता है। बुधवार को मुस्लिम एक दिवसीय शब ए बारात का रोजा रखेंगे। इससे पहले देर रात तक कुछ खा पीकर रोजे की नीयत कर पूरी रात इबादत कर सुबह को रोजा रखेंगे।

### साधु के वेष में संदिग्ध युवक को किया गिरफ्तार

**मोरना।** साधु की वेषभूषा धारण कर ज्योतिषाचार्य बनकर महिलाओं को ठगने का प्रयास करने वाले व्यक्ति पर संदेह होने पर ग्रामीणों ने पुलिस सूचना को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया गया। गांव निवासी एक युवक की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जडवड निवासी सचिन ने तहरीर में देते हुए बताया कि उनके गांव जडवड कटिया में मंगलवार को एक संदिग्ध युवक जिसके हाथ में कलावा तथा माथे पर तिलक लगा हुआ था गांव में भिक्षा मांगने काम कर रहा था। जो गांव में हिन्दू महिलाओं को भविष्य बताकर अपने जाल में फंसाने का काम कर रहा था। उसकी यह गतिविधियां से सन्देह होने पर पुछताछ की गई। जिसने अपना नाम अहसान पुत्र शकील निवासी जौला बताया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साधु बने मुस्लिम युवक को हिरासत में ले लिया।

### विधवा ने ससुरालजनों पर लगाया मारपीट व उत्पीड़न का आरोप

**भोपा।** क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने ससुराल पक्ष पर मारपीट व उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने बताया कि बीते वर्ष उसके पति की मृत्यु हो गई थी। पति की मौत के बाद वह अपने सास-ससुर के साथ रह रही थी, लेकिन अब उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। आरोप है कि ससुराल जनो ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।उसके तीन पुत्रियां हैं, जिनमें से एक उसके साथ है जबकि दो पुत्रियां ससुराल वालों के पास ही रहती हैं। वह अपने ससुराल जनो के साथ पानीपत में रह रही थी, लेकिन अब ससुराल जनो से अपने साथ रखने से साफ इंकार कर दिया गया है। कुछ समय पूर्व उसकी सास उसे मुजफ्फरनगर ले आई और रोडवेज बस अड्डे पर अकेला छोड़कर चली गई, जिसके बाद वह किसी तरह अपने मायके पहुंच पाई। ससुर उस पर बुरी नजर रखता है और वह पहले भी उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास कर चुका है, शोर मचाने पर वह बच सकी। पीड़िता ने आशंका जताई है कि संपत्ति के लालच में ससुराल पक्ष किसी भी समय उसकी जान ले सकता है।पुलिस ने आरोपी अजीत,रूबी, सन्नी,कुलद. ीप,सतबीरी निवासी जटवाड़ा थाना ककरौली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सीएमओ कराएंगे फर्जी डाक्टरों की जांच

**मुजफ्फरनगर।** हिन्दू संघर्ष मोर्चा द्वारा दिये गये ज्ञापन के बाद सीएमओ डा.सुनील तेवतिया ने आश्वासन दिया कि जिले में अवैध अस्पतालों व फर्जी डाक्टरों के खिलाफ संघन जांच अभियान चलाया जायेगा। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा डिग्री निरस्त किये जाने के बावजूद मुजफ्फरनगर में प्रैक्टिस कर रहे डाक्टर राकेश नाथ आवटे की प्रैक्टिस पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश जारी किये। इससे पूर्व संघर्ष मोर्चे से जुडे नरेन्द्र पंवार, अरूण प्रताप सिंह, देशराज चौहान, संजय मिश्रा, पवन मित्तल, चमन लाल कुक्की, सुरेन्द्र मित्तल, पवन पांचाल, राजेन्द्र धीमान, सोनू धीमान आदि ने डा.आवटे का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पूरे जिले में अनेक फर्जी डाक्टर इलाज के नाम पर मरीजों के साथ खिलवाड कर रहे है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स01486/13.02.17 मे गलती से पुत्र का नाम वंशदीप अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम 'वंशदीप राना' है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**बलविंद्र सिंह राना**
**निवासी- देओबंद**
**ज़िला सहारनपुर**

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि श्रीमति हेमलता यादव पत्नी भूपेन्द्र सिंह यादव मकान नं0 342/3 गऊशाला पश्चिमी मुजफ्फरनगर जो कि द्वारा बैनामा 4481 दि. 23.04.2018 को संजीव कुमार वशिष्ट से खरीदी थी, की चेन में पुराने असली बैनामा सं. 2329 दि. 13.04.1992 व असली बैनामा सं. 3149 दि. 19.05.1992 एवं हिबैनामा सं. 5874 दि. 08.06.2010 के अन्तिम 4 पेज जिनमें सम्पत्ति विवरण व अन्तिम पेज पर पंजीकरण का विवरण जिल्द / बही/पेज / क्रमांक नं. व दिनांक दर्ज है, वास्तव में कहीं खोऐ हुऐ हैं, वर्तमान स्वामी मै. श्री पदम सिंह एनर्जीज एल एल पी के द्वारा लिऐ जाने वाले ऋण के लिऐ उक्त सम्पत्ति को पी.एन.बी. एम. सी.सी. मुजफ्फरनगर में बंधक करना चाहती है। यदि उक्त मूल बैनामें वगैरा किसी बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक है या इस बावत किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर सूचित करें, अन्यथा सम्पत्ति पंजाब नैशनल बैंक में बंधक की जाऐगी। उस दशा में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**श्री धर्मेन्द्र कुमार, चीफ मैनेजर**
**पीएनबी एमसीसी मुजफ्फरनगर**
**मो० नं० 9476290281**

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि श्रीमति रेखा बिशनोई पत्नी श्री प्रदीप कुगार निवासी 115 घेर खत्ती मुजफ्फरनगर ने अकृषक भूमि गाटा सं. 216 क्षेत्रफल 0. 2910 है. यानि 2910 वर्ग मी. ग्राम दयालपुर परगना गोरधनपुर तहसील लक्सर जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड) द्वारा बैनामा 5112 दि. 14.09.2021 को खरीदी थी की चेन में पुराने असली बैनामा सं0 5329 दि. 21.10.2020 व असली बैनामा सं0 4385 दि. 20.08. 2010 वास्तव में कहीं खोऐ हुऐ हैं, वर्तमान स्वामी मै. श्री पदमसिंह एनर्जीज एल एल पी के द्वारा लिऐ जाने वाले ऋण के लिऐ उक्त सम्पत्ति को पी.एन.बी. एम.सी.सी. मुजफ्फरनगर में बंधक करना चाहती है। यदि उक्त मूल बैनामें यदि किसी बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक है या इस बाबत किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर सूचित करें, अन्यथा सम्पत्ति पंजाब नैशनल बैंक में बंधक की जाऐगी, उस दशा में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**श्री धर्मेन्द्र कुमार, चीफ मैनेजर**
**पी.एन.बी. एम.सी.सी. मुजफ्फरनगर**
**मो० नं० 9476290281**

**INFORMATION**

I, MOHAMMAD DILSHAD S/O MOHAMMAD MUSTUFA SIDDIQI R/O 855/99, MUSTAFA COLONY, P/S KHALAPAR, DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P.) 251001 Have changed my name to **MOHD DILSHAD S/O MOHD MUSTUFA**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री छाया मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गयी है। इसलिए मैंने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होगी।

**पप्पू पुत्र श्याम सिंह**
**निवासी- म.नं. 259 ग्राम मलीरा थाना कोतवाली नगर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री सुरभि आयु 26 वर्ष मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गयी है। इसलिए मैंने व मेरे परिवार ने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं तथा मैने इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है यदि मेरी पुत्री कोई गलत काम करती है या लेन देन करती है तो अपने किये की वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा या परिवार के अन्य सदस्यों से उसका कोई मतलब वास्ता नही होगा। ये अपने कृत्य व लेन देन की स्वयं जिम्मेदार होगी।

**प्रवीन कुमार पुत्र स्व.सन्तराम**
**निवासी- ग्राम अलावलपुर**
**थाना चरथावल**
**जिला-मुजफ्फरनगर हाल निवासी मौहल्ला साकेत गली न.7 थाना सिविल लाईन**
**मुजफ्फरनगर**

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

मण्डल कार्यालय:- मुजफ्फरनगर, आवास विकास कालोनी, शाकुन्तलम, मुजफ्फरनगर 251001

**पट्टे (लीज)पर परिसर की आवश्यकता** दिनांक: 03.02.2026

पंजाब नैशनल बैंक को निम्न स्थान पर अपनी शाखा के लिए अधिकतम 15 वर्ष पट्टे (लीज) पर भूतल में परिसर की आवश्यकता है:

| | स्थान | कारपेट एरिया |
|---|---|---|
| शाखा हेतु | शिव चौक, मुजफ्फरनगर | 1400 से 1800 वर्ग फीट |

वर्तमान शाखा परिसर के अधिकतम 01 कि.मी. की परिधि के क्षेत्र में।

भूस्वामी, जो बैंक की आवश्यकतानुसार तैयार व अच्छी तरह से निर्मित भवन/हॉल/परिसर देने के इच्छुक हो, अपना तकनीकी वित्तीय प्रस्ताव अलग-अलग मुहरबन्द लिफाफे में "पंजाब नैशनल बैंक के परिसर हेतु तकनीकी /वित्तीय प्रस्ताव" अंकित कर इस प्रकाशन के 10 दिनों दिनांक 13.02.2026 के अंदर हमारे मण्डल कार्यालय के पते पर भेजें। नियम एवं शर्तें निम्न प्रकार है:-

1. भूस्वामी उक्त परिसर का मालिक होना चाहिए और उसकी सम्पत्ति विवादित न हो।
2. परिसर में स्वतंत्र प्रवेश एवं निकासी, बिजली, प्रसाधन (पुरूष एवं महिला) एवं पानी की आपूर्ति की व्यवस्था होनी चाहिये।
3. परिसर भूतल स्थान पर होना चाहिए।
4. परिसर का नक्शा व्यवसायिक स्वीकृत होना चाहिए। व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए प्राधिकृत/सक्षम अधिकारी द्वारा एन.ओ.सी. होना चाहिए।
5. परिसर में बैंक की आवश्यकतानुसार आर.सी.सी. संरचना जैसे- स्ट्रांग रूम तथा ए.टी.एम. रूम तैयार करवा कर देना होगा।
6. परिसर मे वी सेट लगाने के लिए स्थान, जेनरेटर सेट लगाने के लिए समुचित जगह होनी चाहिए।
7. बैंक के अन्य उपयोग के लिए लागत पर मालिक द्वारा 20 केवीए पावर लोड वाले तीन (3) फेज बिजली कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। हालांकि, वास्तविक बिजली खपत शुल्क का भुगतान बैंक द्वारा किये जायेंगे।
8. स्टॉक व सार्वजनिक पार्किंग के लिए समुचित जगह का होना आवश्यक है। जिसका कोई अतिरिक्त किराया देय नहीं होगा।
9. सम्पत्ति पर देय सभी प्रकार के कर मालिक द्वारा वहन किये जायेगें।
10. प्रथम तल पर प्रस्तावित स्थानों (लिफ्ट के साथ) पर विचार किया जा सकता है।
11. बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी प्रस्तावों को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा एवं इस संदर्भ में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
12. तकनिकी प्रस्ताव एवं वित्तीय प्रस्ताव के प्रारूप हमारे कार्यालय या शाखा प्रमुख शिव चौक, जिला मुजफ्फरनगर व मोबाइल नं. 7044087887 (धर्मेन्द कुमार) पर संपर्क कर अन्तिम दिनांक 13.02.2026 तक प्राप्त किये जा सकते है।

**मण्डल प्रमुख**

# रतनपुरी पुलिस का नशा तस्करों पर करारा प्रहार, 20.870 किलो गांजा बरामद

## करीब 11 लाख की खेप पकड़ी, शातिर तस्कर दबोचा गया, बाइक सीज

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत नशे के अवैध कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए गांजा तस्करी के एक शातिर आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 किलो 870 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी बाजार कीमत करीब 10 से 11 लाख रुपये बताई जा रही है।

सोमवार को थाना रतनपुरी पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सठेड़ी पुलिया के पास बड़सू की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल पुलिस को देखकर रुकने के बजाय मुड़कर फुलत गांव की ओर रजवाहे की पटरी से फरार हो गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर बाइक सवार को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद




हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम उस्मान पुत्र अलीहसन, निवासी ग्राम चन्दसीना, थाना रतनपुरी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जबकि तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया।

थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। वर्ष 2023 में दिल्ली क्राइम ब्रांच में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है, वहीं रतनपुरी थाने में भी उस पर एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं।

थानाध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी सूरत में नशा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कुरालसी में आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन



**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव कुरालसी में बीती सोमवार की सायं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी की। इस हिंदू सम्मेलन में शामली जनपद के एरटी आश्रम से श्री ललितानन्द जी महाराज और मेरठ जनपद से अलका सम्भाग प्रचारिका मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त रुप से उपस्थित रही। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कुरालसी माता मंदिर परिसर में हवन, दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। अलका ने डॉक्टर हेडगेवार की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर हिंदू धर्मगुरुओं ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया। वक्ताओं ने विभिन्न षडयंत्रों, लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ समाज को जागरुक और संगठित रहने की आवश्यकता पर बल दिया। स्वामी ललितानन्द महाराज ने अपने संबोधन में महापुरुषों के योगदान का वर्णन किया और बताया कि कैसे अंग्रेजों से लड़कर हमें आजादी मिली। उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट होकर सनातन धर्म की रक्षा करने और देश की सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला स्वयंसेवक सोमपाल ने संघ की 100 वर्षीय शौर्य गाथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने संघ की स्थापना से लेकर अब तक के संघर्षों, सेवा कार्यों और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान यहां पर काफी भीड़ देखने को मिली।

# भूमि में निर्माण कार्य कराने के मामले में दूसरा पक्ष भी आया सामने

■ कथित पीड़ित के आरोपों को बताया एकदम कोरी बकवास

**बुढ़ाना।** गांव रसूलपुर दभेडी में शांति भंग की आशंका को देखते हुए बुढ़ाना पुलिस के द्वारा विगत दिवस बंद कराए गये एक पक्ष के एक भूमि के निर्माण कार्य के मामले में दूसरा पक्ष भी सामने आ गया है। जिसमें दूसरे पक्ष के व्यक्ति ने झूठे आरोप लगाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध जमकर जहर उगला और अपनी सुरक्षा की गुहार बुढ़ाना पुलिस से लगाई।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी में बुढ़ाना वाया खतौली मार्ग पर स्थित एक भूमि है। जिसमें बीते दिनों आसिफ नाम के युवक ने अपनी ही भूमि के पड़ोसी इस्लाम पर गंभीर आरा. ेप लगाते हुए बुढ़ाना पुलिस पर भी पार्टी बनने का खुलकर आरोप लगाया था। अब इन्हीं आरोपों का खंडनघ करते हुए इस्लाम भी इस मामले में सामने आ गया है। उसने भी अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उसकी भूमि खसरा नंबर 562 रसूलपुर दभेडी गांव मे स्थित है। जिसमें उसका रकबा 410 मीटर है जबकि उसके पडोसी आसिफ का रकबा 205 मीटर है। उक्त भूमि की बाबत एक वाद एसडीएम कोर्ट से सम्पन्न होने के बाद अब कमिश्नरी सहारनपुर में यह मामला विचाराधीन है। जिसमे जजमेन्ट होने ही वाला है परन्तु पडोसी तै"यब, आसिफ, आरिफ, कासिम और नासिर उसके हिस्से की भूमि पर भी जबरदस्ती कब्जा कर अवैध निर्माण करना चाह रहे हैं तथा उसे मारने पीटने और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसे उक्त लोगों से अपनी जान का खतरा बना है। ये लोग हिस्ट्रीशीटर व बदमाश किस्म के लोग हैं तथा गोली मारने की धमकी दे रहे है। जब तक उक्त भूमि के सम्बन्ध में वाद निर्णित नहीं होता तब तक के लिये आरोपियों को भूमि पर निर्माण कार्य करने से रोका जाए। इस मामले में इस्लाम ने मंगलवार को एसडीएम व सीओ कार्यालय को भी शिकायत की है और अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई। उधर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने बताया कि गत दिवस दोनों पक्षों के ही लोगों को जेल भेजा गया था ताकि शांति भंग ना हो।

# शारीरिक शिक्षा में तकनीकी प्रगति '' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

■ श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग ने किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज मे शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय '' शारीरिक शिक्षा में तकनीकी प्रगति '' था। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता डा अजय मलिक, विभागाध्यक्ष, गुरूकुल कांगडी यूनिवर्सिटी, हरिद्वार, डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, डा अशोक कुमार, निदेशक श्रीराम कॉलेज, डा विनीत कुमार शर्मा, डीन एकेडमिक्स श्रीराम कॉलेज, डा प्रमोद कुमार, विभागाध्यक्ष शारी. रिक शिक्षा विभाग ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रजव्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता डा अजय मलिक ने अतिथि व्यख्यान के विषय ''शारीरिक शिक्षा में तकनीकी प्रगति'' के बारे में कहा कि शारीरिक शिक्षा में तकनीकी का आशय विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में हुए विकास व प्रगति के फलस्वरूप विकसित नवीन संचार साधनों, उपकरणों, प्रविधियों एवं मशीनों आदि के शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावपूर्ण व उपयोगी प्रयोग से है। उन्होंने बताया कि प्रौद्योगिकी में शारीरिक शिक्षा में छात्रों की सहभागिता बढ़ाने की क्षमता है। इंटरैक्टिव ऐप्स, गेम-आधारित फिटनेस प्रोग्राम और पहनने योग्य उपकरण छात्रों को शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित कर सकते हैं और उनकी प्रगति को वास्तविक समय में ट्रैक कर सकते हैं।

इस अवसर पर डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज ने शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा कि विभाग भविष्य मे भी इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित कराता रहे ताकि छात्र-छात्राओं को ज्ञानवर्धन में सहायता मिलती रहें।इस अवसर पर डा0 अशोक कुमार, निदेशक श्रीराम कॉलेज ने शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्रवक्ताओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि आज के आधुनिक युग में तकनीकी का सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान है शारीरिक शिक्षा का क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष बिवविद्यालय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर उच्च कोटि का प्रदर्शन करते है तथा महाविद्यालय का नाम रोशन करते है। इस अवसर पर प्रमोद कुमार विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग ने कहा कि छात्र-छात्राओं को खेलों मे प्रतिभाग करने से बहुत लाभ मिलता है। उनके शारीरिक और मानसिक क्षमता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर प्रमोद कुमार विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा मुख्य वक्ता प्रोफेसर प्रविन्द्र कुमार बुकें भेंट किया गया तथा भुपेन्द्र कुमार द्वारा डा नितिन कुमार, एसडी कॉलेज, मुजफ्फरनगर को बुकें भेंट किया गया।कार्यक्रम के अंत मे संदीप कुमार देशवाल, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा विभाग ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर उन्होने मुख्य वक्ता डा अजय मलिक का आभार प्रकट किया और सभी साथी प्रवक्ताओं का धन्यवाद किया।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता बिवदीप कौशिक ने किया।

इस अवसर पर देवेन्द्र चौधरी, प्रमोद कुमार, भूपेन्द्र कुमार, डा अब्दुल अजीज खान, संदीप कुमार, अमरदीप, तरूण, प्रशांत तथा बिवदीप कौशिक आदि उपस्थित रहे।




मुजफ्फरनगर: श्रीराम कॉलेज में अतिथि वक्ता का सम्मान करती प्राचार्य डा.प्रेरणा मित्तल।

# चन्द्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज ने लगाया एनएसएस शिविर

■ छात्र-छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगर के चंद्रशेखर आजाद पीजी कालेज चरथावल मे राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयो का एक दिवसीय दूसरा शिविर आयोजित किया गया।

शिविर मे स्वंयसेविकाओं एवं स्वंयसेवकों द्वारा नगला राई एवं चरथावल की मलिन बस्ती मे जाकर पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित लोगो को जानकारी दी गयी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य गुलाब सिंह ने शिविर मे




मौजूद सभी स्वंयसेविकाओं एवं स्वंयसेवकों को पर्यावरण को दूषित होने से कैसे बचाया जा सकता है और प्रदूषण की कैसे रोकथाम की जा सकती है और प्रदूषण से मानव के जीवन और स्वास्थ्य पर क्या क्या गलत असर पड़ रहा है और कैसे मानव का स्वास्थ्य खराब हो रहा है इसके बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुए प्रदूषण की कैसे रोकथाम की जा सकती है और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रदूषण की रोकथाम करना कितना जरूरी हैस इस बारे मे विस्तार से जानकारी दी वही चंद्रशेखर पीजी कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा शिविर मे महत्वपूर्ण योगदान देने की भी सराहना की गयी



मोरना: एसआईआर नोटिस मतदाताओं का पक्ष सुनती तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता।

# मतदाता सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तहसील अधिकारियों ने की नोटिसों की सुनवाई

■ नोटिस की सुनवाई को अधिकारियों के पास पहुंचे डरे सहमे मतदाता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोकरहेड़ी नगर पंचायत कार्यालय मे सोमवार को आयोजित कैंप मे तहसील अधिकारियो ने मतदाताओं को भेजे गये नोटिस की सुनवाई की व मतदाताओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

भोकरहेड़ी नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कैंप में जानसठ तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता और नायब तहसीलदार बृजेश कुमार मौजूद रहे। उन्होंने उपस्थित मतदाताओं की समस्याओं को सुना और नोटिस से संबंधित आवश्यक कागजात प्राप्त किये।

आसपास के गांवों से आए व्यक्तियों ने अधिकारियो को आवश्यक कागजात उपलब्ध कराये व अन्य जानकारी प्राप्त की।नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने कैम्प के संबंध मे बताया की नोटिस के संबंध में सुनवाई की गई आवश्यक कागजात प्राप्त किए गए जिन्हें म्ब्ध् नेट पोर्टल पर फोटो सहित ऑनलाइन सबमिट किया गया है।इस दौरान कर्मचारी रेनू व नगर पंचायत के लिपिक संजीव शील द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

नागरिकों की सुविधा के लिये भोकरहेड़ी, मोरना, भोपा मे कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जहां कागजात के मिसमैच होने पर भेजे गये नोटिस के संबंध मे आवश्यक कागजात प्राप्त कर उन्हें व्यक्ति के फोटो सहित ऑन लाईन सबमिट किया जा रहा है।



खतौली: पत्रकारों से रूबरू होते डा.बालियान।

# दंगल के दूसरे दिन पहलवानों ने दिखाया दमखम

**छपार।** रविदास जयंती पर मेले में आयोजित दंगल के दूसरे दिन पहलवानों में अपने दमखम दिखलाये। उत्तराखंड के पहलवान बिलाल ने बघरा के राजा को हराया।

गांव बसेड़ा में रविदास जयंती पर गत वर्षों की भांति पांच दिवसीय दंगल का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र दर्जनों गांवों से ग्रामीण दंगल देखने के लिए आते हैं। रविदास मंदिर कमेटी की की ओर व्यवस्था की जाती है ओर पहलवानों को रात्रि में रुकने व खाने पीने की व्यवस्था की जाती है। मंगलवार को नदीम निवासी पीरपुरा उत्तराखंड को यश निवासी पुरकाजी ने हरा दिया। ओर सुनील निवासी सरसावा जनपद सहारनपुर को गुलशेर निवासी पुरकाजी ने हरा दिया। कुश्तियां देखकर दर्शकों को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। सुलेमान, रिजवान, फूलसिंह, सौरभ शर्मा, धर्मबीर संजू, सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

# जागरूकता रैली निकाल कर स्वच्छता का दिया संदेश

**मोरना।** महर्षि शुकदेव स्वामी कल्याणदेव डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश दिया।

शिविर का शुभारंभ प्राचार्य राजपाल सिंह मलिक ने फीता काटकर किया। जिसके बाद यीशु, नेहा, अंजली ,पायल ,मुस्कान ,भारती, श्रेया शर्मा ,सानिया ने सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया तत्पश्चचात एनएसएस अधिकारी पूनम रोशवाल के संयोजन में स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत विषय पर जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें छात्राओं ने सभी रोगो की एक दवाई, घर में रखो साफ सफाई, जन जन का नारा है भारत को स्वच्छ बनाना है, बापू ने दिया था संदेश, स्वच्छ रखो भारत देश, मन में रखो एक ही सपना, स्वच्छ बनाना है




भारत अपना आदि नारो के माध्यम से साफ सफाई रखने का आह्वान किया। समापन पर गृह विज्ञान विभाग की प्रवक्ता मीनू चौधरी ने कहा कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है, जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य एवं स्वच्छ जीवन के लिए अपनाना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए हमें अपने आसपास स्वच्छता रखनी चाहिए क्योंकि हमारे आसपास की गंदगी ही हमारी बीमारी का कारण है। कार्यक्रम में डॉ. राज सिंह, नरेश सिंह, आजाद सिंह, शालू चौधरी, नीता चौधरी, छवि शर्मा, कोमल, राकेश शर्मा, रजनीश कुमार, सपना शर्मा एवं आशुतोष अग्रवाल, ज्योति, दीपक चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बजट पर विपक्ष की राजनीति सिर्फ़ आरोपों तक सीमित : डॉ. संजीव बालियान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली। मीरापुर मार्ग स्थित एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने पहुँचे पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान और भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने मीडिया से बातचीत में केंद्रीय बजट और भारतख्रपाक क्रिकेट विवाद पर खुलकर अपनी राय रखी। केंद्रीय बजट को लेकर विपक्ष द्वारा किए जा रहे हमलों पर डॉ. संजीव बालियान ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विपक्ष के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह हर सरकारी फैसले पर केवल उंगली उठाने की राजनीति कर रहा है। उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के बयानों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किया गया



यह बजट देश को हविकसित भारत की ओर ले जाने वाला है।

डॉ. बालियान ने कहा कि बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्गों को केंद्र में रखकर योजनाएं तैयार की गई हैं। यह बजट न केवल आर्थिक मजबूती देगा, बल्कि आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने विपक्ष की आला. ेचनाओं को निराधार बताते हुए कहा कि देश की जनता अब सब समझ चुकी है। भारत-पाक टी20 मुकाबले को लेकर चल रहे विवाद पर डॉ. बालियान ने कहा कि यदि पाकिस्तान भारत के खिलाफ नहीं खेलता है तो इससे भारत को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने इसे अनावश्यक मुद्दा बताते हुए कहा कि इस पर जरूरत से ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

## सुरक्षा का बहाना, असली वजह हार का डर: विक्रम सैनी

वहीं पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने भारत-पाक क्रिकेट मुकाबले को लेकर पाकिस्तान पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान संभावित हार से भयभीत है और इसी डर के चलते सुरक्षा का बहाना बनाकर मुकाबले से बचने की कोशिश कर रहा है। विक्रम सैनी ने पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि बलूचिस्तान समेत कई इलाकों में अशांति और आतंकवाद के कारण वहां की कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत को असुरक्षित बताकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि भारत आज दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में शामिल है। पूर्व विधायक ने कहा कि संकट के समय पड़ोसी देशों के नेताओं का भारत की ओर रुख करना इस बात का प्रमाण है कि भारत न केवल सुरक्षित है, बल्कि मानवीय मूल्यों के साथ खड़ा रहने वाला देश भी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की यह रणनीति भारत से सीधे मुकाबले से बचने की एक सोची-समझी चाल है। वही दूसरी और शादी समारोह में पूर्व दोनों विधायक खतौली विधानसभा पूर्व विधायक विक्रम सैनी और सरधना के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम एक साथ दिखाई दिए।

# दीन और दुनिया का संगम: मुजफ्फरनगर के मदरसे से तालीम की मिसाल

**मुजफ्फरनगर।** आज के दौर में जब तालीम को लेकर कई तरह की चुनौतियां सामने हैं, ऐसे समय में उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर से एक उम्मीद जगाती तस्वीर सामने आई है। मोहल्ला मल्हूपुरा स्थित मदरसा तजवीदुल कुरान में आयोजित सालाना जलसे ने यह साफ कर दिया कि दीनियत और आधुनिक शिक्षा साथ-साथ चल सकती हैं और यही समाज की सच्ची जरूरत है।

करीब 40 वर्षों से इल्म की शमा जलाए हुए इस मदरसे ने न सिर्फ धार्मिक शिक्षा को मजबूत किया है, बल्कि बच्चों को दुनियावी तालीम से भी जोड़ा है। इस सालाना जलसे में एक बच्चे ने हिफ्ज़-ए-कुरान मुकम्मल कर हाफिज़-ए-कुरान बनने का सम्मान हासिल किया। वहीं कई छात्राओं ने आलिमा कोर्स पूरा कर यह संदेश दिया कि बेटियां भी दीन और तालीम के हर मैदान में आगे हैं।

जहाँ कुल 22 बच्चे जिन्होंने फागत पाई कार्यक्रम में से तशरीफ लाए मौलाना खालिद सहित विभिन्न शहरों से आए उलमा-ए-कराम और मुफ्तियान-ए-इकराम ने शिरकत की। बच्चों की दस्तारबंदी कर उन्हें पगड़ी पहनाई गई, इनामात और तोहफों से नवाजा गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हौसला अफजाई की गई। उलमा ने अपने संबोधन में कहा कि तालीम ही समाज को तरक्की, अमन और भाईचारे की राह दिखाती है। ऐसे इदारे मोहब्बत, इंसानियत और अखलाक की बुनियाद को मजबूत करते हैं, जो किसी भी मुल्क की तरक्की के लिए जरूरी है। मदरसे के प्रिंसिपल हाफिज़ मोहम्मद इदरीस ने बताया कि यह इदारा पिछले 40 दशकों से खामोशी के साथ कौम और मुल्क की खिदमत कर रहा है।

उनका कहना है कि मदरसा आगे भी बच्चों के बेहतर मुस्तकबिल के लिए दीनियत के साथ आधुनिक शिक्षा पर बराबर जोर देता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ़्ती अथर नुना बढ़ी देवबंद साथ ही प्रोग्राम की शुरुवात कुरआन की तिलावत से कारी फरीद मदर्रीस मदरसा महमूदिया सरवट खूसूसी



हज़रत मौलाना मुजीबूल इस्लाम इमाम बाग़ वाली मस्जिद मों अमजद अमीर जमात बाग़ वाली मस्जिद मेहमान मुफ़्ती खालिद मेरठी व मुफ़्ती नोमान फरीदाबाद हरियाणा ईमामे खतिईब व मुफ़्ती व शायर अब्दुल सलाम खलिली व दीगर उलमा ए कराम न देश और दुनिया में अमन, खुशहाली और इंसा. नियत की कामयाबी के लिए खास दुआ कराई गई।साथ ही मदरसा तजवीदुल कुरान कमेटी के अध्यक्ष बाबा गोटी वह जनरल सेक्रेटरी ताहिर मिर्जा व जनरल सेक्रेटरी वसी सिद्दीकी हाजी अलाउद्दीन उर्फ पप्पल कारी नज़रुद्दीन कारी उबैदुल्लाह कारी आरिफ मुफ्ती गय्यूर. एडवोकेट शमसुद्दीन. वह मोहल्ला मल्लूपुरा के सभी लोगों का सहयोग रहा। मुजफ्फरनगर से उठी यह पहल आज पूरे समाज के लिए एक गंभीर, प्रेरक और दूरदर्शी संदेश बनकर सामने आई है।

# रोटरी क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**मुज़फ्फरनगर।** रोटरी क्लब मिडटाउन द्वारा एक मेडिकल केम्प एवं रक्तदान शिविर का आयोजन ताराचंद वैदिक पुत्री डिग्री कॉलेज, भरतीया कॉलोनी में किया गया जिसमे क्लब द्वारा दी गयी बस की सुविधायो का उपयोग करते हुए मुज़फ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स द्वारा लगभग 700 छात्राओं की विभिन्न जाँच की गयी एवं आवश्यकता होने पर दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गयी, इस अवसर पर क्लब द्वारा छात्राओ को सेल्फ हाईजीन पर ज्ञानवर्धक पुस्तिका का वितरण भी किया गया एवं शिक्षिकाओ को इसी विषय पर वीडियो की पेन ड्राइव भी उपलब्ध करवाई गयी, 40 यूनिट रक्त की दान दी गयी।

रक्त दान जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा प्रबंध किया गया कार्यक्रम संयोजक अंकुर गर्ग,



नवीन अग्रवाल, रो राजीव गुप्ता एवं राजीव गोयल रहे। अध्यक्ष सुशोभ बिंदल, सचिव गौरव गोयल एवं कोषाध्यक्ष दीपक सिंघल ने रक्तदान टीम, मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर्स की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सम्मानित किया, इस अवसर पर रो सुनील अग्रवाल, मनोज गुप्ता, कौशल कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बिजली तार चोरी की सनसनीखेज वारदात, 13 खंभों से तार गायब



### भभीसा-कनियान मार्ग पर अंधेरा, विद्युत आपूर्ति ठपय विभाग को भारी नुकसान, ग्रामीणों में आक्रोश, रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के भभीसा. कनियान मार्ग पर बिजली के तार चोरी होने की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से सड़क किनारे लगे लगभग 13 बिजली खंभों से तार चोरी कर लिए, जिससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।अचानक बिजली गुल होने से ग्रामीणों के घरों में अंधेरा छा गया और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बताया जा रहा है कि चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर इस वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बंद देखी तो मामले की जानकारी विद्युत विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी आशीष वास्तव विभागीय कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर तार पूरी तरह गायब मिले, जिससे चोरी की पुष्टि हुई। उपखंड अधिकारी आशीष वास्तव ने इस घटना के संबंध में थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि भभीसा. कनियान मार्ग पर 13 बिजली खंभों से तार चोरी हुए हैं। विभाग द्वारा चोरी गए तारों की लंबाई और कीमत का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार विभाग को हजारों रूपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही अज्ञात चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।इधर, बिजली के तार चोरी होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन रात्रि गश्त प्रभावी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाए और चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से बच्चों की पढ़ाई, किसानों के कार्य और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।



# नालों की सफाई के बाद सड़क पर छोड़ा मलबा बना मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू मार्ग पर पालिका द्वारा कराई गई नालों की सफाई अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। आरोप है कि सफाई कर्मचारियों ने नालों से निकाले गए मलबे को सड़क पर ही डाल दिया, जिसे अब तक हटाया नहीं गया है। सड़क पर फैला यह मलबा दुकानदारों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर पड़े मलबे के कारण ग्राहकों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है। पैदल चलने वालों के साथ-साथ दोपहिया और चार पहिया वाहनों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन फिसलने की स्थिति बन जाती है, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। दुकानदारों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर पालिका प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन इसके बावजूद मलबा नहीं उठाया गया।प्रशासन की अनदेखी से नाराज दुकानदारों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। गंगेरू मार्ग पर दुकानदारों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया तथा जल्द समस्या के समाधान की मांग की। प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों ने कहा कि यदि समय रहते मलबा नहीं हटाया गया तो उन्हें और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। हालात ऐसे हैं कि दुकानों के सामने गंदगी और दुर्गंध फैल रही है, जिससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। मामले को लेकर पीड़ित दुकानदारों ने जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान को शिकायत पत्र भेजकर हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। दुकानदारों ने मांग की है कि सड़क से तत्काल मलबा हटवाया जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।इस दौरान शाहिद, मतलूब, आशु, अनीस, इसरार, अफसर, हसीन, खुर्शीद, एहसान व कैफ सहित आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जाएगा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थाना भवन।** अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भवन पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर की गई। थाना भवन थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गश्त के दौरान कृष्णा नदी पुल के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम कफील पुत्र खुर्शीद निवासी गांव हसनपुर लुहारी, थाना भवन बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मान्य न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### पुलिस ने दो शराब तस्करों को दबोचा, 45 पव्वे अवैध शराब बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाभवन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 45 पव्वे अवैध शराब बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थानाभवन पुलिस टीम ने ग्राम हसनपुर लुहारी क्षेत्र से आबाद पुत्र फतेहदीन और तस्लीम पुत्र इरफान को धर दबोचा। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दीपचंद, हेड कांस्टेबल नितिन कुमार, यशपाल और अजय कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णत: अंकुश लगाने के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### नवनियुक्त चिकित्सक का लोगों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शामली सीएचसी में नव नियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजेंद्र कुमार का समाजसेवी लोगों ने स्वागत किया। शामली सीएचसी में हाल ही में नव नियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा। विजेंद्र कुमार की तैनाती हुई है, जिसके बाद सीएचसी में गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाऐं मिल सकी। मंगलवार को समाजसेवी पप्पन देसाई केडी व राष्ट्रीय महिला एकता संगठन शामली की जिला अध्यक्ष सोनम, पूर्वप्रधान रामनिवास ने डा। बिजेन्द्र का बुके भेट कर स्वागत किया। उन्होने कहा कि गर्भवती महिलाओं को पहले डिस्टिक अस्पताल या मुजफ्फरनगर जाना पडता था, लेकिन अब शामली सीएचसी में ही उपचार मिल पा रहा है।

# रंजिशन की गई थी दोस्त की हत्या, हत्यारे गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कांधला क्षेत्र के ग्राम ईस्सोपुर टील में हुई छात्र की हत्या की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू तथा बाइक भी बरामद की है।

मंगलवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने बताया कि 1 फरवरी को दोपहर करीब दो बजे अरशद उर्फ असद पुत्र सलीम निवासी ग्राम ईस्सोपुर टील अपने गांव के विराट पुत्र नीटू के साथ बाइक से गांव के बाहर स्थित दुकान पर पहुंचा था।

वहां पहले से मौजूद कार्तिक पुत्र राजू एवं हिमांशु पुत्र संजय निवासीगण ग्राम ईस्सोपुर टील ने अरशद पर चाकू से हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल अरशद को सीएचसी कांधला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर उच्चाधिकारियों, स्थानीय पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। मौके से एक अवैध तमंचा 315 बोर भी बरामद हुआ था।

मृतक के पिता सलीम की तहरीर पर थाना कांधला में नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मंगलवार को घटना में लिप्त अभियुक्त हिमांशु एवं कार्तिक को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे और मृतक अरशद एक ही इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र थे। करीब चार-पांच माह पूर्व डीजे पर नृत्य को लेकर उनका विवाद हुआ था। इसके बाद 1 जनवरी को भी आपसी मारपीट की घटना हुई थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने अरशद पर हमला किया। घटना के दौरान एक तमंचा मौके पर गिर गया था।

# रेल मंत्री से मिले शामली के जनप्रतिनिधि, जलालाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** बिजनौर सांसद चन्दन सिंह चौहान के नेतृत्व में जनपद शामली के एक उच्चस्तरीय जनप्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को दिल्ली स्थित केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यालय में उनसे भेंट कर जनपद शामली से जुड़ी महत्वपूर्ण रेलवे संबंधी जनसमस्याओं को प्रमुखता से रखा। इस प्रतिनिधिमंडल में थानाभवन विधायक अशरफ अली खान एवं शामली सदर विधायक प्रसन्न चौधरी शामिल रहे। यह मुलाकात केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर संपन्न हुई।



भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली.सहारनपुर रेलवे लाइन पर जलालाबाद क्षेत्र में स्थित रेलवे फाटक की समस्या से रेल मंत्री को अवगत कराया। विशेष रूप से रेलवे गेट संख्या-109 (गंगोह मार्ग, कस्बा जलालाबाद) एवं एलम-भनेड़ा मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर प्रस्तावित अंडरपास निर्माण को लेकर उत्पन्न होने वाली गंभीर जनसमस्याओं को प्रमुखता से रखा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति अत्यंत संवेदनशील है तथा जलनिकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। बरसात के मौसम में भारी जलभराव के कारण अंडरपास बनने की स्थिति में आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा। इससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी होगी, बल्कि एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं का आवागमन भी गंभीर रूप से प्रभावित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में निर्मित अंडरपासों का अनुभव संतोषजनक नहीं रहा है, क्योंकि बरसात के दिनों में उनमें लगातार पानी भरने की समस्या बनी रहती है, जिससे यातायात बाधित होता है। जनप्रतिनिधियों ने रेल मंत्री को अवगत कराया कि जलालाबाद स्थित रेलवे क्रॉसिंग के दूसरी ओर दर्जन से अधिक गांव और कस्बे जुड़े हुए हैं, जिनमें खानपुर, अहमदपुर, सरोजिनी उमरपुर, जानीपुर, औरंगाबाद उर्फ गंदेवड़ा सहित बड़ी आबादी निवास करती है। अंडरपास बनने की स्थिति में इन गांवों के किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, पशुपालकों एवं आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रतिनिधिमंडल ने अंडरपास निर्माण को निरस्त कर उसके स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज (ROB) के निर्माण की मांग मजबूती से रखी। जनहित को सर्वोपरि मानते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तत्काल प्रभाव से उक्त रेलवे अंडरपास के निर्माण कार्य को रोकने के निर्देश संबंधित अधिक. ारियों को दिए। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने सहारनपुर.दिल्ली वाया शामली जनता एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14545/14546 का थानाभवन टाउन रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रदान किए जाने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों, व्यापारियों, कर्मचारियों, किसानों एवं आम नागरिकों को दिल्ली और सहारनपुर के लिए सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित रेलवे अधिकारियों को तथ्यों की जांच कर जनहित में आवश्यक एवं सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि शीघ्र ही इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, जिससे जनपद शामली की जनता को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

## थानाभवन टाउन रेलवे स्टेशन पर जनता एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** सहारनपुर-दिल्ली वाया शामली चलने वाली जनता एक्सप्रेस (14545/14546) को थानाभवन टाउन रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिए जाने की मांग तेज हो गई है। थानाभवन विधानसभा क्षेत्र से विधायक अशरफ अली खान ने इस संबंध में माननीय रेल मंत्री भारत सरकार को ज्ञापन भेजकर स्थानीय जनता को राहत देने का अनुरोध किया है। ज्ञापन में बताया गया कि यह ट्रेन प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों को सहारनपुर से दिल्ली तक आवागमन की सुविधा प्रदान करती है, लेकिन थानाभवन जैसे ऐतिहासिक, धार्मिक और व्यापारिक नगर में इसका ठहराव नहीं है। इससे स्थानीय लोगों को अन्य स्टेशनों तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। विधायक ने कहा कि थानाभवन क्षेत्र से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, व्यापारी, कर्मचारी और किसान प्रतिदिन यात्रा करते हैं। यदि जनता एक्सप्रेस का ठहराव यहां दिया जाता है तो न केवल आम जनता को सीधी सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र के शिक्षा, व्यापार और सामाजिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही रेलवे को यात्रियों की संख्या बढ़ने से लाभ होगा। स्थानीय लोगों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए इसे जनहित से जुड़ा कदम बताया है। अब सभी की निगाहें रेल मंत्रालय के निर्णय पर टिकी हैं कि कब थानाभवन टाउन को यह महत्वपूर्ण रेल सुविधा मिलती है।

# बाल विवाह की रोकथाम को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बाल विवाह मुक्त भारत विशेष राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत सिंभालका में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान एक फरवरी से 8 मार्च तक ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, वार्डों एवं समुदाय स्तर पर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने की, जिन्होंने उपस्थित लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध संकल्प दिलाया। अधिकारियों ने बताया कि जनपद शामली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम के साथ-साथ समाज में विधिक जागरूकता एवं सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देना है। पारूल चौधरी ने जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका तथा 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कानूनन अपराध है। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक एवं सामाजिक विकास पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि बाल विवाह करने, कराने अथवा इसमें सहयोग करने पर दो वर्ष तक का कठोर कारावास या एक लाख रूपए तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। साथ ही बाल विवाह में शामिल बराती, मौलवीध्पंडित, फोटोग्राफर, टेंट, कैटरिंग एवं बैंड संचालकों के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज की जा सकती है। अधिकारियों ने अवगत कराया कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है। कार्यक्रम में सीडब्ल्यूसी से कुलदीप शर्मा, सचिन कुमार, रीतू रानी, अंशिका आदि मौजूद रहे।



# कोहरे में हुई सड़क दुर्घटना, चालक घायल

**झिंझाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के गांव जोला निवासी तस्लीम राणा पुत्र अब्दुल सत्तार अपनी स्विफ्ट कार से शामली से करनाल की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित टपराना के गोल चक्कर के पास पहुंचे, झिंझाना की ओर से आ रही एक ग्रैंड विटारा कार से उनकी कार की भीषण टक्कर हो गई। बताया जाता है कि उस समय हाईवे पर सघन कोहरा छाया हुआ था, जिससे .श्यता बहुत कम थी। टक्कर के बाद स्विफ्ट कार हाईवे के डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में स्विफ्ट कार के चालक तस्लीम राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, ग्रैंड विटारा कार में सवार जुबेर पुत्र खुरशीद, निवासी बलवा सकुशल रहे और उन्हें कोई चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल तस्लीम राणा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में, सूचना पाकर पहुंचे उनके परिजनों ने उन्हें विस्तृत इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए।

हल्का प्रभारी एसआई अंकुर कुमार ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है। शिकायत मिलने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





# थानाभवन क्षेत्र की बेटियों ने रचा इतिहास

## पायल कश्यप बनीं राष्ट्रीय पैरा डाटर्स चैंपियन, मलेशिया के लिए चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के लिए यह गर्व का क्षण है, जब गांव लतीफगढ़ की होनहार खिलाड़ी पायल कश्यप ने देशभर के प्रतिभाशाली दिव्यांग खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए प्रथम पैरा डार्ट्स राष्ट्रीय चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह ऐतिहासिक प्रतियोगिता कानपुर में दो दिवसीय आयोजन के रूप में संपन्न हुई, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।

इस प्रतिष्ठित प्रथम पैरा डार्ट्स राष्ट्रीय चौंपियनशिप में पायल कश्यप ने महिला वर्ग द्धविंग स्टैंडिंग श्रेणीत्र में बेहतरीन सटीकता और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला जीतते हुए पहला स्थान हासिल किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल जनपद शामली बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही पायल कश्यप का चयन आगामी अप्रैल माह में मलेशिया में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय पैरा डार्ट्स चौंपियनशिप के लिए हो गया है। यह चयन उनके कठिन परिश्रम, लगन और खेल के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अब पायल विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर देश के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि लाने की तैयारी में जुट गई हैं।

## भावना ने भी बढ़ाया क्षेत्र का मान

इसी प्रतियोगिता में थाना भवन क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर की भावना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। भावना की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि क्षेत्र की बेटियां किसी भी मंच पर अपनी प्रतिभा से पहचान बना सकती हैं। स्वर्ण पदक जीतकर जब पायल कश्यप अपने गांव लतीफगढ़ पहुंचीं तो पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। कस्बे के सम्मानित नागरिकों, युवाओं और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। लोगों ने मिठाइयां बांटकर इस ऐतिहासिक सफलता का जश्न मनाया और पायल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## युवाओं के लिए प्रेरणा बनीं पायल और भावना

पायल कश्यप और भावना की यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पूरे शामली जनपद के लिए गर्व की बात है। इन दोनों खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद यदि हौसले बुलंद हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। इनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के युवाओं, विशेषकर दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत प्रेरणा बनेगी कि मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास से राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई जा सकती है।थाना भवन क्षेत्र की बेटियों ने आज यह दिखा दिया है कि खेल का मैदान किसी भी कमजोरी को ताकत में बदल सकता है। अब पूरे क्षेत्र की निगाहें मलेशिया में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर टिकी हैं, जहां पायल कश्यप एक बार फिर भारत का परचम लहराने के लिए उतरेंगी।



# मॉर्निंग वॉक के लिए ट्रेक का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के नवीन मंडी रोड स्थित मुंडेट रोड पर नगर पालि. का द्वारा मॉर्निंग वॉक के लिए ट्रेक का निर्माण शुरू कर दिया है। चेयरमैन अरविन्द संगल ने मंगलवार को ट्रेक के निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और उचित दिशा निर्देश दिए। नगर पालिका क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक के लिए कोई बेहतर स्थान न होने पर नगर पालिका ने शामली के नवीन मंडी रोड स्थित मुंडेट रोड पर ट्रेक का निर्माण प्रारंभ कर दिया है। इससे सवेरे मॉर्निंग वॉक के लिए जाने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। मंगलवार को नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने मौके पर पहुंचकर कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने बताया कि यह ट्रेक 15 फुट चौडा और करीब एक किलोमीटर दोनो ओर से लंबा होगा। ट्रेक पर घूमने वालों के लिए बैठने की बेहतर सुविधा होगा। पौधे लगाए जाएगी और रात्रि के लिए आधुनिक स्ट्रीट लाईटे लगाई जाएगी। बताया कि शामली के लोगों के लिए यह टहलने के लिए बेहतर स्थान साबित होगा, जिससे सभी को सुविधाऐं मिल सकेगी और इससे यातायात पर भी कोई प्रभाव नही पडेगा।



# यूजीसी कानून वापस लेने की मांग को ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूजीसी कानून 2026 को वापस लेने की मांग को लेकर सर्व ब्राह्मण महासभा एवं सवर्ण समाज के आह्वान पर सोमवार को सैकड़ों लोगों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

आज सर्व ब्राह्मण महासभा एवं सवर्ण समाज सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील शांडिल्य, राष्ट्रीय प्रभारी पं. अंकित शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्रीकान्त शर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने यूजीसी कानून 2026 को वापस लेने की मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में राष्ट्रीय प्रभारी पं. अंकित शर्मा ने कहा कि यूजीसी कानून 2026 समाज को आपस में बांटने वाला कानून है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह कानून सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाने वाला है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील शांडिल्य ने कहा कि इस कानून के लागू होने से कॉलेजों में पढ़ाई का माहौल खराब होगा और छात्र शिक्षा के बजाय राजनीति में उलझ जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का शोषण नहीं होना चाहिए, दोषियों को सख्त सजा मिले, लेकिन झूठे मुकदमे दर्ज कराने वालों पर भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके बाद सभी लोग रामलीला मैदान, हकीकत नगर चौक पर एकत्र हुए, जहां राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्रीकान्त शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि यूजीसी कानून 2026 से समाज में वैमनस्यता बढ़ेगी, इसलिए इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला संरक्षक विजय शर्मा, दीपक वत्स, बालकृष्ण शर्मा, महासचिव पं. अनिल शर्मा, जिलाध्यक्ष पं. सोनू शर्मा, परशुराम सेना जिलाध्यक्ष आधार भारद्वाज, महानगर अध्यक्ष पं. गिरीश शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी समाज को एकजुट होकर संवैधानिक तरीके से विरोध करने का आह्वान किया। इस मौके पर श्रीचंद शर्मा, पं. राजीव शर्मा, पं. दीपक शर्मा, राकेश शर्मा, पं. दुर्गा प्रसाद, सतीश शर्मा (टोडरपुर), पवन शर्मा, राहुल शर्मा, प्रशांत शर्मा, विनोद शर्मा, दीपक भारद्वाज, अरुण शर्मा, अशोक शर्मा, बृजमोहन शर्मा, हिमांशु शर्मा, अमित शर्मा (बोन्सा), मांगेराम शर्मा (बेलका), सागर शर्मा, रोहित प्रधान, सतीश शर्मा, सुनील (ब्रह्मपुरी), नरेंद्र शर्मा, पं. प्रदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# छात्र-छात्राओं को कराया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** जिलाधिकारी सहारनपुर की प्रेरणा से ग्राम ताजपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को सोफिया इंटरनेशनल स्कूल का शैक्षिक भ्रमण कराया गया जहाँ छात्र छात्राओं ने विद्यालय के वातावरण को नजदीक से देखा और विभिन्न खेल-कूद एवं शैक्षिक गतिविधियों में भाग लिया।

इस दौरान शैक्षिक भ्रमण पर आये छात्र छात्राओं ने सोफिया इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों से आपसी मुलाकात की जिससे उनमें सीखने, समझने और विश्लेषण करने की क्षमता का विकास हुआ। भ्रमण के दौरान छात्रों के साथ आए शिक्षकों ने भी विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, संसाधनों और गतिविधियों का अवलोकन किया। स्कूल के निदेशक कोणार्क चौधरी ने कहा कि इस प्रकार की पहल ग्रामीण छात्रों के शैक्षिक, बौद्धिक एवं सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस प्रकार के आयोजन से छात्र छात्राओ मे आत्मविश्वास पैदा होता है। शिक्षा विभाग एंव विद्यालय के संयुक्त सहयोग से विद्यालय द्वारा सम्पन्न हुए इस आयोजन के दौरान आगंतुक छात्र छात्राओं को पेन, पेंसिल, रबर, शार्पनर आदि शैक्षिक सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की गई।

मुख्य रूप से प्रधानाचार्य मनोज कुमार अवस्थी, को-ऑर्डिनेटर श्रीमती अर्पिता विजान, राजेश कुमार, केशव अग्रवाल, श्रीमती किरण, स्वाति, पूनम, रजनी, वैशाली, सुनीता, बंदना, निधि, शगुन, हेमा, पारुल, मीनाक्षी, गरिमा, उर्वशी, शिवानी, सोनिया, शिवांशु, रमन, अजय, सौरभ, अभिषेक, दलजीत, प्रदीप, रोहित, पूजा आदि उपस्थित रहे।



# किशोर की मौत के मामले में पुलिस के हत्थे चढ़े तीन आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडा में कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में 17 वर्षीय किशोर आहाद की मौत के मामले में पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो लाठियां भी बरामद की गई हैं।

थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने बताया कि यह घटना 1 फरवरी 2026 को हुई थी। ग्राम कुंडा में कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान आहाद गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। 2 फरवरी को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जिसके बाद मुकदमे में हत्या की धाराएं बढ़ाई गईं।

मामले की विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर बाबर, मुकर्रम और शाकिर पुत्रगण नसीरु निवासी ग्राम कुंडा के नाम सामने आए। मंगलवार को पुलिस ने तीनों को कल्याणपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो लाठियां बरामद की गईं।

उन्होने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से बाबर और मुकर्रम के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि शाकिर का कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ वार्षिकोत्सव उड़ान का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के दो दिवसीय वार्षिक उत्सव उड़ान का समापन मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कमल कृष्णा, पदमश्री सेठपाल सिंह, चेयरमैन डॉ एस. सी. कुलश्रेष्ठ, सचिव संकल्प कुलश्रेष्ठ, श्रीमती मुक्ता कुलश्रेष्ठ, श्रीमती पूनम शर्मा, प्राचार्य डॉ अंजू वालिया ने संयुक्त रूप से किया।

छात्र छात्राओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर एक प्रस्तुति दी गई जिसमें मेघा, कीर्ति, रितिका, इशा, रिंकी, शैली, मानसी, राधा, विनय, सिद्धार्थ, अर्शी, अलीशा, उर्वशी, हेमंत ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा दंगल एक्ट, पंजाबी, कॉमेडी, देशभक्ति, हरियाणवी, गुजराती आदि प्रस्तुतियां छात्र छात्राओं द्वारा दी गई। बीटेक कंप्यूटर साइंस में फबिहा परवीन, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में अलीशा जैदी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सर्वेश कुमार, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में रक्षित, पॉलिटेक्निक मैकेनिकल इंजीनियरिंग में कार्तिकेय, सिविल इंजीनियरिंग में बृजेश तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में विनायकांत व डी. फार्मा में प्रितपाल सिंह को सम्मानित किया गया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड बीटेक कंप्यूटर साइंस की छात्रा पूजा जायसवाल को दिया गया। बेस्ट टीचर का अवार्ड वासिफ राव को दिया गया। एक्सेल अवार्ड अजरा, रोहित सिंह, विकास शर्मा, सचिन कुमार, विकास सिंह कुशवाहा, कामिनी को मिला। राइजिंग स्टार का अवार्ड डॉ पंकज, रमन, आशीष शर्मा, अफाक को दिया गया। अनुशासन अवार्ड से प्रवीण कुमार, इवेंट मैनेजमेंट का अवार्ड आयुषी धीमान तथा सर्वश्रेष्ठ समर्पण अवार्ड तालिब राणा ने प्राप्त किया। श्रममेव जयते अवार्ड प्राप्त करने वालों में सौरभ व फूलमती रहे।




संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान केवल इमारत से नहीं बल्कि वहां पढ़ने वाले छात्रों, मार्गदर्शन देने वाले शिक्षकों और सहयोग करने वाले अभिभावकों से होती है। सचिव संकल्प कुलश्रेष्ठ ने कहा कि छात्रों की मेहनत, जिज्ञासा और रचनात्मकता ही हमारे भविष्य की नींव है। पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक दायित्व भी जीवन में उतना ही महत्वपूर्ण है।

मुख्य रूप से उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता, डॉ पूजा तोमर श्रीमती मीनाक्षी काकरान, डॉ नेहा त्यागी, सक्षम अरोड़ा व दिबा सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस ने स्मैक के साथ तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** पुलिस ने रुड़की रोड पर ग्राम रजापुर जयसिंघा के पास सघन चेकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर को रंगे हाथों दबोच लिया।

थाना प्रभारी विनय शर्मा के कुशल निर्देशन में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर उप-निरीक्षक मशकूर अली, हैड कांस्टेबल रोहित तोमर और कांस्टेबल कुलदीप कुमार ने आरिश पुत्र कल्लू उर्फ नसीम, निवासी गांव गंदेवड़ा, थाना फतेहपुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 12.20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई, जो एनडीपीएस एक्ट के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस के अनुसार, आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि नशे की सप्लाई चेन के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक्स का पता लगाया जा सके।

# विवादित पोस्ट डालने पर बना आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट पर आक्रोश प्रकट करते हुए कोतवाली प्रभारी को नामजद तहरीर देकर कड़ी कार्रवाही की माँग की है।पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।

आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रोहित राज गौतम के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता कोतवाली पहुँचे और कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपने मोबाईल फोन में एक पोस्ट देखी है जो विजय पुत्र प्रदीप निवासी ग्राम सम्भलहेड़ी थाना रामपुर मनिहारान द्वारा डाली गई है।जिसमें उसके साथ एक अज्ञात व्यक्ति भी नजर आ रहा है। पोस्ट में वह दलित व पिछड़ा वर्ग को यूजीसी के बहाने गन्दी गन्दी गालियां व अपमान जनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं तथा सरकार विरोधी बातों का बखान कर रहे हैं।जो अपने को सवर्ण हिन्दू बताते हुए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद के विरोध में आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। उनके द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति के विरुद्ध अपमानजनक जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया है जिससे समाज में रोष व भीम आर्मी,आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं एससी,एसटी में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाही की माँग की है। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।



इस दौरान रामपुर मनिहारान विधानसभा अध्यक्ष अनुज चंद्रा, नगर अध्यक्ष सुंदर लाल, गौरव बजरंगी, सौरभ, सुशील नानू, सोनू, अजय आदि मौजूद रहे।

# बाइक व कार की टक्कर में युवक की मौत

**रामपुर मनिहारान।** थानाक्षेत्र के गांव हरपाल में बाइक व कार की टक्कर हो गयी जिसमें बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे सहारनपुर चिकित्सालय में ले जाया गया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी है।

गांव हरपाल का पैंतीस वर्षीय सुरेंद्र सैनी यमुनानगर में नौकरी करता है रविवार को जब वह अपने गांव हेलमेट पहनकर अपनी बाइक पर सवार होकर अपने गांव वापस आ रहा था। तो फन्दपुरी इस्लामनगर राजवाहे पर बने मार्ग पर सहजवी की पुलिया के निकट एक वेगन आर रजिस्ट्रेशन नंबर डी एल 4 सी ए एस 5741 सवार युवकों ने सुरेंद्र सैनी की बाइक में टक्कर मार दी । टक्कर होते से सुरेंद्र सैनी गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर होने के बाद बाइक व कार राजवाहे में जा गिरी।

# संत रविदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**नागल।** मंगलवार को कस्बे में संत शिरोमणि रविदास महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक रविंद्र मोल्हू ने फीता काटकर किया।

कस्बे के बढ़ेडी कोली स्थित संत रविदास मंदिर मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रविंद्र मोल्हू ने कहा कि समाज मे व्याप्त पांखड, असमानता, कुरीतियों पर प्रहार कर समाज को नयी दिशा दिखाने वाले संत शिरोमणि रविदास महाराज के बताये रास्ते पर चलकर ही समाज का उत्थान हो सकता है। बढेडी कौली रविदास मंदिर से बैड बाजा, विभिन्न सांस्कृतिक झांकियो, अखाडा कलाकारों से सुसज्जित

प्रारंभ हुई शोभायात्रा कस्बे के मेन बाजार, शिव चौक, बस स्टैंड, जीटी रोड ब्लॉक चौराहा होते हुए वापस संत रविदास मंदिर पर आकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से शोभायात्रा कमेटी के प्रधान प्रदीप काला ,

जय प्रकाश कर्णवाल, बिरमपाल प्रधान, हिमांशु गौतम, दीपक गौतम, पूर्व प्रधान विजेंद्र कुमार, अनिल फौजी, राजू पहलवान, कामेश कुमार मनोज कुमार, अंकित कुमार, सुबोध कुमार, जगत सिंह, प्रवीण कुमार शांति, बीर सिंह,डा सोनू ,देवेंद्र धवलहार, अरूण कुमार, कमल सिंह, अक्षय कुमार, पिंटू, विशाल कुमार, सुबोध कुमार, अंकित कुमार, प्रवीण बबला,विकास कुमार,शिवचरणआदि उपस्थित रहे।

चिलकाना। क्षेत्र के गांव तिरफुआ कलां में श्री गुरु रविदास जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ परम्परागत तरीके से मनाया गया। पुलिस प्रशासन की देख रेख में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी गांव में पर्व शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ। मंगलवार को तिरफुआ कलां में धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई ग्राम तिरफुआ कलां में निकाली गई शोभायात्रा में धार्मिक धुन पर बजते ढोल नगाड़े, बैंड बाजे व धार्मिक झांकियां सभी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा।


## विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, सहारनपुर उ.प्र.पावर ट्रान्समिशन कारपोरशन लि.

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नवनिर्मित 220 के.वी. शामली (400)-देवबन्द (220) डबल सर्किट लाइन जोकि ग्राम शामली बन्तीखेडा, केडी गांव, रायपुर, गौसगढ़, जलालपुर, ऊमरपुर, जडौदा पाण्डा, श्यामपुर, शिमलाना, नयागांव, बड़ूली, भायला खुर्द, खडन्जा अमरपुर, नल्हेडा आसा, साखन कला, साखन खुर्द एवं 220 के.वी. तल्हेडी उपकेन्द्र इत्यादि के क्षेत्र से गुजर रही है उक्त लाईन से क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था के सुदृढीकरण एवं जनमानस को बेहतर व गुणवत्तापूर्वक विद्युत आपूर्ति किये जाने के परिपेक्ष में दिनांक 04.02.2026 को उर्जीकृत किया जायेगा।

अत: जनसाधरण से सहयोग की अपेक्षा है।

**''राष्ट्रहित में बिजली बचाये''**

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, सहारनपुर।**
**फोन नं.:- 9412749890**

पत्रांक/No. 146 / विपाखद्विस/ETD-II/SRE/सूचना    दिनांक 03/02/2026



## कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर।

पत्रांक 3430 / जि0पं0 / 2025-2026    दिनांक- 02-02-2026

**सामान्य / ई-निविदा सूचना**

जिला पंचायत के पंजीकृत समस्त ठेकेदारों एवं उ0प्र0 शासकीय गजट नोटिफिकेशन संख्या 1425/23-2-2020-80 जी -2000, दिनांक 14.07.2020 के अनुपालन में राज्य सरकार सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, सहारनपुर को प्राप्त 15 वॉं वित्त आयोग (अनटाईड फण्ड) अनुदान वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत 05 निर्माण कार्यो व 15 वॉं वित्त आयोग (टाईड फण्ड) अनुदान वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत 09 निर्माण कार्यो एव पंचम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त शासकीय अनुदान वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत कुल 15 निर्माण कार्य एंव जिला पंचायत, सहारनपुर मे उपलब्ध जिलानिधि की धनराशि के सापेक्ष वर्ष 2025-2026 के अन्तर्गत कुल 18 निर्माण कार्य (अंकन 10.00 लाख रूपये तक) की द्वितीय बार सामान्य निविदायें दिनांक 16.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो तददिनांक को अपरान्ह 03:00 बजे से उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर में खोली जाएगी व निविदा फार्म दिनांक 13.02.2026 को कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर सें प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकेगे।

जिला पंचायत, सहारनपुर को प्राप्त 15 वॉं वित्त आयोग (अनटाईड फण्ड) अनुदान वर्ष 2025-26 के अर्न्तगत कुल 02 निर्माण कार्यो व 15 वॉं वित्त आयोग (टाईड फण्ड) से प्राप्त शासकीय अनुदान वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत कुल 03 निर्माण कार्य एंव जिला पंचायत, सहारनपुर मे उपलब्ध जिलानिधि की धनराशि के सापेक्ष वर्ष 2025-2026 के अन्तर्गत कुल 20 निर्माण कार्यों (अंकन 10.00 लाख रूपये से अधिक धनराशि) की द्वितीय बार ई-निविदा दिनांक 17.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो तदिनांक को अपरान्ह 02:30 बजे से गठित निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदाए ई-टैण्डरिंग व्यवस्था से डाउनलोड थ अपलोड की जायेगी। प्रत्येक सामान्य निविदा / ई - निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ०डी०आर० व टैण्डर मूल्य का डी0डी0 जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सहारनपुर के पदनाम पर बन्धक होगी संलग्न करनी होगी। निर्माण कार्य से सम्बन्धित शर्तें किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 09.02.2026 के उपरान्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जनपद की वैबसाईट www.saharanpur.nic.in से डाउनलोड कर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी / मा० अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत, सहारनपुर में निहित होगा।

(मुकेश कुमार)
अभियन्ता,
जिला पंचायत, सहारनपुर

(चन्द्रवीर सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, सहारनपुर

(मॉगेराम चौधरी)
अध्यक्ष,
जिला पंचायत सहारनपुर



## कार्यालय उप निदेषक(निर्माण)
## राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0
## नवीन मण्डी स्थल, चिलकाना रोड, सहारनपुर।

पत्रांक निर्माण/स0पुर/निविदा/2026-1001    दिनांकः-03.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

मण्डी परिषद निर्माण खण्ड, सहारनपुर के क्षेत्रान्तर्गत अधोलिखित कार्य हेतु वित्तीय रुप से सुदृढ एवं अनुभवी मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा दिनांक 25.02.2026 को शाम 5.00 बजे तक ऑनलाइन आमन्त्रित की जाती है। आनॅलाइन निविदा www.etender.up.nic.in पर दिनांक 18.02.2026 को प्रात 10.00 बजे से दिनांक 25.02.2026 की शाम 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.02.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे खोली जायेगी एवं तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त वित्तीय बिड खोली जायेगी। उक्त निर्धारित तिथि को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाने की दशा में अगले कार्य दिवस में उक्त निर्धारित समय के अनुसार ही तकनीकी बिड व वित्तीय बिड खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र0. सं. | कार्य का विवरण | निर्माण कार्य की अनुरंक्षण लागत सहित (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +जी0एस0टी0 (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की तिथि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मण्डी समिति, सुल्तानपुर चिलकाना के क्षेत्रान्तर्गत अम्बाला रोड से रायपुर कल्याणपुर तक लं0 1.90 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111866 | 35.36 | 3.54 | 5400+955 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 2 | मण्डी समिति, सुल्तानपुर चिलकाना के क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगला नल्हेडा मार्ग से सलिरी लं0 1.00 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111868 | 16.57 | 1.66 | 2500+448 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 3 | मण्डी समिति, सहारनपुर के क्षेत्रान्तर्गत कासमपुर से फतेहपुर टांडा लं0 2.60 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111869 | 47.13 | 4.74 | 7100+1273 | तीन माह | 90 दिन | 'स' |
| 4 | मण्डी समिति, सहारनपुर के क्षेत्रान्तर्गत सहारनपुर दिल्ली रोड से ककरकुई लं0 0.60 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111873 | 14.84 | 1.49 | 2300+401 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 5 | मण्डी समिति, सहारनपुर के क्षेत्रान्तर्गत चान्दनपुर से छपरहेडी लं0 1.40 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111874 | 20.16 | 2.02 | 3100+545 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 6 | मण्डी समिति, सहारनपुर के क्षेत्रान्तर्गत भांकला पुल से खानपुर लं0 1.60 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111875 | 28.68 | 2.87 | 4400+775 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 7 | मण्डी समिति, सहारनपुर के क्षेत्रान्तर्गत कुम्हारहेडा से नवादा पुख्तोरा रोड से तिवाया लं0 0.80 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111876 | 14.94 | 1.50 | 2300+404 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 8 | मण्डी समिति, सहारनपुर के क्षेत्रान्तर्गत जनता रोड से सिम्भालका रोड लं0 0.50 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111878 | 13.91 | 1.40 | 2100+376 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 9 | मण्डी समिति, रामपुर मनिहारान के क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तांशीपुर से बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल लं0 0.90 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111879 | 16.73 | 1.68 | 2600+452 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 10 | मण्डी समिति, नकुड के क्षेत्रान्तर्गत मच्छरहेडी से मोहद्दीनपुर का अवशेष भाग तक लं0 2.00 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111880 | 24.09 | 2.41 | 3700+651 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 11 | मण्डी समिति, देवबन्द के क्षेत्रान्तर्गत सलेमपुर से ताजपुर लं0 1.47 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111882 | 28.24 | 2.83 | 4300+763 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 12 | मण्डी समिति, गंगोह के क्षेत्रान्तर्गत सातौर रोड से जुखेडी तक लं0 1.00 किमी0 सम्पर्क मार्ग की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111884 | 15.53 | 1.56 | 2400+420 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 13 | मण्डी समिति, शामली के क्षेत्रान्तर्गत लोई से नीमखेडी सम्पर्क मार्ग लं0 2.00 किमी0 की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111886 | 35.95 | 3.60 | 5400+971 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 14 | मण्डी समिति, थानाभवन के क्षेत्रान्तर्गत अम्बहेटा याकूबपुर से दथेडी- दुखेडी तक सम्पर्क मार्ग लं0 2.50 किमी0 की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111889 | 34.25 | 3.43 | 5400+925 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 15 | मण्डी समिति, थानाभवन के क्षेत्रान्तर्गत मादलपुर से नोजली होते हुए नोजल सम्पर्क मार्ग लं0 2.00 किमी0 की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111890 | 34.47 | 3.45 | 5200+931 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 16 | मण्डी समिति, कांधला के क्षेत्रान्तर्गत घसौली से लूम्ब तक सम्पर्क मार्ग लं0 1.40 किमी0 की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2026_RKUMP_1111892 | 32.69 | 3.27 | 5000+883 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |

नोट-

1- निविदा के साथ नॉन रिफेडेबिल निविदा मूल्य ऑनलाइन भारतीय स्टेट बैक (IFSC Code SBIN0006688) के खाता संख्या 30394554900 में जमा कराकर रसीद ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

2- धरोहर धनराशि की धनराशि ऑनलाइन भारतीय स्टेट बैक (IFSC Code SBIN0006688) के खाता संख्या 30394554966 में जमा कराकर रसीद ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

3- ई-निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का पूर्ण अधिकार उप निदेशक (निर्माण), मण्डी परिषद, सहारनपुर को होगा।

4- परिषद पत्रांकः मु0अभि0-2/(1168)भाग-4/2005)/2022-1190 दिनांक 17.11.2022 द्वारा निविदाओं की पारदर्शी बनी रहे तथा और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त हो सके, मण्डी परिषद में पंजीकृत अन्य श्रेणी के ठेकेदार Standard Bidding Documents (S.B.D) में Qualification of Bidders के section 4.6 में दी गई व्यवस्था के अनुसार निविदाओं में प्रतिभाग कर सकेगें।

5- मुख्य नियम व शर्ते एवं सामान्य नियम व शर्ते कार्यालय अवधि में तथा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं उक्त निर्धारित अवधि में ऑनलाइन देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

6- समस्त मार्गो में प्रीमिक्सिंग एवं सीलकोट का कार्य मैकेनिकल पेवर से कराया जायेगा।

**उप निदेशक (निर्माण)**

# असमाजिक तत्वों पर यात्री प्रतीक्षालय तोड़ने का लगाया आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ऋषिपाल ने असमाजिक तत्वों पर यात्री प्रतीक्षालय को तोड़े जाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को ज्ञापन देकर संपत्ति को नष्ट करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मिरगपुर गांव निवासी ऋषिपाल ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को प्रार्थना पत्र देकर असमाजिक तत्वों पर यात्री प्रतीक्षालय को तोड़े जाने का आरोप लगाया है। ऋषिपाल ने बताया कि बेटे वरुण कुमार की स्मृति में देव. बंद-मंगलौर मार्ग से मिरगपुर जाने वाली सड़क पर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया था, ताकि लोग धूप और बारिश से बच सकें। आरोप है कि एक फरवरी की रात असमा. जिक तत्वों ने जेसीबी से उसे तोड़ दिया। ऋषिपाल ने उपजिलाधिकारी से सार्वजनिक उपयोग की संपत्ति को नष्ट करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# राज्यमंत्री ने महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के निर्माण का किया भूमि पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साइंस की कक्षाएं शुरू किए जाने की नगरवासियों की मांग जल्द ही पूरी होने जा रही है। योगी सरकार में लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने महाविद्यालय परिसर में विज्ञान संकाय के भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। उम्मीद हे कि सेशनल 2027-28 से विज्ञान की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी।

देवीकुंड रोड स्थित महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के भवन निर्माण के लिए पं. राकेश शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत भूमि पूजन कराया। इस दौरान राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि उनका प्रयास है कि जल्द से जल्द क्षेत्रवासियों की यह मांग पूरी हो सके। इसके लिए सबसे अहम भवन का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। प्राचार्य डा. गौरव बालियान ने बताया कि वर्ष 1996 से बीएससी संकाय की मान्यता है। परंतु महाविद्यालय में भवन न होने के कारण कक्षाएं शुरू नहीं हो सकी थी। मंत्री जी के प्रयास से आज भवन निर्माण की नींव का सपना हुआ है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक विजय सैनी और एक्सईएन संदीप कुमार इंदौरिया ने बताया कि विज्ञान संकाय के भवन निर्माण पर 6 करोड 60 लाख 23 हजार रुपये खर्च होंगे। जिसके लिए दो करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। संचालन डा. टीना ने किया। कार्यक्रम में कार्यदायी संस्था के एई अरविंद कुमार, जेई गौरव कुमार, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, गन्ना समिति चेयरमैन डॉ. उपेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी, मनोज सिंघल, विपिन त्यागी, अजय गांधी आदि शामिल रहे।



**■ उम्मीद हे कि सेशनल 2027-28 से विज्ञान की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी।**

# जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति ने किया निःशुल्क शिविर का आयोजन




**देवबन्द।** सामाजिक संस्था जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गाय।मोहल्ला पठानपुरा में लगाए गए शिविर का उदघाटन डा. काशिफ नाज ने किया। शिविर में चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों के रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी। संस्था के सचिव कारी आमीर उस्मानी ने कहा कि इस तरह के आयोजन असहाय व जरूरतमंद लोगों के लिए लाभदायक होते हैं। संस्था द्वारा समय समय पर इस तरह के शिविर लगाए जाते हैं। डा. शमून गौड, माहिन गौड, मुस्कान, मुकीम अब्बासी, डा. असमा, डा. नईम अली, बरीरा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सिविल बार एसोसिएशन परिसर में डॉ. शाजिया जीनत नाज ने कहा कि रविदास महाराज ने समता समानता एवं स्नेह तथा सोहार्द का संदेश दिया है।

सिविल बार एसोसिएशन परिसर में संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि रविद. ास महाराज ने समता मूलक समाज की व्याख्या पर जोर दिया और उनके बताए रास्ते पर सभी से चलने का आह्वान किया। महासचिव राकेश कुमार आर्य व डॉ. शाजिया जीनत नाज ने संयुक्त रुप से कहा कि रविद. ास महाराज ने समता समानता और स्नेह तथा सौहार्द का संदेश दिया और ऊंच नीच को समाप्त करने पर बल दिया। इस मौके पर ठाकुर राम प्रताप, गुलशन राय, रेणुका, अजय, आशीष शर्मा, प्रीतम कोहली, सुदेशपाल आदि अधिवक्ता शामिल रहे।



# पालिकाध्यक्ष से की मैनहाल को बंद कराए जाने की मांग



**देवबन्द।** मोहल्ला नेचलगढ़ में सड़क के बीच खुला मैनहाल हादसों को न्यौता दे रहा है। मोहल्लावासी और दुकानदार इस संबंध में पालिका अधिकारियों को अवगत करा चुका हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। मोहल्लावासी अरविंद कुमार, राकेश, सोमपाल आदि का कहना है कि मैनहाल पिछले काफी समय से खुला पड़ा है। जिसमें कई वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके हैं। पालिका अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। कोई हादसे का शिकार न हो इसके लिए इसके चारों और ईंटें रखी गई हैं। उन्होंने पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग से जनहित में मैनहाल को लोहे का जाल लगवा कर बंद कराए जाने की गुहार लगाई है।

# मकान में आग लगने से सामान और नकदी जल कर राख



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कोतवाली शहर क्षेत्र के मौहल्ला नई बस्ती में देर शाम एक मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में घर में रखा लाखों का सामान और 50 हजार की नगदी जलकर राख हो गई।

यह घटना नई बस्ती निवासी बाला देवी पत्नी स्व. वीरेंद्र कुमार के मकान में हुई। बाला देवी ने अपने बेटे की शादी के लिए घर में काफी सामान इकट्ठा कर रखा था, जो आग की भेंट चढ़ गया। घटना के समय बाला देवी घर पर अकेली थीं। उनके दोनों बेटे नोएडा में नौकरी करते हैं और इकलौती बेटी की शादी हो चुकी है। बाला देवी घर में ही एक छोटी परचून की दुकान चलाती हैं।

बताया जा रहा है कि शाम के समय उन्होंने कमरे में रखी मूर्ति के सामने दिया जलाया था और उसके बाद दुकान पर आ गई थीं। आशंका जताई जा रही है कि इसी दिए से आग लगी, जिसने देखते ही देखते पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया।

आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक घर का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

## गायत्री शक्तिपीठ पर गायत्री यज्ञ

**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद पर पूर्णिमा पर्व पर नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली श्रीमती सारिका अग्रवाल, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, नीलम बरनवाल ने नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। विपिन राजपूत ने मुख्य दीप प्रज्वलित किया। गायत्री साधकों ने संत रविदास को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि महापुरुष संपूर्ण विश्व के लिए वंदनीय होते हैं। संत रविदास को मीराबाई ने गुरु रूप में माना। गायत्री परिवार जिला समन्वयक पुखराज सिंह, जिला सह समन्वयक जितेन्द्र सिंह द्वारा गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद एवं किरतपुर की ब्लॉक समन्वय समितियों का पुनर्गठन किया गया। जिसमें श्रीमती कामेश शर्मा को ब्लॉक समन्वयक नजीबाबाद, मंजीत गहलौत को किरतपुर ब्लॉक समन्वक बनाया गया। कमल शर्मा, महेश चंद्र, महीपाल सिंह, अशोक वर्मा, राज भटनागर, हरीश शर्मा, सुमन वर्मा, रिंकी सिंह, प्रेमलता शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## शिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** शिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और निर्बाध बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन और विद्युत विभाग ने कमर कस ली है। इसी क्रम में नहटौर क्षेत्र से गुजरने वाले कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग ने एक विशेष अभियान चलाया। कांवड़ यात्रा के दौरान अक्सर बारिश का मौसम रहता है, जिससे लोहे के विद्युत खंभों में करंट उतरने का खतरा बढ़ जाता है। श्रद्धालुओं, विशेषकर ऊँची कांवड़ लेकर चलने वाले शिवभक्तों की सुरक्षा को देखते हुए, विभाग ने मुख्य मार्ग पर स्थित सभी विद्युत खंभों को पॉलीथिन और प्लास्टिक शीट से कवर कर दिया है। विद्युत विभाग के साथ-साथ पुलिस प्रशासन भी कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर रहा है। सड़कों की मरम्मत और सफाई का कार्य भी अंतिम चरण में है ताकि शिवभक्तों को अपनी यात्रा के दौरान किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। जेई चेतराम सिंह का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बारिश के कारण खंभों में करंट न आए, इसलिए सभी पोल को पॉलीथिन से ढका गया है और जर्जर तारों को बदला जा रहा है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHD KALEEM से बदलकर KALEEM HASHMI कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**KALEEM HASHMI**
**S/O AMEER HASAN**
**ABULMALI DEOBAND,**
**SAHARANPUR**

**यूनियन म्यूचुअल फंड**
**यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड**
**यूनियन म्यूचुअल फंड के लिए निवेश प्रबंधक**
**कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआयएन): U65923MH2009PTC198201**
**पंजीकृत कार्यालय:** यूनिट ५०३, ५वीं मंजिल, लीला बिजनेस पार्क, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - ४०००५९
टोल फ्री नंबर : १८००२००२२६८ / १८००५७२२२६८; नॉन-टोल फ्री: ०२२-६७४८३३३३
वेबसाइट : www.unionmf.com; ईमेल : investorcare@unionmf.com

Union Mutual Fund

**सूचना**

यहाँ सूचित किया जाता है कि यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ("**यूनियन एएमसी**"), जो यूनियन म्युचुअल फंड की योजनाओं के लिए निवेश प्रबंधक है, द्वारा यह सूचित किया जाता है कि श्री नितिन कुमार, पिता का नाम श्री नवहाब सिंह, आवास संख्या ५७०/१६४, भारतीय कॉलोनी, पटेल नगर, जिला मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश २५१००१, जो कि यूनियन एएमसी के पूर्व कर्मचारी थे, २३ मई २०२५ के पश्चात यूनियन एएमसी से किसी भी रूप में रोजगारित, संबद्ध मे जुड़े नहीं हैं।

यूनियन एएमसी को कानून प्रवर्तन अधिकारियों से प्राप्त संचार और दस्तावेजों के माध्यम से जानकारी मिली है कि श्री नितिन मेहरा नामक एक व्यक्ति ने ऐसा बयान जारी किया या प्रचारित किया है जो यूनियन म्युचुअल फंड के आधिकारिक संचार के समान प्रतीत होते हैं। ऐसे दावे यूनियन एएमसी से किसी प्रकार के संबद्धता या रोजगार का गलत प्रभाव उत्पन्न कर सकते हैं। यूनियन एएमसी स्पष्ट करता है कि उसने श्री नितिन मेहरा नामक किसी व्यक्ति को न तो नियुक्त किया है और न ही किसी प्रकार से संलग्न किया है तथा वह उक्त व्यक्ति की पहचान, भूमिका, आचरण या कार्यों के लिए किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है।

सार्वजनिक को यहाँ सूचित, जानकारी दी जाती है और सचेत किया जाता है कि श्री नितिन कुमार और/या श्री नितिन मेहरा के पास यूनियन एएमसी / यूनियन म्यूचुअल फंड की ओर से किसी भी प्रकार का व्यवसाय करने, प्रतिनिधित्व करने या किसी भी लेन-देन में प्रवेश करने का कोई अधिकार नहीं है और न ही उनके पास कभी, चाहे श्री नितिन कुमार के यूनियन एएमसी में कार्यकाल के दौरान हो या अन्यथा, यूनियन एएमसी / यूनियन म्यूचुअल फंड की ओर से कोई धनराशि अपने व्यक्तिगत खाते में जमा करने या प्राप्त करने का अधिकार या अनुमति थी।

भूत, वर्तमान या भविष्य में किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत खाते में प्रेषित या हस्तांतरित की गई धनराशि को यूनियन एएमसी और/या यूनियन म्यूचुअल फंड के साथ वैध लेन-देन के रूप में मान्यता नहीं दी जाएगी और इसे लागू ऑफ़र दस्तावेज़ों तथा प्रचलित नियामक आवश्यकताओं के तहत निवेश स्वीकार करने के तरीकों के अनुरूप नहीं माना जाएगा। श्री नितिन कुमार और/या श्री नितिन मेहरा के साथ, कथित रूप से यूनियन एएमसी और/या यूनियन म्यूचुअल फंड से संबंधित किसी भी लेन-देन, चाहे वह वित्तीय हो या अन्यथा, उनके साथ व्यवहार करने वाले व्यक्तियों के अपने एकमात्र जोखिम, जिम्मेदारी और परिणाम होंगे। यूनियन एएमसी / यूनियन म्यूचुअल फंड किसी भी प्रकार से, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में, ऐसे व्यवहारों या उनसे संबंधित किसी भी लेन-देन के कारण होने वाले किसी भी नुकसान, हानि, दावे या परिणाम के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

यह सूचना निवेशकों और आम जनता के हित में जारी की गई है।

**यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की ओर से**
(यूनियन म्यूचुअल फंड के लिए निवेश प्रबंधक)
सही/-
**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

स्थान: मुंबई
तिथि: ०३/०२/२०२६

**म्यूचुअल फंड में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन हैं, सभी योजना संबंधित दस्तावेज़ों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।**

**वैधानिक विवरण: संविधान:** यूनियन म्यूचुअल फंड को भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, १८८२ के अंतर्गत एक ट्रस्ट के रूप में स्थापित किया गया है; प्रायोजक: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और डाई-इची लाइफ होल्डिंग्स, इंक; ट्रस्टी: यूनियन ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN): U65923MH2009PTC198198, जो कि कंपनीज एक्ट, १९५६ के तहत सीमित देयता वाली कंपनी के रूप में पंजीकृत है;
**निवेश प्रबंधक:** यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN): U65923MH2009PTC198201, जो कि कंपनीज एक्ट, १९५६ के तहत सीमित देयता वाली कंपनी के रूप में पंजीकृत है।
सभी योजना संबंधित दस्तावेज़ों की प्रति हमारे किसी भी एएमसी कार्यालय/कस्टमर सर्विस सेंटर/डिस्ट्रीब्यूटर से प्राप्त की जा सकती है तथा हमारी वेबसाइट www.unionmf.com से भी उपलब्ध है।

## मंडावली में बेहोश मिला व्यक्ति

**मंडावली।** एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में सड़क पर मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। यह घटना मंडावली में आरा मशीन के पास हुई। व्यक्ति को बेहोशी की हालत में देखा गया और उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि बेहोश मिले व्यक्ति का नाम शुभम है और वह ग्राम गधाकी का रहने वाला है। घटना की सूचना मंडावली क्षेत्र थाने को दी गई। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। इसके बाद, थाना मंडावली में एसएसआई योगेंद्र सिंह को सूचित किया गया। सूचना मिलने पर दो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और शुभम को ओम चौधरी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, व्यक्ति की हालत में अब सुधार है।

## माधव बस्ती में हिन्दू सम्मेलन

**धामपुर।** माधव बस्ती नगर में हिन्दू सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जाह्नवी पब्लिक जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य वक्ता मुकेश कुमार विभाग कार्यवाह ने संघ की सौ वर्ष की यात्रा के विषय में वर्णन किया। विभाग प्रचारक क्रांति कुमार ने पंच परिवर्तन के बारे में विषय मैं जानकारी दी और सभी से उन्हें अपनाने का आह्वान किया। श्री गोपाल दास महाराज, श्री श्री 108 मंडलेश्वर, श्री पंचायती देव ऋषि अखाड़ा निवासी सिहाली बिजनौर ने हिंदुत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने सनातन धर्म को बड़े बलिदान और संघर्ष के बाद बचाए रखा है। इसलिए हम सभी को सनातन धर्म की रक्षा करनी चाहिए। जब सनातन धर्म बचेगा तभी भारत देश बचेगा। सबसे आरएसएस संघ का सहयोग करने का आह्वान किया। अंत में पंडित कैलाश दास जी महाराज ने सबको आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में रविंद्र कुमार, लोकेंद्र कुमार, मनोज कुमार, अनुज कुमार, विनोद कुमार, आनंद सिंह, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, नीरज बिंदल, अंकित कुमार, प्रीतम सिंह, पंडित रविकांत शर्मा आदि शामिल रहे। हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता ओमप्रकाश ने की और संचालन अनिल कुमार राजपूत ने किया।

## छात्राओं ने किया कोतवाली का भ्रमण

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की 11 छात्राओं को 'स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंशल प्रोग्राम/इंटर्नशिप' के तृतीय चरण के अंतर्गत थाना धामपुर भ्रमण हेतु ले जाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम चौहान के निर्देशानुसार प्रारंभ किया गया। थाना धामपुर पहुंचने पर उप निरीक्षक शिवानी द्वारा छात्राओं को SPEL कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु शासन द्वारा निर्धारित लिंक पर स्वयं को पंजीकरण करने के निर्देश भी दिए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा के नेतृत्व में 11 छात्राएं थाना धामपुर पहुंचीं। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली से परिचित कराना, कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनमें अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। छात्राओं ने इस कार्यक्रम को उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया।

## युवक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** मौहल्ला अचारजान निवासी अमन पुत्र पुष्पेंद्र सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार के साथ भंडारा खाने गया था। आरोप है कि वापसी के दौरान उसके ही मौहल्ले के गौतम, सुमित, नीरज और अजीत ने पुरानी रंजिश के चलते बैराज नहर के पास उसे रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में अमन को गंभीर चोटें आईं। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## अधिक मात्रा में शराब पीने से मौत

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक शराब पीने का आदी था। बीती शाम युवक ने अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन कर लिया था, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन में परिवार के लोग उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि परिजन उसे सीएचसी से लाने के बाद बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी युवक की हालत और ज्यादा खराब हो गई और उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की इस आदत से तंग आकर उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई थी। पुलिस ने मामले की जानकारी से अनभिज्ञता जताई है।

## मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**शेरकोट।** मौहल्ला मनिहारान निवासी मुतिउर्रह्मान पुत्र मौलाना उबेदुर्रह्मान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनके पुत्र के साथ मौहल्ला शेखान निवासी उबेद के पुत्र ने मारपीट की थी, जिसकी शिकायत लेकर वह उबेद के पास गया था।

# लापता युवक का शव मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गायब युवक का शव संदिग्ध हालत मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुर खास के गांव (मंडैयो) निवासी रतिराम सिंह का पुत्र कामेंद्र सिंह (26 वर्ष) सोमवार की शाम 5 बजे से लापता हो गया था, जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी थी। सूचना पर पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी थी। आज सुबह ग्रामीण और मृतक के परिजन युवक की तलाश में जुटे थे। गंगा खादर जाने वाले मार्ग पर गंगा मंदिर के निकट उसकी स्कूटी पड़ी दिखाई थी। ग्रामीणों ने देखा कि युवक का शव स्कूटी के पास ही कुछ दूरी पर पड़ा है। शव के पास तीन चार डिस्पोजल गिलास, तीन खाली बीयर की बोतल, एक अंग्रेजी शराब का खाली क्वाटर, कुछ पकौड़ी और माचिस पड़ी है। शव को देख कर परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। नजीबाबाद क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह, नांगल थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर, मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राक. ेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों और फॉरेंसिक टीम को दी। फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। टीम अपने साथ मौके से कुछ साक्ष्य साथ ले गई।

थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि मृतक युवक के पास से कुछ जहरीला पदार्थ भी मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चलेगा। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए कार्यवाही के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।







# भांबरी एटीपी युगल के टॉप 20 में

## रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बने युकी भांबरी



**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास टेनिस एकेडमी के एथलीट युकी भाम्बरी ताजा एटीपी रैंकिंग में करियर की बेस्ट रैंकिंग वर्ल्ड नंबर 20 पर पहुंच गए हैं, जिससे वह रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बन गए हैं, और भारत के टॉप रैंक वाले डबल्स खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। अपनी पिछली रैंक 22 से बड़ी छलांग लगाते हुए, युकी ने अपने करियर में पहली बार आधिकारिक तौर पर एटीपी डबल्स स्टैंडिंग के एलीट टॉप 20 में जगह बनाई है। यह रैंकिंग में उछाल 33 साल के खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन की वजह से आया है, जिन्होंने कई एटीपी टूर फाइनल में हिस्सा लिया है और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्वीडन के आंद्रे गोरान्सन के साथ जोड़ी बनाकर, युकी ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम, मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार प्रदर्शन किया, तीसरे राउंड में पहुंचकर रैंकिंग पॉइंट्स हासिल किए जो उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए जरूरी थे। पहले मैच में लोकल वाइल्डकार्ड जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट को हराने के बाद, युकी और गोरान्सन ने दूसरे राउंड में सैंटियागो गोंजालेज और डेविड पेल के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 4-6, 7-6(5), 6-3 से जीत हासिल की। अगले राउंड में एक कड़े मुकाबले में वे ब्राजीलियाई जोड़ी ऑरलैंडो लूज और राफेल माटोस से 6-7(7), 3-6 से हार गए। युकी 2025 सीजन से लगातार आगे बढ़ रहे हैं, जहां वे न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें एक सेट और ब्रेक का फायदा होने के बावजूद चौथी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी जो सैलिसबरी और नील स्कूपस्की से हार का सामना करना पड़ा था। मार्च 2025 में, भांबरी ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन के साथ जोड़ी बनाकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी 500 खिताब जीता। इस जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद चार मैच पॉइंट बचाकर मौजूदा यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन डबल्स चैंपियन हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन को एक रोमांचक फाइनल में 3-6, 7-6(12), 10-8 से हराया। सीजन की शुरुआत में, भांबरी भारत के नंबर 1 डबल्स खिलाड़ी भी बन गए थे, जिससे अनुभवी रोहन बोपन्ना का टॉप पर 286 हफ्ते का शानदार राज खत्म हो गया था। वह अभी मिडिल ईस्ट में एटीपी 500 स्विंग खेलने वाले हैं, इन बड़े टूर्नामेंट्स का इस्तेमाल करके वह रैंकिंग में और ऊपर जाना चाहते हैं और बाद में नीदरलैंड्स के खिलाफ डेविस कप टाई के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे।

# इंडियन रेसिंग फेस्टिवल रेसिंग का आईपीएल है: सौरभ गांगुली



**क्रिकेट में दबाव वाले पल आपको एक खिलाड़ी के बारे में सब कुछ बता देते हैं, रेसिंग में भी ऐसा ही है**

**पणजी, वार्ता।** जैसे ही गोवा की सड़कें 14 और 15 फरवरी को इंडियन रेसिंग फेस्टिवल (आईआरएफ) के लिए एक हाई-ऑक्टेन मोटरस्पोर्ट्स एरिना में बदलने के लिए तैयार हो रही हैं, कोलकाता रॉयल टाइगर्स के मालिक सौरव गांगुली का मानना है कि स्ट्रीट रेसिंग एक टीम के असली चरित्र को सामने लाती है, जो सिर्फ मशीनरी या लैप टाइम से कहीं ज्यादा है।

मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक अस्थाई स्ट्रीट सर्किट पर होने वाला गोवा राउंड आईआरएफ कैलेंडर के सबसे चुनौतीपूर्ण इवेंट्स में से एक है। एक रिलीज के अनुसार, गांगुली के लिए, स्ट्रीट रेसिंग का दबाव काफी जाना-पहचाना लगता है। गांगुली ने कहा कि स्ट्रीट रेसिंग सिर्फ कार का नहीं, बल्कि टीम का टेस्ट करती है। क्रिकेट में, दबाव वाले पल आपको एक खिलाड़ी के बारे में सब कुछ बता देते हैं। यहां भी ऐसा ही है। जब गलती की कोई गुंजाइश नहीं होती, तो चरित्र सामने आता है। क्रिकेट और मोटरस्पोर्ट के बीच तुलना करते हुए, पूर्व भारतीय कप्तान ने इंडियन रेसिंग फेस्टिवल की तुलना देश में क्रिकेट पर इंडियन प्रीमियर लीग के प्रभाव से की। उन्होंने कहा कि मेरे लिए, इंडियन रेसिंग फेस्टिवल रेसिंग का आईपीएल है। यह टॉप इंटरनेशनल टैलेंट, भारतीय ड्राइव. रों, टीम मालिकों और फैंस को एक ऐसे फॉर्मेट में एक साथ लाता है जो इंटेंस, प्रतिस्पर्धी और सुलभ है। जैसे आईपीएल ने लोगों के क्रिकेट से जुड़ने का तरीका बदल दिया, वैसे ही आईआरएफ मोटरस्पोर्ट के लिए ऐसा कर रहा है। गांगुली के अनुसार, परमानेंट सर्किट से शहर की सड़कों पर जाने से टीम के अप्रोच में मौलिक रूप से बदलाव आता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 2029 एशियन विंटर गेम्स अल्माटी में शिफ्ट किए गए

**कुवैत, वार्ता।** ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) ने सोमवार को घोषणा की कि 2029 के एशियन विंटर गेम्स कजाकिस्तान के अल्माटी में होंगे। यह इवेंट मूल रूप से सऊदी अरब में होने वाला था। ओसीए और कजाकिस्तान गुरुवार को इटली के मिलान में होस्ट सिटी कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करके समझौते को औपचारिक रूप देंगे। सऊदी अरब को 2022 में मेजबानी के अधिकार दिए गए थे। हालांकि, पिछले महीने, सऊदी ओलंपिक और पैरालंपिक समिति और ओसीए के एक संयुक्त बयान में घोषणा की गई थी कि इवेंट को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

### सेमीफाइनल में जायंट्स का मैच अंडरडॉग्स से होगा

**हरारे, वार्ता।** आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 अपने क्लाइमेक्स पर पहुंच रहा है, और मंगलवार को सभी की नजरें हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर टिकी हैं, जहां इंडिया अंडर19 का मुकाबला अफगानिस्तान अंडर19 से एक हाई-स्टेक्स सेमीफाइनल में होगा। इस मैच को एक क्लासिक जायंट्स बनाम अंडरडॉग्स शोडाउन के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें इंडिया टूर्नामेंट की फेवरेट टीम के तौर पर उतरी है, जो पांच मैचों में बिना हारे सेमीफाइनल में पहुंची है, जबकि अफगानिस्तान ने मोमेंटम और पक्के इरादे के साथ जायंट-किलर्स के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। इंडिया इस टूर्नामेंट की कहानी रही है। उनकी बैटिंग लाइनअप लगभग अजेय रही है, जिसकी लीडरशिप ओपनर वैभव सूर्यवंशी कर रहे हैं, जिन्होंने 134 की जबरदस्त रेट से रन बनाए हैं, और शुरुआत में ही गेम पर कब्जा करने में काबिल हैं। अभिज्ञान कुंडू, जिनका एवरेज 66.33 है, शांत एंकर रहे हैं, और अक्सर इंडिया को मुश्किल हालात से बाहर निकालते रहे हैं।

# एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर नोवाक

● **सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच आस्ट्रेलियन ओपन में अपने 38वें मेजर फाइनल में पहुंचे**



**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल तक पहुंचे नोवाक जोकोविच एटीपी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 3 पर पहुंच गए हैं। जोकोविच को फाइनल में कार्लोस अलकाराज से हार का सामना करना पड़ा।

अल्काराज ने मेलबर्न में इतिहास रचा, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। जबकि 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने ट्रॉफी उठाई, अन्य सितारों ने भी एटीपी रैंकिंग में ऊपर चढ़ने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने 38वें मेजर फाइनल में पहुंचे, लेकिन रिकॉर्ड-विस्तारित 25वां स्लैम और मेलबर्न में 11वां स्लैम जीतने से चूक गए। जोकोविच ने सेमीफाइनल में जानिक सिनर को हराकर विबलडन 2024 के बाद पहली बार स्लैम फाइनल में वापसी की, जब वह अल्काराज से भी हार गए थे। यह पहली बार है जब 38 वर्षीय खिलाड़ी अगस्त 2024 के बाद एटीपी रैंकिंग में टॉप 3 में हैं। 20 वर्षीय खिलाड़ी नंबर 24 लर्नर टिएन पांच स्थान के सुधार के साथ करियर के उच्चतम स्थान पर पहुंच गया है, जब वह 2002 के बाद किसी मेजर के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाला सबसे कम उम्र का अमेरिकी पुरुष बन गए। अमेरिकी खिलाड़ी ने दानिल मेदवेदेव के खिलाफ सीधे सेटों में प्रभावशाली जीत हासिल की, जिससे दोनों की हेड2हेड श्रृंखला में उनका रिकॉर्ड 3-1 हो गया। टिएन ने 2025 का अंत शानदार तरीके से किया जब उन्होंने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल का ताज जीता। ऑस्ट्रेलियन ओपन में एक अच्छे हफ्ते के बाद अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी आठ स्थान ऊपर चढ़ गए हैं।

# भारत एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी करेगा

## यह लगातार दूसरा अवसर होगा, जब भारत इन स्पर्धाओं की शीर्ष महाद्वीपीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश में ओलंपिक खेल शूटिंग की शासी संस्था, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने आज घोषणा की कि नई दिल्ली ने एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी का अधिकार हासिल कर लिया है।

इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में लॉस एंजेलिस 2028 (एलए 28) ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर होंगे। इसकी पुष्टि एशियन शूटिंग कॉन्फेडरेशन (एएससी) के महासचिव, इंजी. नियर दुआइज अलओतैबी द्वारा सोमवार को एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव को भेजे गए पत्र के माध्यम से की गई। यह लगातार दूसरा अवसर होगा जब भारत राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं की इस शीर्ष महाद्वीपीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ , जो इस खेल की वैश्विक शीर्ष संस्था है, ने पहले ही अप्रैल 2027 में नई दिल्ली में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/ पिस्टल/शॉटगन के आयोजन का अधिकार भारत को दिया है, जिसमें कुल 12 एलए 28 कोटा स्थान उपलब्ध होंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि यह हमारे भारतीय निशानेबाजों के लिए एलए 2028 की राह में एक बड़ा प्रोत्साहन होगा, क्योंकि अब उन्हें पूरे वर्ष में घरेलू लाभ के साथ दो ऐसे इवेंट्स मिलेंगे, जहां वे कोटा स्थान जीत सकते हैं। राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए यह और भी उत्साहजनक है। एनआरएआई की ओर से, मैं एएससी के महासचिव इंजीनियर अलओतैबी और उनकी टीम का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने विश्वस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिताओं की मेजबानी की भारत की क्षमता पर निरंतर भरोसा जताया है। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह सफलता एनआरएआई की पूरी टीम द्वारा किए गए अथक प्रयासों का परिणाम है और मैं सबसे पहले इस बड़ी उपलब्धि के लिए सभी को बधाई देता हूं। इसके अलावा, भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल मंत्रालय और भारत सरकार के विभिन्न विभागों व एजेंसियों द्वारा हमें मिला जबरदस्त सहयोग, भारत को विश्वस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिताओं के लिए सबसे पसंदीदा स्थलों में से एक के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# लगातार चौथी केसीएल जीत के साथ रोहतक रॉयल्स पहले स्थान पर

**सोनीपत, वार्ता।** एड्रॉइट स्पोर्ट्स एलएलपी के स्वामित्व वाली और रोहतक शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली कबड्डी फेंचाइजी रोहतक रॉयल्स ने उद्घाटन कबड्डी चैंपियंस लीग में भिवानी बुल्स को 43-35 से हराकर एक और शानदार जीत दर्ज की। यह इस सत्र में रॉयल्स की लगातार चौथी जीत रही, जिससे उन्होंने अंक तालिका में शीर्ष स्थान और भी मजबूती से बरकरार रखा। रेडर और डिफेंडर, दोनों ने मिलकर एक संतुलित और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सात अंकों के साथ टीम के टॉप स्कोरर रहे हिमांशु को 'बेस्ट डिफेंडर ऑफ द गेम' चुना गया। उन्हें अंकित (7 अंक), राकेश (6 अंक) और विजय (5 अंक) का शानदार सहयोग मिला। कप्तान संदीप नरवाल के साथ संदीप देसवाल और आर्यन ने भी जीत में अहम भूमिका निभाई और क्रमश: तीन, तीन और दो अंक जोड़े। चार जीत और एक हार के साथ रो. हतक रॉयल्स अंक तालिका में शीर्ष पर हैं और उनका स्कोर अंतर 34 है, जो लीग में सर्वाधिक है। अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज रोहतक रॉयल्स अब पानीपत पैंथर्स से भिड़ेंगे। मैच की शुरुआत में ही रोहतक ने पहला डिफेंसिव पॉइंट हासिल किया, जब कप्तान संदीप नरवाल ने विपक्षी खिलाड़ी को मैट पर रोका। विजय मलिक ने अपनी और टीम की पहली रेड में शानदार टच-एंड-रन के जरिए एक और अंक जोड़ा। पहले चार मिनट के भीतर ही रॉयल्स ने 5-1 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि भिवानी बुल्स ने उसी मिनट बोनस पॉइंट के साथ अपना खाता खोला।

# अल्काराज ने रॉटरडैम से नाम वापस लिया



● **कार्लोस अल्काराज की गैर मौजूदगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर-2 ज्वेरेव, फेलिक्स, अलियासिमे और डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे**

● **कार्लोस अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया**

**रॉटरडैम, वार्ता।** नए ऑस्ट्रेलियन ओपन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज ने रॉटरडैम में होने वाले एबीएन एमरो ओपन से नाम वापस ले लिया है, टूर्नामेंट ने यह घोषणा की है। पिछले सीजन में एटीपी 500 इनडोर हार्ड-कोर्ट टाइटल जीतने वाले स्पेन के अल्काराज, एटीपी वेबसाइट के अनुसार, 9 से 16 फरवरी तक होने वाले इस इवेंट में अपना खिताब बचाने के लिए वापस नहीं आएंगे। अल्काराज की गैरमौजूदगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर 2 अलेक्जेंडर ज्वेरेव , फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और एलेक्स डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे। अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया है।

22 साल के अल्काराज ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में नोवाक जोकोविच को चार सेट में हराकर मेलबर्न में अपना पहला टाइटल जीता था। सोमवार को, अल्काराज ने मेलबर्न में रॉयल एग्जीबिशन बिल्डिंग में एक सेलिब्रेशन फोटोशूट में भी हिस्सा लिया। अभी एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज ने अपने करियर में 15 बड़े टाइटल जीते हैं, जिसमें ग्रैंड स्लैम चैंपियनशिप, निट्टो एटीपी फाइनल्स में ट्रॉफी, एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स और एक ओलंपिक सिगल्स गोल्ड मेडल शामिल हैं।

# अबू धाबी और ओस्ट्रावा में डब्ल्यूटीए टूर पर डेब्यू कर रहा मर्सिडीज-बेंज स्टार

**अबू धाबी, वार्ता।** मर्सिडीज-बेंज स्टार एक बार फिर टेनिस के सबसे बड़े मंचों पर चमक रहा है। दिसम्बर में डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस एसोसिएशन) के साथ अपनी नई, लंबी अवधि की पार्टनरशिप की घोषणा के बाद, मर्सिडीज-बेंज अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में मुबाडाला अबू धाबी ओपन और चेक गणराज्य में ओस्ट्रावा ओपन में डब्ल्यूटीए के प्रीमियर पार्टनर के तौर पर डेब्यू कर रही है, जहां यह आइकॉनिक स्टार पहली बार नेट पोस्ट साइन पर दिखेगा। डब्ल्यूटीए पार्टनरशिप के साथ, मर्सिडीज-बेंज टेनिस के प्रति अपनी प्रतिब(ता को और बढ़ा रही है और वैश्विक मंच पर खेल को और आगे ले जाने की अपनी महत्वाकांक्षा को रेखांकित कर रही है।

डब्ल्यूटीए के प्रीमियर पार्टनर और एक्सक्लूसिव ऑटोमोबाइल पार्टनर के तौर पर, मर्सिडीज-बेंज डब्ल्यूटीए 1000, 500 और 250 टूर्नामेंट में मौजूद रहेगी और खिलाड़ियों, प्रशंसकों और मेहमानों के लिए अनोखे अनुभव बनाने का लक्ष्य रखती है। साथ ही, यह पार्टनरशिप महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मर्सिडीज-बेंज की महत्वाकांक्षा को रेखांकित करती है, जिससे खिलाड़ियों और प्रशंसकों की अगली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती है।

डब्ल्यूटीए वेंचर्स की सीईओ मरीना स्टोर्टी ने कहा,ष्हमें खुशी है कि मर्सिडीज-बेंज डब्ल्यूटीए टूर के प्रीमियर पार्टनर के तौर पर डेब्यू कर रही है, और यह आइकॉनिक स्टार दुनिया भर में महिला टेनिस के सबसे बड़े मंचों पर दिखाया जाएगा। डब्ल्यूटीए और मर्सिडीज-बेंज हमारे खेल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण और दुनिया भर में इसके विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता साझा करते हैं।

# श्रीलंका के विश्व कप दल में कामिडु मेंडिस की वापसी



● **पाक के खिलाफ हालिया टी-20 पारियों में रन गति बढ़ाने में नाकाम रहने के बाद धनंजय डीसिल्वा को बाहर का रास्ता दिखाया**

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने शनिवार से शुरू हो रहे टी-20 विश्व कप के लिए अपने 15 सदर्स्इय दल में कामिडु मेंडिस को वापस बुलाया है और वह धनंजय डीसिल्वा की जगह लेंगे। 23 वर्षीय बल्लेबाज पवन रत्नायके को टीम में जगह मिली है, लेकिन तेज गेंदबाज प्रमोद मदुशन के लिए कोई जगह नहीं है।

सबसे बड़ी चर्चा का विषय कामिडु की वापसी है, जो पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में शुरुआती एकादश का हिस्सा नहीं थे और इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज से पहले उन्हें बाहर कर दिया गया था।

लेकिन अब वह वापस आ गए हैं, जबकि इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ हालिया टी-20 पारियों में रन गति बढ़ाने में नाकाम रहने के बाद धनंजय को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। खुद कामिडु भी हाल के महीनों में बेहतरीन फॉर्म में नहीं रहे हैं। 2025 की शुरुआत से उन्होंने इस फॉर्मेट में सिर्फ 159 रन बनाए हैं, जहां उनका औसत 19-87 का रहा है। हालांकि इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 130-32 रहा है, जो थोड़ी उम्मीद जरूर देता है।

गेंद के साथ धनंजय की उपयोगिता को उनकी शुरुआती चयन की वजह माना गया था, लेकिन दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले कामिडु भी यह भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि 2025 की शुरुआत से उन्होंने 12 मैचों में सिर्फ छह ओवर ही डाले हैं। इससे बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर दुनित वेल्लालगे के लिए भी अंतिम एकादश में जगह बनाने की संभावना खुल गई है, लेकिन 23 वर्षीय खिलाड़ी के अनुभव की कमी उसके खिलाफ जाती है।

वह वनडे टीम में कुछ हद तक नियमित रहे हैं, लेकिन 2024 में डेब्यू के बाद से उन्होंने सिर्फ छह टी-20 खेले हैं।

# कमिंस को आईपीएल के लिए वापसी करने की उम्मीद

## तेज गेंदबाज पैट कमिंस पीठ की चोट से उबर रहे है



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पेस लीडर पैट कमिस ने बताया है कि वह नेशनल टीम के आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप कैंपेन का हिस्सा बनने के कितने करीब थे, क्योंकि यह तेज गेंदबाज पीठ की चोट से उबर रहा है और साल के आखिर में होने वाले मुश्किल टेस्ट शेड्यूल पर नजर रखे हुए है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के लिए समय पर मैदान पर लौट आएंगे, जो मार्च के आखिर में शुरू होगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, पीठ की पुरानी शिकायत समय पर ठीक नहीं होने के कारण कमिस को 7 फरवरी से शुरू होने वाले ज्20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की आखिरी 15 मेंबर वाली टीम से बाहर कर दिया गया। ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए, 31 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि रिहैबिलिटेशन के दौरान एक छोटी सी दिक्कत ने आखिरकार उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। कमिंस ने कहा कि यह सच में बहुत बुरा था। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, बस एक छोटी सी दिक्कत थी और सच में समय खत्म हो गया था। मैं कुछ हफ्ते आराम करूंगा और फिर आगे बढ़ूंगा।

कमिंस ने बताया कि एडिलेड टेस्ट के बाद, मेडिकल टीम ने अनुमान लगाया था कि प्रभावित हड्डी को पूरी तरह से ठीक होने और फिर ठीक होने में चार से आठ हफ्ते लगेंगे। शुरुआती संकेत अच्छे थे, लेकिन एक फॉलो-अप स्कैन से पता चला कि उन्हें और आराम की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शुरू में, हमें लगा कि शायद सिर्फ चार हफ्ते लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन मैंने अभी एक फॉलो-अप स्कैन करवाया। उन्हें लगा कि शायद कुछ और हफ्ते लगेंगे, इसलिए टाइमलाइन थोड़ी ज्यादा हो गई। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को उम्मीद है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के लिए समय पर मैदान पर लौट आएंगे, जो मार्च के आखिर में शुरू होगी, जहां उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद को रिप्रेजेंट करना है। हालांकि, कमिस ने जोर देकर कहा कि उनकी प्राथमिकता साल के दूसरे हिस्से में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के व्यस्त शेड्यूल के लिए पूरी तरह से फिट होना है। ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट की घरेलू सीरीज खेलनी है, जिसके बाद अक्टूबर से पहले दक्षिण अफ्रीका का तीन टेस्ट का दौरा होगा।

इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट और भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज होगी, ये सभी मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र के खत्म होने से पहले होंगे। कमिंस ने कहा कि हमें लगा कि साल का पहला आधा हिस्सा आने वाले क्रिकेट को ध्यान में रखकर कंजर्वेटिव रहने का अच्छा समय है। हम इसे ठीक कर लेंगे, फिर उम्मीद है कि इसका मतलब होगा कि आपको इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, और आप बस बाहर जाकर वे सभी टेस्ट मैच खेल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जबकि, अगर आप अभी इसके साथ सावधान नहीं हैं और यह बढ़ जाता है, तो आप थोड़ा पीछे भाग रहे हैं। पाकिस्तान से हाल ही में टी-20 सीरीज हारने और कई खास खिलाड़ियों के चोटिल होने की चिंताओं के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप में उतर रहा है, कमिस का मानना है कि टीम टाइटल के लिए चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है।

ऑस्ट्रेलिया अपने ग्रुप बी मैचों में आयरलैंड, जम्बिाब्वे, ओमान और को-होस्ट श्रीलंका का सामना करेगा।

# ज्वैलरी शोरूम में सनसनीखेज चोरी का खुलासा

## तीन महिलाओं समेत पांच लोग गिरफ्तार, कब्जे से तीन करोड़ के हीरे व सोने के जेवरात व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस व स्वार्ट/सर्विलांस की टीम ने संयुक्त रूप से ज्वैलरी शोरूम कैरटलेन में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन महिलाओं समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 3 करोड़ रूपए मूल्य के हीरे व सोने के आभूषण व 45 हजार रूपए की नगदी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।



पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 23 जनवरी को वादी कैरटलेन ज्वैलरी शोरूम के मैनजर अंकित मुखर्जी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि दिल्ली रोड स्थित कैरटलेन शोरूम में रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने स्टोर की दीवार तोड़कर सोने व डायमंड के आभूषण व नगदी चोरी कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। एसएसपी श्री तिवारी ने बताया कि आज थाना सदर बाजार पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव, निरीक्षक संजीव कुमार यादव, निरीक्षक सुनील शर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह, महिला उपनिरीक्षक श्वेता शर्मा व महिला उपनिरीक्षक चंचल के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में शामिल तीन महिलाओं समेत पांच आरोपियों इरशाद उर्फ काला व दिलशाद पुत्रगण अनीश उर्फ पीरू निवासीगण भंगी कालोनी नियर हसमत कालोनी थाना मंडी हाल पता सैतान चौक कलियर थाना कलियर जनपद रूड़की हरिद्वार उत्तराखंड, सलमा पत्नी अरशद निवासी भंगी कालोनी नियर हसमत कालोनी थाना मंडी सहारनपुर हाल पता नई बस्ती सरकारी ट्यूबवैल किराए का मकान सोनू का कलियर थाना कलियर जनपद हरिद्वार उत्तराखंड, कालीन पतनी अनीश उर्फ पीरू निवासी भंगी कालोनी नियर हसकत कालोनी थाना मंडी सहारनपुर हाल पता बंजारों का मौहल्ला पान की दुकान वाली गली थाना भगवानपुर जनपद रूड़की व सीमा पत्नी दिलशाद निवासी भंगी कालोनी नियर हसमत कालोनी थाना मंडी सहानपुर हाल पता सैतान चौक कलियर थाना कलियर जनपद रूड़की हरिद्वार उत्तराखंड को छोटी रेलवे लाईन खलासी लाईन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने व डायमंड के आभूषण जिनकी कीमत लगभग 3 करोड़ रूपए है व 45 हजार 100 रूपए की नगदी बरामद कर ली।

एसएसपी श्री तिवारी ने बताया कि दबोचे गए आरोपी इरशाद ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं एक माह से कबाड़ी बनकर दिल्ली रोड स्थित कैरटलेन ज्वैलरी शोरूम में रैकी कर रहा था। मैंने 22/23 जनवरी की रात में शोरूम के स्टोर की दीवार को गलेंडर से काटकर उसमें वहां रखे सोने व डायमंडी के आभूषण व नगदी चोरी कर ली थी तथा कलियर चला गया था।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मेरे द्वारा चोरी किए गए सामान को बेचने में मेरा भाई दिलशाद, मां काली, भाभी सीमा व सलमा मेरा सहयोग करते हैं। आज मैं अपने अपने भाई, मां व भाभी के साथ चोरी किए गए आभूषणों को दूसरे राज्य में बेचने जा रहा था तभी हमें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दबोचा गया आरोपी इरशाद शातिर किस्म का अपराधी हैं जिसके खिलाफ विभिन्न मामलों में अनेक थानों में लगभग 27 मुकदमे दर्ज हैं।

# प्रतियोगिता के मेधावी बच्चो को प्रदान किए स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज में अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रोहिणी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविंद कुमार पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्षदेव स्वामी, जिला समन्वयक अम्ब्रीष कुमार एवं सह-समन्वयक सचिन त्यागी ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। जिला समन्वयक अम्ब्रीष कुमार ने कहा कि विज्ञान ही समाज में फैले अंधविश्वास को प्रयोगों के माध्यम से समाप्त कर सकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर दिया गया। विशेषज्ञ रोहिणी ने सिर पर आग लगाकर चाय बनाना, बिना माचिस आग जलाना, जीभ पर कपूर जलाना, लोटे में बार-बार जल आना, रस्सी से बोतल उठाना सहित लगभग 45 अंधविश्वासों का वैज्ञानिक प्रयोगों द्वारा पर्दाफाश किया। साथ ही विज्ञान शपथ, चित्रकला, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम में कुल 342 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। वाद-विवाद में जरीन व अरीशा (रा.इं. कॉ., कमेला रोड) प्रथम, अनुराग पंवार व सागर (रा.हा. स्कूल, घाटेड़ा) द्वितीय तथा जैनम व इरम (जेबीएस हिंदू कन्या इंटर कॉलेज) तृतीय रहीं। चित्रकला में लव्या धीमान प्रथम, बिसमा द्वितीय व कामिनी तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में अक्षिता पाल (जनता इंटर कॉलेज, झबीरन) प्रथम रहीं। विजेताओं को डॉ. अरविंद कुमार पाठक एवं हर्षदेव स्वामी द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका करूणा कालरा ने किया। सचिन त्यागी व अंजा कश्यप ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# रिंग सेरेमनी के बाद घर में रखे आभूषण लेकर युवती फरार

**तीतरों।** रिंग सेरेमनी के बाद घर में रखे आभूषण को लेकर युवती गायब हो गई। पिता ने पुलिस से युवती को ढूंढने की गुहार लगाई है।

क्षेत्र गांव निवासी एक युवती का रिश्ता परिजनों ने अन्य जगह पर तय कर दिया था लेकिन युवती इस रिश्ते से खुश नहीं थी। युवती की मर्जी के बिना परिजनों ने रिंग सेरेमनी का आयोजन करने के लिए रिश्तेदारों को भी बुला लिया था।

रिंग सेरेमनी का कार्यक्रम सम्पन्न हो गया तो इसके बाद युवती की शादी का कार्यक्रम भी तय हो गया लेकिन इसी बीच घर में रखे शादी के आभूषण को लेकर युवती घर से गायब हो गई। परिजनों ने पहले तो युवती को कई जगहों पर तलाश किया लेकिन जब वह नहीं मिली तो पुलिस के पास जाना पड़ा। परिजनों ने हरियाणा के युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी है।थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि युवती के पिता की ओर से मामले की तहरीर दी गई है जांच के उपरांत केस दर्ज कर लिया जाएगा।

# सरकार की सच्चाई सामने आईःइकरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कैराना सांसद इकरा हसन ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के बड़े वादे के साथ सत्ता में आई थी, लेकि 10 साल बाद, सच्चाई सरकार के ही संसद में दिए गए जवाबों से सामने आ गई है।



कैराना सांसद ने कहा कि कृषि मंत्रालय के अनुसार, एक कृषि परिवार की औसत मासिक आय सिर्फ 10,218 रूपये है, जो न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक यह है कि फसल की खेती से वास्तविक आय केवल 3,800 रूपये प्रति माह है, यानी खेती खुद किसानों के लिए घाटे का सौदा बन चुकी है। किसानों की आय दोगुनी करना तो दूर, इस डबल-इंजन सरकार ने किसानों का कर्ज दोगुना कर दिया है। औसत बकाया कर्ज 47,000 रूपये (2013) से बढ़कर आज 74,000 रूपये हो गया है। उन्होने कहा कि देश के आधे किसान आज भी कर्ज में डूबे हैं। उत्तर प्रदेश में किसानों की आय 8,000 रूपये प्रति माह से भी कम है, जबकि लगभग आधे किसानों पर औसतन 51,107 का कर्ज है।

यही है भाजपा का असली "डबल-इंजन" मॉडल कर्ज दोगुना, आय वहीं की वहीं।

# हादसे में घायल

**गंगोह।** गंगोह के गांव चकवाली में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बाईक सवार जनपद शामली के गांव बलवा निवासी राजकुमार सडक दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया।

बाइपास मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के समीप उसकी गंगोह की ओर से जा रहे ईंटों से लदे ट्रक से जबरदस्त टक्कर हो गई और राजकुमार बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और घायल को सीएचसी पहुंचाया।

# ब्रेस्ट व सरवाइकल कैंसर के प्रति रहें जागरूकः डा.नैना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर की प्रख्यात चिकित्सक स्त्री व प्रसुति रोग विशेषज्ञ डा.नैना मिगलानी ने कहा कि ब्रेस्ट और सरवाइकल कैंसर से बचाव के लिये महिलाओं को जागरूक होने की जरूरत है।



डा.नैना मिगलानी ने विश्व कैंसर दिवस पर कहा कि भारत में हर साल सवा लाख औरतों को सरवाइ. कल कैंसर होता है और सरवाइकल के कैंसर से हर आठवें मिनट में एक महिला अपनी जान गंवाती है, जबकि 75 हजार महिलाओं को स्तन कैंसर के कारण मृत्यु होती है। भारत के अंदर हर 28 में से एक महिला को स्तन कैंसर होता है।

# ड्यूटी के दौरान बीएलओ की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसआईआर कार्य के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक बीएलओ की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से न केवल प्रशासनिक महकमे में शोक की लहर दौड़ गई, बल्कि क्षेत्र में भी गहरा दुख व्याप्त है।



चकहरहेटी निवासी दुष्यंत सिंह बेदी (36) पुत्र अशोक सिंह बेदी, सिंचाई विभाग में वरिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में नूर बस्ती क्षेत्र में बीएलओ के रूप में तैनात थे। वह बीते लगभग तीन महीनों से एसआईआर से जुड़ी जनसुनवाई का कार्य कर रहे थे। उनकी ड्यूटी नुमाइश कैंप क्षेत्र में पानी की टंकी के पास स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में लगाई गई थी, जहां हाउस टैक्स कैशलेस सेंटर के साथ-साथ एसआईआर की जनसुनवाई चल रही थी।

मंगलवार सुबह दुष्यंत सिंह रोज की तरह ड्यूटी पर पहुंचे थे। जनसुनवाई के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें सीने में तेज दर्द हुआ। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुष्यंत सिंह बेदी का पारिवारिक जीवन पहले से ही संघर्षपूर्ण रहा। उनकी पत्नी का निधन पूर्व में हो चुका है। परिवार में वृद्ध मां के साथ बेटी और बेटा हैं। दुष्यंत ही पूरे परिवार का एकमात्र सहारा थे। उनकी असमय मौत से दोनों मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

जानकारी के अनुसार जून-जुलाई माह में उनका तबादला रुड़की स्थित सिंचाई विभाग में हो गया था, लेकिन चुनाव और एसआईआर से जुड़ी ड्यूटी के चलते उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया था। इसी कारण वह लगातार सहारनपुर में ही ड्यूटी कर रहे थे।

घटना की सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारी एवं सहकर्मी अस्पताल पहुंचे। सभी ने दुष्यंत सिंह को एक ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और जिम्मेदार कर्मचारी बताया। प्रशासन की ओर से शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

# इंडियन हर्ब्स के पुस्तकालय का पैरामाउंट में लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सामाजिक, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे संस्थान इंडियन हर्ब्स द्वारा पैरामाउंट ट्यूलिप कॉलोनी में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से एक आधुनिक एवं सुसज्जित पुस्तकालय की स्थापना की गई। इस पुस्तकालय का नाम "अभिज्ञानसंतोषम्" रखा गया है।




पुस्तकालय का भव्य लोकार्पण महापौर डॉ. अजय सिंह, विधायक देवेन्द्र निम तथा जिलाधिकारी मनीष बंसल (आईएएस) ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। महापौर डॉ. अजय सिंह ने इंडियन हर्ब्स के निदेशक सुधाकर अग्रवाल की सराहना करते हुए कहा कि यह आधुनिक, वातानुकूलित पुस्तकालय क्षेत्रवासियों के ज्ञानवर्धन में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि एक ही छत के नीचे विभिन्न विषयों की पुस्तकों, कम्प्यूटर व आधुनिक फर्नीचर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। विधायक देवेन्द्र निम ने कहा कि इस पुस्तकालय की स्थापना से क्षेत्र के नागरिकों एवं युवाओं को अध्ययन के लिए एक उत्कृष्ट मंच मिलेगा। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक आशुतोष ने इसे युवाओं की ज्ञान परंपरा को सशक्त करने वाला प्रयास बताया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि पुस्तकालय की स्थापना से समाज में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को मोबाइल से दूरी बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने पुस्तकालय का नाम संस्थापक की माता स्व. श्रीमती संतोष अग्रवाल के नाम पर रखने की प्रशंसा करते हुए समाज के अन्य लोगों से भी ऐसे प्रयास करने का आह्वान किया।

इंडियन हर्ब्स के निदेशक सुधाकर अग्रवाल ने बताया कि उनके माता-पिता शिक्षा के प्रति समर्पित थे और उन्हीं की प्रेरणा से संस्थान निरंतर शिक्षा क्षेत्र में सहयोग करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय उनकी माता जी की स्मृति में स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में आधुनिक कम्प्यूटर सिस्टम, वातानुकूलित वातावरण, सुसज्जित फर्नीचर, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की 12 करोड़ से अधिक पुस्तकों की डिजिटल सुविधा, कैरम व शतरंज जैसी खेल व्यवस्थाएं भी उपलब्ध हैं। यहां साहित्य, इतिहास, विज्ञान, भूगोल, धार्मिक-आध्यात्मिक पुस्तकें, समाचार पत्र, पत्रिकाएं एवं ई-बुक्स का समृद्ध संग्रह मौजूद है।पैरामाउंट ट्यूलिप रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित शर्मा ने आभार जताया।

कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए के कोषाध्यक्ष जगदीश के. चौहान, महासचिव अवनीश कुमार, इंडियन हर्ब्स की निदेशक अर्चना अग्रवाल, रीता अग्रवाल, राघव अग्रवाल, तानिया अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में कराया समस्याओं का निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज जनसुनवाई के दौरान आयी सात समस्याओं में से सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया। जबकि लाईट सम्बंधी तीन समस्याओं को तुरंत लाईट ठीक कराने को कहा गया। अन्य समस्याओं के लिए भी सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

वार्ड 35 स्वतंत्र नगरी के संजीव गोयल ने स्वतंत्र नगरी में नालियों की सफाई तथा वार्ड 33 शक्ति पैट्रोल पम्प दिल्ली रोड के सामने साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने सम्बंधित सफाई निरीक्षक व सफाई मित्रों को भेजकर सफाई कराते हुए समस्याओं का निस्तारण करा दिया।

इसके अलावा वार्ड 58 सर्राफा बाजार के आशीष सैनी ने सर्राफा बाजार में वार्ड 55 चंद्रनगर के प्रदीप वर्मा ने चंद्रनगर में वार्ड 46 तोता चौक के संजीव गोयल ने न्यू राघवपु. रम गेट के पास खराब लाईटों को ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर अपर नगरायुक्त ने अवर अभियंता प्रकाश को उक्त लाईटों को तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए।

वार्ड 18 लेवर कॉलोनी के संजीव कुमार ने शिव मंदिर के पास आवारा कुत्तों को पकड़वाने और वार्ड 16 नवीन नगर निवासी उमेश सचद. ेवा ने भी आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की। जिस पर निगम के पशु चिकित्साधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

# पियूष मिस्टर व रिद्धि बनी मिस फेयरवेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आशा मॉडर्न स्कूल में कक्षा बारह के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह में कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को स्नेह, सम्मान और शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। पियूष मोहिनी मिस्टर फेयरवेल व रिद्धि गर्ग मिस फेयरवेल चुने गये।




चंद्रनगर स्थित स्कूल परिसर में आयोजित समारोह की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. दिव्य जैन, प्रबंधक भव्य जैन, विवेक जैन, उमंग जैन, प्राइमरी प्रधानाध्यापिका श्रीमती स्वाति जैन, डॉ. सौम्य जैन एवं श्रीमती चंदना जैन ने विद्यालय की संस्थापिका स्व. सुश्री आशा जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। प्रधानाचार्य डॉ. दिव्य जैन ने अपने उद्बोधन में स्व. सुश्री आशा जैन द्वारा स्थापित शैक्षणिक मूल्यों को याद करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों का परिचय कराया। इस अवसर पर पर्व पाठक को वर्किंग विकिपीडिया, अवनि पंवार एवं रिद्धि गर्ग आल राउंडर, नंदिनी राजीव मित्तल, समय निष्ठ एवं नियमित अवनी गौतम, वासु झंडेवाल श्रेष्ठ वक्ता एवं विभिन्न छात्रो को अलग-अलग उपाधियों से विभूषित किया गया। पियूष मोहिनी मिस्टर फेयरवेल व रिद्धि गर्ग मिस फेयरवेल चुने गये।

कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों ने नृत्य गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समारोह को यादगार बनाया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापकगण भी मौजूद रहे।

# युवती ने पड़ोसी युवक पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** एक गांव निवासी पीड़ित युवती ने उसके ही गांव निवासी एक युवक पर शादी का झांसा देकर उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ शारीरिक सबन्ध बनाकर उसे गर्भवती करने तथा बाद में उसको दवाई खिलाकर गर्भ पात कराने का आरोप लगाया है।

मंगलवार को ग्राम निवासी एक युवती ने बताया है कि उसके घर के पडौस में ही विपक्षी युवक रहता है। पीड़िता का आरोप है कि करीब 05 माह पहले वह अपने घर अकेली थी तो उक्त युवक उसके घर मे घुस आया। विपक्षी युवक ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक सम्बन्ध बनाये तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता का कहना है कि वह विपक्षी युवक से डर गई और इसलिए उसने किसी को यह बात नहीं बतायी। विपक्षी द्वारा किये गए गलत काम से वह गर्भवती हो गयी। जब गर्भवती होने के बारे में पीड़िता की माँ को पता चल गया तो पीड़िता ने सारी बात अपनी मां को बात बताई। लेकिन माँ ने लोक लाज के कारण किसी को इस बारे में नही बताया।

आरोप है कि विपक्षी ने पीड़िता को दोबारा शादी करने का झांसा दिया और बहला फुसलाकर उसे गर्भपात की दवाई खिलाई जिससे उसका गर्भ गिर गया। अब विपक्षी ने शादी के लिए मना कर दिया। यदि पीड़िता के परिजनों ने विपक्षी के परिजनों से घटना के बारे मे बताया तो उन्होंने भी पीड़ित परिवार को गाली गलोच करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# धूमधाम के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में वार्षिकोत्सव व खेलकूद कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।



मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर कुमार जैन व वार्ड सभासद प्रतिनिधि निशांक जैन द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के बच्चों द्वारा अलग अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कक्षा 5 की छात्राओं द्वारा बाल विवाह पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न प्रकार की दौड़ में प्रतिभाग किया। बच्चों की माताओं द्वारा भी म्यूजिकल चेयर व अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया गया। अंत में सभी बच्चों को अनुशासन, स्वच्छता, उपस्थिति तथा अन्य कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने हेतु तथा प्रतियोगिताओं में विजयी माताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुधीर कुमार जैन, निशांक जैन, नीलकमल गुप्ता, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्राची बब्बर, रजनी जैन, पूजा, बबीता, अजीत सिंह, रमेशो, सुषमा व सुमन आदि उपस्थित रहे।

# सुनवाई के लिए उमड़ रही भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे जैसे समापन की तिथि नजदीक आरही है तो तहसीलमुख्यालयपरश्नो मैपिंगश मतदाताओं की सुनवाई के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। नोटिस जारी होने के बाद मतदाता अपने दस्तावेजों के साथ अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर आपत्तियों एवं दावे प्रस्तुत कर रहे है अधिकारी भी उनके दावे एवं आपत्तियों को सुनकर उनका निस्तारण कर रहे है। इस प्रक्रिया से सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को हो रही है जो रोजी-रोटी कमाने के लिए बाहर गए हुए हैं।, जिन्हें सुनवाई के लिए तहसील मुख्यालय आना पड़ रहा है। अब तक बेहट विधान सभा से 75 प्रतिशत एसआईआर जन सुनवाई का कार्य पूरा हो चुका है।



निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एस डी एम मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि यह प्रक्रिया चुनाव आयोग और उच्च अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता को अपने दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ी संख्या में लोग मतदान से वंचित हो सकते हैं।सोमवार को तहसील परिसर में सैकड़ों की संख्या में नो मैपिंग मतदाता अपने दस्तावेजों के साथ एसआईआर के संबंध में जारी हुए नोटिस के संबंध अधिकारियों के समक्ष उपस्थित हुए अधिकारियों ने मतदाताओं द्वारा दस्तावेजों के आधार पर उनकी जन सुनवाई कर उनका निस्तारण किया गया। एस डी एम मानवेन्द्र सिंह ने तहसील परिसर में बने सभी बूथ केंद्रों कानिरीक्षण भी किया। दस्तावेज अपलोड प्रक्रिया का जायजा लिया और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रकरण अधिकारीयों को निर्देश दिए कि सभी मतदाताओं का कार्य सुचारू, समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए, ताकि किसी को अनावश्यक परेशानी न हो। मतदाताओं ने बताया कि यदि समय पर दस्तावेज अपलोड नहीं हुए तो मतदाता सूची से उनका नाम कटने की आशंका है। इसी डर से सर्द मौसम के बावजूद वे कतारों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। एस डी एम मानवेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईआर के दावों की 7 फरवरी तक जन सुनवाई की जाएगी उन्होंने यह भी बताया कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी पर अग्रिम सुनवाई 28 फरवरी तक की जाएंगी। उन्होंने जिन मतदाताओं को एसआईआर के संबंध में नोटिस मिले है आह्वान करते हुए कहा कि वे दी गई नियत तारीख पर संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के सामने दस्तावेजों के साथ पेश होकर अपनी आपत्तियों एवं दावों की सुनवाई कराले।

इस दौरान सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी तहसीलदार विजय कुमार सिंह नायब तहसीलदार मुजफ्फराबाद देवेन्द्र कुमार प्रजापति, नायब तहसीलदार फैजाबाद भूपेन्द्र सिंह आदि समस्त स्टाफ ने सहयोग किया।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# डील पर राजनीति

अमेरिका के साथ आखिरकार सोमवार को ट्रेड डील हो ही गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर जानकारी देते हुए कहा कि इस समझौते में महत्वपूर्ण आयात शुल्क कटौती शामिल होगी। इसमें यह दावा भी किया गया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने भी जहां भारत अमेरिका के नए व्यापार समझौते का स्वागत किया, वहीं सोशल मीडिया के पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति की रणनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर आर्थिक दबाव काम करता दिख रहा है। उन्होंने भारत के साथ हालिया व्यापार समझौते की तरफ इशारा किया, जिसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने ट्रम्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के बारे में आपका संदेश पुतिन के उन ग्राहकों से जो उनकी युद्ध मशीन को मदद देने का काम कर रहे थे, उन्हें सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। भारत सरकार की तरफ से मंगलवार को ट्रेड डील पर पहला बयान आया जिसमें केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है और यह ऐसी डील है जिस पर भारतीयों को गर्व होगा। पीयूष गोयल ने यह भी कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी दोनों सेक्टरों को सपोर्ट किया है। एक तरफ जहां मोदी खेमा इस डील को लेकर गदगद है, वहीं तमाम विपक्ष इस डील पर सवाल खड़े कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो प्रधानमंत्री मोदी पर यह कहकर सीधा हमला ही बोल दिया और कहा कि पैसा देकर उनकी जो छवि बनाई गई थी वह टूट रही है। इसलिए श्री मोदी ने डरकर अमेरिका व्यापार समझौते तथा अन्य मामले में देश के हितों के साथ समझौता कर लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने भारत के हितों से समझौता कर देश को बेच दिया है। उनका कहना था कि वे तीन बातें बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा और यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि पीएम मोदी घबराए हुए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका से व्यापार समझौता चार माह से रुका हुआ था, इस बारे में जो मैं जानता हूं वह पीएम मोदी भी जानते हैं। पीएम मोदी ने सोमवार की शाम भारत–अमेरिका व्यापार समझौते पर साइन किए, उन पर भारी दबाव था। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश की जनता को इस संबंध में सोचना चाहिए। सरकार डरी हुई है इसलिए संसद में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दे रही है। यह बात अपनी जगह पर है कि ट्रेड डील अपने अंजाम को पहुंच गई, लेकिन अभी खुलकर बातें सामने नहीं आई हैं और न ही दोनों तरफ से संयुक्त वक्तव्य सामने आया है। तमाम जानकारी अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से ही सामने आ रही है।

## नागरिकों व उद्योगों को व्यापक लाभ होगा



भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को दोनों देशों के हक में है, दोनों देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन सहयोग करने की स्थिति में हैं, समझौते से दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को व्यापक लाभ होगा, अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं, भारत और अमेरिका के पास शांति और विकास के लिए मिलकर काम करने की अपार क्षमता है, दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं, जिनसे विश्व को लाभ होगा, समझौता दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

**–अश्विनी वैष्णव**
**रेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

# कैंसर की बढ़ती आहट और हमारी सामाजिक जिम्मेदारी

## विश्व कैंसर दिवस पर विशेष



कैंसर आज वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों की असमय मृत्यु का कारण बन चुका है। यही कारण है कि कैंसर जैसे जानलेवा रोग के कारणों, उसकी समय पर पहचान और रोकथाम के प्रति लोगों को सजग करने के उद्देश्य से हर वर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में पिछले दो दशकों में कैंसर रोगियों की संख्या दोगुनी हो गई है, जो न केवल स्वास्थ्य तंत्र बल्कि पूरे समाज के लिए गहरी चेतावनी है। करीब एक दशक तक चले दो वैश्विक अध्ययनों में कुछ समय पूर्व यह तथ्य भी उभरकर सामने आया कि विकसित देशों में अब कैंसर के कारण सबसे ज्यादा लोग प्राण गंवा रहे हैं। कनाडा की लावल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता गिल्स डेगनिस के मुताबिक वर्ष 2017 में दुनियाभर में करीब 26 लाख मौतें कैंसर के कारण हुई थी। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर नजर डालें तो दुनियाभर में हर छह में से एक व्यक्ति की मौत अब कैंसर के कारण होती है और वर्ष 2018 में विश्वभर में 96 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर के कारण हुई, जिनमें में से 21 लाख कैंसर रोगियों की मृत्यु फेफड़ों के कैंसर, 20 लाख की स्तन कैंसर, 18 लाख की कोलोरेक्टल कैंसर, 12 लाख की प्रोस्टेट कैंसर, 11 लाख की त्वचा कैंसर और 10 लाख कैंसर मरीजों की मृत्यु पेट के कैंसर के कारण हुई।

कैंसर से मौतों का यह आंकड़ा साल–दर–साल निरंतर बढ़ रहा है और अब यह प्रतिवर्ष एक करोड़ तक पहुंच गया है। दुनियाभर में कैंसर के जितने भी मामले सामने आते हैं, उनमें से करीब 22 फीसदी तम्बाकू के किसी भी रूप में सेवन के कारण ही होते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन ने एक व्यापक अध्ययन के बाद 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' नामक अपनी एक रिपोर्ट पेश की थी, उसके अनुसार भारत में मृत्यु के दस बड़े कारणों में से कैंसर दूसरे स्थान पर है। 'प्रॉस्पेक्टिव अर्बन रूरल एपीडेमियोलॉजिक' नामक एक अध्ययन के तहत कुछ समय पहले जब भारत सहित चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, कनाडा, ब्राजील, स्वीडन, ईरान, मलेशिया, फिलीपींस, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, दक्षिण अफीका, अर्जेन्टीना, कोलम्बिया, चिली, तंजानिया, तुर्की, पोलैंड, जिम्बाब्वे इत्यादि देशों के स्वास्थ्य आंकड़ों का विश्लेषण किया गया तो पाया गया कि कैंसर अब पूरी दुनिया में सबसे बड़ी महामारी के रूप में उभर रहा है और अगर यह इसी गति से उभरता रहा तो आगामी कुछ दशकों या वर्षों में ही यह दुनियाभर में सबसे बड़ी प्राणघातक बीमारी बन जाएगा। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं और माना जा रहा है कि कैंसर के मरीजों की संख्या एक करोड़ को पार कर चुकी है। देश में कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए नवम्बर 2019 में विज्ञान एवं तकनीक, पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन संबंधी संसद की स्थाई समिति ने राज्यसभा के तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडू को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कैंसर के मामलों से निपटने और मरीजों को एक ही जगह इलाज की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए देशभर में ट्रीटमेंट हब (विशिष्ट इलाज केन्द्र) बनाने की सिफारिश की थी। समिति को अक्तूबर 2019 में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जानकारी दी गई थी कि भारत में प्रतिवर्ष कैंसर के करीब सोलह लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि इस बीमारी से पीड़ित मरीजों में करीब 68 फीसदी मृत्यु दर बेहद दुखद है और मौजूदा समय में कैंसर के इलाज का देश में जो नेटवर्क है, वह इस बीमारी की भयावहता को देखते हुए बहुत छोटा और अपर्याप्त है, जिसके लिए एक ऐसे मजबूत और विशाल तंत्र की जरूरत है, जो कैंसर की दवाओं के मूल्य को नियंत्रित रख सके। समिति द्वारा मुम्बई स्थित टाटा मेमोरियल कैंसर शोध एवं उपचार केन्द्र के नेटवर्क को देशव्यापी बनाने की सिफारिश भी की गई थी।

बहरहाल, केन्द्र सरकार द्वारा कैंसर के सस्ते इलाज के लिए कुछ आवश्यक कदम उठाते हुए देश–विदेश के सरकारी और गैर सरकारी करीब 170 अस्पतालों का एक समूह बनाकर 'नेशनल कैंसर ग्रिड' बनाया गया ताकि यह कैंसर मरीजों तक कैंसर विशेषज्ञों की सलाह और इलाज के तौर–तरीकों को पहुंचाने में मददगार साबित हो सके। ग्रिड में शामिल अस्पतालों के कैंसर विशेषज्ञों द्वारा कैंसर मरीजों के लिए विशेष रूप से आवश्यक दिशा–निर्देश तैयार किए गए हैं। मरीज को एक बार डॉक्टर के पास जाकर अपनी जांच करा लेने के बाद फिर बार–बार डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ती। दरअसल मरीज का सारा डाटा एक एप में डालकर कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श हासिल किया जा सकता है। फिलहाल ए सेवाएं गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों के लिए मुफ्त हैं। शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी–कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिए अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं। कैंसर के कुछ प्रमुख लक्षणों की बात करें तो हालांकि कई बार शुरूआती दौर में इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते लेकिन फिर भी इसके अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं, उनकी जानकारी होना भी बेहद जरूरी है। ऐसे ही लक्षणों में लगातार वजन घटते जाना, शरीर में रक्त की कमी होते जाना, पेशाब और शौच के समय खून आना, खांसी के दौरान खून आना, तेज बुखार आना और बुखार ठीक न होना, निरन्तर थकान व कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, भूलना, दौरे पड़ना, आवाज में बदलाव, सांस लेने में दिक्कत होना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, गले अथवा शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, स्तन में गांठ, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि शामिल हैं। अगर शरीर में ऐसे कोई भी बदलाव या लक्षण नजर आएं तो तुरंत योग्य चिकित्सक से सम्पर्क कर जरूरी जांच करा लेनी चाहिएं। आज कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, टारगेट थैरेपी, इम्यूनोथैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, सर्जरी, रोबोटिक सर्जरी तथा स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के द्वारा कैंसर के बहुत से मरीजों का सफल इलाज किया भी जा रहा है और कैंसर का इलाज पहले के मुकाबले ज्यादा सुविधाजनक, सफल तथा कम साइड इफैक्ट्स के साथ संभव हुआ है लेकिन अगर इसके बावजूद कैंसर से हो रही मौतों का आंकड़ा वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है तो यह बेहद चिंताजनक है। कैंसर के इलाज में बड़ी समस्या यही है कि या तो मरीज का कैंसर ठीक ही नहीं होता या फिर इलाज के बाद इसके दोबारा वापस लौटने की संभावना बरकरार रहती है। हालांकि आज कैंसर पूरी तरह लाइलाज नहीं रहा, चिकित्सा विज्ञान द्वारा कैंसर के इलाज के लिए कई कारगर दवाएं और थैरेपी खोजी जा चुकी हैं।

**...साभार**



# इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है ओरछा

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

**ओरछा का ऐतिहासिक परिचय**

ओरछा की स्थापना राजा रूद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द उद्योतका से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है छोटा सा प्रकाश। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।

**ओरछा के प्रमुख दर्शनीय स्थल**

**राजा महल**– यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी–देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**जहांगीर महल**– यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊंचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।

**राम राजा मंदिर**– यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहां का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया व सैन्य सम्मान, मंदिर को और भी खास बनाता है।

**चतुर्भुज मंदिर**– यह मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर**– इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।

**ओरछा के छतरी**– बेतवा नदी के किनारे स्थित यह स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

**साहसिक पर्यटन और प्रकृति**

ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में।

आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।

## केरल की इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़–भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

# अत्यधिक वसा और मीठे से ऐसे प्रभावित होता है मस्तिष्क

आमतौर पर जब किसी बुरी आदत या लत की बात होती है तो हम धूम्रपान या मद्यपान के बारे में सोचते हैं, लेकिन एक ऐसी भी लत है जिसने वयस्कों और बच्चों की बड़ी संख्या को अपनी चपेट में लिया है। यह लत खानपान की लत है। खानपान में भी विशेष रूप से वसा और चीनी से भरपूर भोजन हमें अधिक लुभाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो भोजन की लालसा मात्र एक भावना नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दशकों में हमारा भोजन अति–प्रोसेस्ड हो गया है। इस प्रकार का भोजन शरीर में चीनी और वसा संवेदी ग्राहियों को सक्रिय कर डोपामाइन मुक्त करने का काम करता है। प्रोसेस्ड खाद्य शरीर में कुछ ऐसे परिवर्तन करते हैं जिससे मस्तिष्क इनका अधिक सेवन करने को प्रोत्साहित करने लगता है और लंबे समय तक इनका सेवन शरीर के लिए घातक हो सकता है। विशेषज्ञ खानपान की लत को बारीकी से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि भोजन हमारे मस्तिष्क को कैसे प्रभावित करता है।

एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मस्तिष्क से डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर मुक्त होना है। नशीले पदार्थों के समान खाना खाने से भी डोपामाइन मुक्त होता है। आम समझ है कि डोपामाइन आनंद में वृद्धि करता है लेकिन यह सच नहीं है। यह हमें ऐसे व्यवहारों को दोहराने के लिए उकसाता है जो जीवन के लिए जरूरी हैं। जैसे भोजन करना और प्रजनन। जितना अधिक डोपामाइन मुक्त होगा, उस व्यवहार को दोहराने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। वसा या चीनी युक्त भोजन का सेवन करने पर हमारे मुंह का सेंसर स्ट्रिएटम को डोपामाइन मुक्त करने का संदेश भेजता है। स्ट्रिएटम मस्तिष्क का एक भाग है जो गतियों और पुरस्कार योग्य व्यवहार से जुड़ा है, लेकिन मुंह के सेंसर द्वारा डोपामाइन मुक्त होना पूरी प्रक्रिया का केवल एक हिस्सा है।

विशेषज्ञों के अनुसार आंत में भी वसा और चीनी के लिए एक द्वितीयक सेंसर होता है और वह भी मस्तिष्क के उसी क्षेत्र को डोपामाइन मुक्त करने का संकेत देता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आंत से मस्तिष्क तक चीनी की उपस्थिति का संकेत कैसे पहुंचता है, लेकिन वसा के संकेत का पता लगाया जा चुका है। ऊपरी आंत में वसा का पता लगने पर वैगस तंत्रिका के माध्यम से पश्चौ–मस्तिष्क को संकेत पहुंचता है जो आखिरकार स्ट्रिएटम तक जाता है। यह देखा गया है कि चीनी व वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ स्ट्रिएटम में डोपामाइन का स्तर सामान्य से 200 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। यह स्तर निकोटीन और शराब द्वारा की जाने वाली वृद्धि के बराबर है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि शकर ने डोपामाइन के स्तर को 135 से 140 प्रतिशत तक बढ़ाया जबकि वसा ने इस स्तर को 160 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। तुलना के लिए कोकेन ने सामान्य डोपामाइन के स्तर को तीन गुना किया जबकि मेथाम्फेटामिन ने इसे 10 गुना बढ़ाया। जैसे–जैसे हम भोजन और मस्तिष्क के सम्बंध को समझ रहे हैं, वैसे–वैसे भोजन का उत्पादन इस तरह किया जाने लगा है कि हम खुद को रोक न पाएं। हमारे शरीरों को ऐसे खाद्य पदार्थों से पाट दिया गया है जिनमें कुछ विशिष्ट पोषक पदार्थों की मात्रा अत्यधिक है – जैसे शकर, वसा और नए–नए पदार्थों के सम्मिश्रण।

औद्योगिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ स्टार्च और हाइड्रोजनीकृत वसा से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा मजेदार स्वाद देने वाले कृत्रिम फ्लेवर, पानी और तेल को घुलनशील रखने वाले इमल्सीफायर और खाद्य सामग्री की संरचना को संरक्षित रखने वाले स्टेबिलाइजर्स ने हमारे भोजन को अधिक आकर्षक तो



बना दिया है लेकिन हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और बुनियादी चीजों से बनाए खाद्य पदार्थों के बीच अंतर करना जरूरी है। यह अंतर आहार सम्बंधी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने का पहला कदम हो सकता है। अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ नशे की तरह काम करते हैं। जितनी तेजी से कोई चीज आपके मस्तिष्क को प्रभावित करती है उतनी ही जल्दी आपको उस चीज की लत लगती है। इसके साथ ही डोपामाइन मुक्त होने की गति को बढ़ाने के लिए कई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को पहले से ही थोड़ा पचाया गया होता है। आखिर में इस पूरे मुद्दे में सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रोसेस्ड खाद्य सामग्री काफी समय से सुलभ और सस्ती है तथा इसका काफी विज्ञापन भी किया जाता रहा है। लिहाजा, बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो जानते हैं कि यह खाद्य सामग्री स्वास्थ्यवर्धक नहीं हैं लेकिन फिर भी वे अपने आपको रोक नहीं पाते हैं। किसी भी पदार्थ या ड्रग की लत के सम्बंध में सहनशीलता और उसे छोड़ने के परिणाम के सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाता है। सहनशीलता यानी किसी ड्रग (या भोजन) का इतना आदी हो जाना कि उतना ही प्रभाव प्राप्त करने के लिए इसका और अधिक सेवन करना पड़े।

जबकि छोड़ने के परिणाम का सम्बंध उन शारीरिक और मानसिक लक्षणों से है जो अचानक किसी नशीले पदार्थ का उपयोग बंद या कम करने पर होते हैं। पूर्व में यह माना जाता था कि भोजन की लत वाले लोग खानपान जारी रखते हैं ताकि खुद को उसे छोड़ने की स्थिति जैसे चिंता, मितली और सिरदर्द से बचा सकें। भोजन के मामले में, डोपामाइन की कमी की परिकल्पना यह बताती है कि अगर हम कुछ खाते हैं और इससे पर्याप्त आनंद नहीं मिलता है, तो हम तब तक खाते रहेंगे जब तक वैसा आनंद महसूस नहीं करते, लेकिन भोजन के मानसिक असर को लेकर अभी पूरी स्पष्टता नहीं है। वर्तमान में वैज्ञानिकों के पास इस बाबत उत्तर कम, प्रश्न अधिक हैं कि हमारा शरीर भोजन का आदी कैसे हो जाता है। हम जानते हैं कि डोपामाइन ही सब कुछ नहीं है क्योंकि सिर्फ इसी से भोजन आनंददायक नहीं बनता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने वर्ष 2012 के एक अध्ययन में पाया है कि खाना खाने से हमारे अफीमी ग्राही उत्तेजित होते हैं, जो आनंद की भावना को बढ़ाते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी इस प्रक्रिया के बारे में कम ही जानते हैं। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊपरी आंत में एक संवेदक हमारे भोजन की पसंद–नापसंद में कुछ भूमिका निभाता है। कई अन्य इसके लिए हायपोथैलेमस को महत्वपूर्ण मानते हैं जो शरीर के तापमान से लेकर भूख के एहसास तक सब कुछ नियंत्रित करता है।



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र में भाग लेने के लिए जाते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा।

## दावाः ईरान में प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ

**तेहरान।** ईरानी-जर्मन पत्रकार मिशेल अब्दोल्लाही ने ईरानी सरकार पर चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी सुरक्षा बलों ने विरोध करने वाली महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और म्यूटिलेशन (विकलांग करना) को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया ताकि वह लोगों में ज्यादा से ज्यादा डर पैदा कर सके और संघर्ष रुक जाए। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, अब्दोल्लाही ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी मिली है। उनके अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं के साथ बलात्कार किया जाता है, उनके गर्भाशय निकाल दिए जाते हैं, सिर की खाल उनके बालों सहित उतार दी जाती है।

## यूएई ने अजरबैजान से सदर्न गैस कॉरिडोर में हिस्सेदारी के लिए समझौता किया

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) की सहायक कंपनी एक्सआरजी ने सदर्न गैस कॉरिडोर में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए अजरबैजान अर्थव्यवस्था मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है। अमीरात मीडिया ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार अबू धाबी में यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। डब्ल्यूएएम समाचार एजेंसी ने सोमवार को बताया कि यह समझौता कई शर्तों पर निर्भर है, जिसमें नियमित नियामक और विश्वास विरोधी मंजूरी हासिल करना शामिल है।

# रूस को ट्रम्प के दावे पर यकीन नहीं

## कहाः भारत ने तेल खरीद रोकने पर कुछ नहीं बोला, हम ट्रम्प के बयान का मतलब समझ रहे

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिसमें यह कहा गया हो कि भारत रूस से तेल की खरीद बंद करने जा रहा है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक क्रेमलिन के प्रवक्ता रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस, भारत को लेकर ट्रम्प की टिप्पणियों का विश्लेषण कर रहा है। जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का फैसला कर लिया है, तो उन्होंने कहा कि अब तक दिल्ली की तरफ से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है।

पेस्कोव का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीदना रोकने पर सहमति जताई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की थी कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला



■ अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला टैरिफ 50 से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति दी है

टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति दी है। इसके बदले में ट्रम्प का दावा है कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से जुड़ी रुकावटें भी कम करेगा। भारत ने उनकी इस घोषणा पर न तो स्वीकार किया है और न ही खारिज किया है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर सैन्य हमला किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू हो गया, जो अब तक जारी है। इस युद्ध के कारण रूस पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए, खासकर उसके तेल और गैस सेक्टर पर। इन प्रतिबंधों की वजह से रूस को अपना कच्चा तेल सस्ते दामों पर बेचने के लिए नए खरीदार ढूंढने पड़े। इसी दौरान भारत ने रूस से रियायती दरों पर तेल खरीदना शुरू किया। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और रूस का द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 68.7 अरब डालर तक पहुंच गया। लेकिन इसमें बड़ा हिस्सा कच्चे तेल का था। भारत ने अकेले 52.73 अरब डालर का कच्चा तेल रूस से खरीदा था। अब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल आयात रोकने पर सहमत हो गया है। अगर भारत वाकई रूसी तेल का आयात पूरी तरह बंद कर देता है, तो भारत-रूस का कुल द्विपक्षीय व्यापार घटकर 20 अरब डालर से भी नीचे आ सकता है। भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले महीने कहा था कि रूस से कच्चे तेल के आयात में आगे भी गिरावट आने की संभावना है।

# अमेरिका-चीन के बीच घिर रहा भारत

## अब कम ताकतवर देशों से नई दिल्ली बढ़ा रहा दोस्ती, ट्रम्प के टैरिफ से बदली भारत की विदेश और व्यापार नीति

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पिछले महीने स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के मंच से कहा था कि दुनिया की पुरानी व्यवस्था 'टूट' रही है। अब मध्यम ताकत वाले देशों को साथ लाकर काम करना होगा। दावोस में अपने भाषण में कार्नी ने न तो ट्रम्प प्रशासन का नाम लिया और न ही उन अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किया, जिनकी वजह से पुराना ग्लोबल सिस्टम हिल गया। अपने भाषण में उन्होंने सीधेतौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफतौर पर भारत की तरफ था। भारत इस वक्त दो बड़े दबावों के बीच खड़ा है।

एक तरफ अमेरिका की बदलती नीतियां हैं तो दूसरी ओर चीन की बढ़ती आक्रामकता। ऐसे हालात में भारत अब पारंपरिक साझेदारों से आगे बढ़कर दुनिया के दूसरे हिस्सों में नए दोस्त तलाश रहा है। इस घटना के ठीक एक हफ्ते बाद, भारतीय पीएम मोदी नई दिल्ली में यूरोपियन (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ खड़े थे। दोनों ने करीब 18 साल से अटके पड़े एक बड़े व्यापार समझौते की घोषणा की, जिसे उन्होंने 'मदर आफ आल डील्स' कहा। इस डील से करीब 2 अरब लोगों का बाजार तैयार होगा। यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि उस नए अंतर्राष्ट्रीय सिस्टम का हिस्सा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका कमजोर होने के बाद बाकी देश मिलकर नया ढांचा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। आज भारत उन देशों में शामिल है



■ अपने भाषण में दावोस ने सीधेतौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफतौर पर भारत की तरफ था

### रूस से तेल खरीद रोकने, अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि के लिए तैयार हुआ भारतः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से साथ टेलीफोन वार्ता के बाद कहा कि भारत अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि करने, अमेरिकी सामानों पर आयात शुल्क 'शून्य' करने तथा रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने पर सहमत हो गया है, और बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 'तत्काल प्रभाव से' आयात शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए मोदी को अपना 'सबसे अच्छा मित्र' बताते हुए लिखा कि वह रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका, तथा संभवतः वेनेजुएला, से खरीद बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं जिससे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका तत्काल प्रभाव से भारतीय उत्पादों पर प्रतिवर्ती आयात शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। बदले में भारत अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क और आयात बाधाओं को घटाकर शून्य कर देगा।

जिनकी राय और फैसले वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने लगे हैं। 140 करोड़ की आबादी के साथ यह दुनिया की सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। भारत की इकोनामी भी जापान और जर्मनी के साथ दुनिया की टाप-5 में शामिल हो चुकी है, हालांकि प्रति व्यक्ति आय अब भी इन देशों से बहुत कम है। प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत वाली सोच अब थोड़ी नरम पड़ती दिख रही है। भारत में यह धारणा लंबे समय से रही है कि खुद को सुरक्षित रखने के लिए दूसरे देशों से ज्यादा आर्थिक जुड़ाव नहीं होना चाहिए, लेकिन यूरोप, कनाडा और दूसरे देश यह तर्क देते रहे हैं कि मिलकर व्यापार करने से ही देश मजबूत बनते हैं। भारत और दूसरे अहम देशों के बीच रिश्तों में तेजी पिछले साल ब्रिटेन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से दिखनी शुरू हुई। यह समझौता लंबे समय से अटका हुआ था। इसके बाद दिसम्बर में ओमान और न्यूजीलैंड के साथ भी ऐसे ही अहम समझौते किए गए। ये द्विपक्षीय समझौते दिखाते हैं कि भारत की नीति में बदलाव आ रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में जर्मनी, जापान, यूएई और सऊदी अरब के बड़े नेता नई दिल्ली आए। हर मुलाकात में भारत के साथ रिश्ते आगे बढ़ाने की बात हुई और नए समझौते किए गए। फरवरी में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा भी भारत आने वाले हैं। इसके बाद मार्क कार्नी भी भारत आएंगे। उम्मीद है कि वे मार्च में कनाडा के एक डेलिगेशन के साथ नई दिल्ली आएंगे और एक और व्यापार समझौते को आगे बढ़ाएंगे। पिछले साल डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आने वाले ज्यादातर सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। इसमें आधा जवाबी टैरिफ था और आधा रूस से तेल खरीदने की सजा के तौर पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैक्स। यहीं से भारत-अमेरिका के रिश्तों में बदलाव शुरू हुआ था। इससे पहले 25 सालों तक अमेरिका और भारत के रिश्ते मजबूत करने की कोशिश होती रही थी, खासकर चीन की बढ़ती ताकत का मुकाबला करने के लिए। हालांकि, सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि भारत पर सिर्फ टैरिफ 18 प्रतिशत ही लगेगा। अमेरिका रूसी तेल खरीदने के कारण लगा 25 प्रतिशत टैरिफ हटा देगा।

## अमेरिका-भारत साझेदारी मंच ने किया ट्रम्प की व्यापार संबंधी घोषणा का स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बातचीत के बाद की गई व्यापार संबंधी घोषणा का मंगलवार को स्वागत किया। दोनों नेताओं ने सोमवार देर रात भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

घोषणा के तहत भारत पर लगाए जाने वाले पारस्परिक आयात शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने का प्रावधान है, जिसे दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम माना जा रहा है। समझौते का विस्तृत स्वरूप अभी सामने नहीं आया है, यूएसआईएसपीएफ ने कहा कि यह कदम दोनों पक्षों की ओर से एक व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाता है। प्रस्तावित बीटीए में शुल्क, बाजार पहुंच, गैर-शुल्क बाधाएं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य व्यापारिक मुद्दे शामिल होंगे। मंच के अनुसार, पूर्ण द्विपक्षीय व्यापार समझौते से दोनों देशों के व्यवसायों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं को लाभ मिल सकता है, साथ ही आपूर्ति शृंखलाओं और आर्थिक मजबूती को भी बल मिलेगा। यूएसआईएसपीएफ ने बताया कि दोनों देशों की सरकारों ने संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में वार्ता के अतिरिक्त चरण और बातचीत होने की संभावना है। मंच ने इस घोषणा से उत्पन्न सकारात्मक गति पर आशा व्यक्त करते हुए दोनों सरकारों के साथ मिलकर द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। यूएसआईएसपीएफ ने यह भी कहा कि मजबूत भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंध न केवल आर्थिक विकास के लिए, बल्कि स्थिर, मजबूत और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे पहले, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कल भारत के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की थी, जिसके तहत भारतीय वस्तुओं पर शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की गई है। यह समझौता भारत द्वारा रूसी तेल आयात में कटौती के निर्णय की पृष्ठभूमि में सामने आया है, जिस पर ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी के बीच चर्चा हुई थी।

## मेलबर्न में महात्मा गांधी की प्रतिमा चोरी, भारत ने की ऑस्ट्रेलिया से तुरंत कार्रवाई की मांग

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर के रोवविले स्थित आस्ट्रेलियाई भारतीय कम्युनिटी सेंटर से महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा चोरी कर ली गई है। इस घटना ने भारतीय-आस्ट्रेलियाई समुदाय में गहरी चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। भारत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है और तुरंत कार्रवाई कर प्रतिमा की वापसी और जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की मांग की है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी और आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 3 फरवरी 2026 को मीडिया से बातचीत में कहा हम गांधी प्रतिमा के विनाश और चोरी की कड़ी निंदा करते हैं। यह प्रतिमा रोवविले, मेलबर्न के आस्ट्रेलियाई भारतीय कम्युनिटी सेंटर में स्थापित थी। हमने आस्ट्रेलियाई अधिकारियों से आग्रह किया है कि इस चोरी की तत्काल जांच हो, प्रतिमा को वापस लाया जाए और दोषियों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। प्रतिमा की चोरी की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस वारदात के पीछे कौन है और प्रतिमा कहां है।

## कनाडा में गोलीबारी के आरोप में तीन भारतीय गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा के सरे शहर में एक घर के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस के अनुसार आरोपियों को रंगदारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पकड़ा गया।

सरे पुलिस सेवा ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि हरजोत सिंह (21), तरणवीर सिंह (19) और दयाजीत सिंह बिलिंग (21) पर एक-एक मामले में हथियार से गोलीबारी करने का आरोप लगाया गया है। तीनों को हिरासत में भेज दिया गया है और वे 5 फरवरी 2026 तक रिमांड पर रहेंगे। पुलिस के अनुसार, 1 फरवरी 2026 की सुबह सरे के क्रेसेंट बीच इलाके में क्रेसेंट रोड और 132 स्ट्रीट के पास एक घर के बाहर गोली चलने और छोटी आग लगने की सूचना मिली थी।

■ कनाडाई पुलिस के अनुसार आरोपियों को रंगदारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पकड़ा गया

इसके कुछ ही समय बाद गश्ती दल ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच अब सरे पुलिस की मुख्य अपराध शाखा कर रही है। तीनों आरोपियों पर कनाडा के आपराधिक संहिता की धारा 244.2(1) के तहत किसी स्थान पर गोली चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और आगे और आरोप भी लगाए जा सकते हैं। सरे पुलिस ने पुष्टि की है कि तीनों आरोपी विदेशी नागरिक हैं और इस मामले में कनाडा बार्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) को भी शामिल किया गया है।

# नार्वे की राजकुमारी का एपस्टीन फाइल्स में 1000 बार नाम

## यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन भेजता था फ्लर्टी मैसेज, लिखा थाः मैं पत्नी की तलाश में हूं

**ओस्लो।** नार्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच संबंध सामने आने से विवाद छिड़ गया हैं। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से 30 जनवरी को जारी की गई एपस्टीन फाइल्स में प्रिसेंस नाम का 1 हजार से ज्यादा बार आया है।

नार्वे के अखबार वीजी की रिपोर्ट के मुताबिक, इन फाइलों में मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच 2011 से 2014 के दौरान हुए कई ईमेल शामिल हैं। दोनों के बीच लंबे समय तक संपर्क रहा। एक मेल में एपस्टीन ने मेटे-मारिट को बताया कि वो शादी करना चाहता है और पत्नी की तलाश में पेरिस आया है। उसने फ्लर्टी मैसेज करते हुए कहा था कि पेरिस अफेयर और अवैध संबंध बनाने के लिए अच्छा है, लेकिन पत्नी ढूंढनी हो तो स्कैंडिनेवियाई (नार्वे, स्वीडन और डेनमार्क) महिलाएं ज्यादा अच्छी और वफादार पत्नी होती हैं। इस पर मेटे-मारिट ने जवाब दिया कि मुझे अभी भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा कि आप सच में पत्नी की तलाश कर रहे हैं। मेटे-मारिट का जन्म नार्वे



■ मेटे-मारिट का जन्म नार्वे में हुआ था, यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं

में हुआ था। यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं। एक ईमेल में मेटे ने एपस्टीन से पूछा था कि क्या अपने 15 साल के बेटे के वालपेपर के लिए दो न्यूड लड़कियों की फोटो (सर्फबोर्ड के साथ) लगाना ठीक रहेगा? एक अन्य ईमेल में उन्होंने एपस्टीन को आकर्षक बताया था। नार्वे के मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, निजी ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन से कहा था तुम्हारी बातें मुझे गुदगुदाती हैं। कुछ ईमेल में उन्होंने उन्हें 'साफ्ट हार्टेड' और 'स्वीटहार्ट' भी लिखा। दोनों की दोस्ती सामने आने के बाद शनिवार को मेटे-मारिट ने एपस्टीन से अपने संबंधों को लेकर माफी मांगी। फाइलों में कई ईमेल दिखाते हैं कि दोनों काफी करीबी थे। एक ईमेल के जरिए पता चला कि जब मेटे-मारिट बीमार थीं, तब एपस्टीन ने उनके लिए फूल भेजे थे। मेटे-मारिट ने फूलों के लिए शुक्रिया अदा किया और 'लव, डड (मेटे-मारिट)' के नाम से साइन किया। ईमेल में कई जगह मिलने की योजना का जिक्र था। दस्तावेजों से पता चलता है कि मेट-मारिट ने 2011 से 2013 के बीच ओस्लो, न्यूयार्क और कैरिबियन में एपस्टीन से तीन बार मुलाकात की और 2013 में फ्लोरिडा में उनके घर पर चार दिन रुकीं थीं। हालांकि, तब एपस्टीन वहां नहीं था। ये बातें एपस्टीन के 2008 में नाबालिग से वेश्यावृत्ति के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद की हैं। 2011 के एक ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन को बताया कि उन्होंने एपस्टीन पर चल रहे मुकदमे को गूगल किया और कहा कि यह अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन उन्होंने संपर्क जारी रखा।

## इटली के पूर्व पीएम बोलेः ग्लोबल ऑर्डर मर चुका

**ब्रसेल्स।** इटली के पूर्व पीएम मारियो द्रागी ने दावा किया है कि ग्लोबल आर्डर मर चुका है। उन्होंने यह बयान बेल्जियम की ल्यूवेन यूनिवर्सिटी में सोमवार को आयोजित एक समारोह में दिया। द्रागी ने कहा कि जो लोग ये चेतावनी दे रहे हैं कि मौजूदा ग्लोबल इकोनामिक आर्डर टूट रहा है, वे सही हैं।

द्रागी यह भी कहा कि असली खतरा इसके टूटने से नहीं है, बल्कि इस बात से है कि इसकी जगह क्या लेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को एक ऐसे अमेरिका का सामना करना पड़ रहा है जो ये कहता है कि उसने बहुत ज्यादा कीमत चुकाई है, लेकिन ये नहीं देखता कि उसे कितने फायदे मिले हैं। वहीं चीन पर आरोप लगाया कि वो ग्लोबल सप्लाई चेन के

■ अमेरिका फायदे नजरअंदाज कर अपने खर्च गिनाता है और चीन सस्ता माल डंप करता है

अहम हिस्सों को अपने कंट्रोल में रखता है। इस ताकत का इस्तेमाल बाजारों में सस्ता माल डंप करने, जरूरी चीजों की सप्लाई रोकने और अपनी आर्थिक गड़बड़ियों का बोझ दूसरों पर डालने के लिए करता है। मारियो द्रागी ने कहा कि दुनिया में अपनी ताकत बढ़ानी है, तो यूरोपीय यूनियन के देशों को एकजुट होने से डरना नहीं चाहिए। द्रागी ने चेतावनी दी कि ऐसे हालात में यूरोप को खतरा है कि वह कमजोर पड़ सकता है, अंदर से बंट सकता है और उसकी इंडस्ट्री सिस्टम भी कमजोर हो सकती है।

# रूस ने यूक्रेन पर 70 मिसाइलों, 450 ड्रोन से बरपाया कहर

## हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर एक बहुत बड़ा हमला किया है। इस दौरान रूस ने लगभग 450 लंबी दूरी के ड्रोन और 70 अलग-अलग तरह की मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं।

अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली इस बातचीत का मकसद चार साल से चल रहे युद्ध को रोकना है। जेलेंस्की के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पांच राज्यों में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया। कड़ाके की ठंड के बीच रूस का मकसद नागरिकों को



■ अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली इस बातचीत का मकसद चार साल से चल रहे युद्ध को रोकना है

बिजली, पानी और हीटिंग से महरूम रखना है। इस हमले में दस लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस कूटनीति के बजाय लोगों को डराने में ज्यादा यकीन रखता है। उन्होंने अपने सहयोगियों से और ज्यादा सुरक्षा उपकरण भेजने और रूस पर दबाव बनाने की अपील की है, ताकि इस युद्ध को खत्म किया जा सके। अबू धाबी में बुधवार और गुरुवार को बातचीत होनी है। हालांकि ट्रम्प प्रशासन जमीन के कब्जे जैसे बड़े मुद्दों को सुलझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन फिलहाल कोई बड़ा समझौता मुश्किल लग रहा है। यूक्रेन की सबसे बड़ी बिजली कंपनी डीटीईके ने बताया कि हमले में उनके पावर प्लांट को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने कहा कि राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, राजधानी कीव में पांच लोग घायल हुए हैं। वहां कई घरों, एक स्कूल और गैस स्टेशन को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि हमले की वजह से 1,170 इमारतों में हीटिंग की सुविधा बंद हो गई है। फिलहाल मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। कुछ अपार्टमेंट और बिल्डिंग को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर बिजली बहाल कर दी गई थी। रूस ने खारकीव और ओडिसा जैसे इलाकों को भी निशाना बनाया है, जहां लोगों के घायल होने की खबर है। यूक्रेन की संस्कृति मंत्री टेटियाना बेरेजना ने बताया कि कीव में एक ऐतिहासिक संग्रहालय को भी नुकसान पहुंचा है।

## वन्यजीव संरक्षण के लिए चीन ने तैयार की नई आद्रभूमि संरक्षण व्यवस्था

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग ने अपने तालाब और दलदल स्थलों की सुरक्षा के लिए एक बहु-स्तरित संरक्षण व्यवस्था तैयार की है, जिससे उसकी वन्यजीव आबादी को प्रमुख आवास मिलेगा। बीजिंग नगर पालिका वानिकी और उद्यान ब्यूरो ने सोमवार को बताया कि यह नई व्यवस्था उसके 83.15 प्रतिशत तालाबों और दलदलों को संरक्षित करती है। ब्यूरो के अनुसार, यह नई व्यवस्था वन्यजीव विविधता संरक्षण और दूसरे इकोलॉजिकल प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए बीजिंग के प्राकृतिक रिजर्व, आद्रभूमि पार्क और दूसरे छोटे संरक्षित आद्रभूमि इलाकों का इस्तेमाल करता है। पिछले पांच वर्षों में बीजिंग ने आद्रभूमि संरक्षण को बेहतर बनाने का काम जारी रखा गया है।




